वर्ष 69 ▸ अंक 206 ▸ पृष्ठ 12+8 = 20
भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल, 2026
वैशाख शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> जिस व्यक्ति के पास कल्पना नहीं होती, उसके पास पंख भी नहीं होते।
> –मुहम्मद अली

# आप में बगावत

## 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी, राघव समेत तीन भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़/ नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका देते हुए उसके वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्डा ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ राज्यसभा सांसद संदीप पाठक और अशोक कुमार मित्तल भी भाजपा में शामिल हुए। पार्टी के अनुसार, आप के 10 में से 7 राज्यसभा सांसद भाजपा में जाने का फैसला कर चुके हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सभी को पार्टी मुख्यालय में सदस्यता दिलाई।

गौरतलब है कि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन अशोक मित्तल के जालंधर स्थित आवास पर गत 15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की थी। इसके ठीक 10 दिन बाद उनका भाजपा में शामिल होना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि स्वाती मालीवाल लंबे समय से असंतुष्ट चल रही थीं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राघव चड्डा ने कहा कि उनके साथ हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता भी इस फैसले के पक्ष में हैं। हालांकि, इनमें से कुछ सांसद अभी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। स्वाति मालीवाल ने कहा कि वह फिलहाल ईटानगर में हैं और दिल्ली लौटकर अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगी। चड्डा ने कहा कि यह फैसला पार्टी के दो-तिहाई सांसदों द्वारा लिया गया है, इसलिए दलबदल कानून लागू नहीं होगा। राघव चड्डा ने दावा किया कि उनके साथ आप के दो-तिहाई राज्यसभा सांसद भी भाजपा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम संविधान के प्रावधानों के तहत उठाया जा रहा है, जिससे दलबदल कानून लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत निर्णय नहीं है। चड्डा ने पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस आप को उन्होंने 'खून-पसीने से सींचा' और जवानी के 15 साल दिए, वह अब मूल सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से भटक गई है। आप के इस बड़े विभाजन का असर पंजाब की राजनीति पर भी पड़ सकता है।

> "पिछले कुछ वर्षों से मुझे लग रहा था कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं। अब हमने संविधान के प्रावधानों के तहत भाजपा में विलय का निर्णय लिया है।"



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मंच पर राघव चड्डा के साथ संदीप पाठक और अशोक कुमार मित्तल।

### राघव ने 2 साल पहले दिए थे अलगाव के संकेत

- 21 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव से पहले जब शराब घोटाले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। तब राघव ने न कुछ बोला, न सोशल मीडिया पर कुछ लिखा।
- फरवरी-2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आए, तो आप को करारी हार मिली। तब भी राघव चुप्पी साधे रहे। आप के किसी कार्यक्रम में नहीं दिखे।
- 2025 की शुरुआत में ही राघव के सोशल मीडिया अकाउंट से आप का बैनर और चुनाव निशान हटने लगे। चर्चा होने लगी कि राघव पार्टी के बजाय पर्सनल ब्रांडिंग पर फोकस कर रहे हैं।
- 27 फरवरी 2026 को केजरीवाल, सिसोदिया सहित बाकी आरोपी शराब घोटाले से बरी हुए। आप ने जश्न मनाया, लेकिन राघव नदारद रहे।
- अमेरिका-ईरान जंग छिड़ने के बाद राघव चड्डा ने पार्टीलाइन पर संसद में बोलने से इनकार कर दिया। मतविभाजन में पार्टी व्हिप के तहत आप सांसदों ने वॉकआउट किया, तब राघव सदन में ही मौजूद रहे।

### आप का भाजपा पर हमला

#### पंजाब की जनता इन गद्दारों को कभी नहीं भूलेगी: संजय सिंह



इस घटनाक्रम को आप सांसद संजय सिंह ने भाजपा के 'ऑपरेशन लोटस' का हिस्सा बताया। संजय सिंह ने कहा कि पंजाब में आप सरकार के कामों को रोकने के लिए भाजपा सुनियोजित तरीके से राजनीतिक दखल दे रही है। उन्होंने कहा, आप के 7 राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पंजाब की जनता को इन नामों को याद रखना चाहिए। पंजाब की जनता इन गद्दारों को कभी नहीं भूलेगी।

#### केजरीवाल बोले- भाजपा ने फिर पंजाबियों के साथ धोखा किया



आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संक्षिप्त प्रतिक्रिया में लिखा, 'भाजपा ने फिर से पंजाबियों के साथ धोखा किया।'

- दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस फैसले को 'गद्दारी' बताया। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता कठिन परिस्थितियों में पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उसी समय कुछ नेताओं ने निजी कारणों से पार्टी और पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात किया है।

# नाबालिग को 7 माह का गर्भ गिराने की अनुमति

## इच्छा सर्वोपरि: सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को 7 महीने से अधिक की गर्भावस्था में मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की अनुमति दे दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने स्पष्ट कहा कि यह मामला महिला की इच्छा से जुड़ा है और उसे बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस अवस्था में गर्भपात मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि डिलीवरी के बाद बच्चे को गोद दिलाया जा सकता है। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि आर्थिक मदद या गोद लेने का विकल्प किसी महिला को जबरन गर्भ जारी रखने के लिए मजबूर करने का आधार नहीं बन सकता।

याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि गर्भावस्था के कारण नाबालिग गंभीर मानसिक तनाव में है, उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और वह आत्महत्या की कोशिश भी कर चुकी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि किसी महिला विशेषकर नाबालिग को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ पूरा करने के लिए मजबूर करना उसके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है।



**कोर्ट का आदेश**

यह सवाल जन्म लेने वाले बच्चे का नहीं, बल्कि लड़की की इच्छा का है। अगर वह गर्भ जारी नहीं रखना चाहती, तो उसे बाध्य नहीं किया जा सकता, भले ही बच्चे को गोद देने का विकल्प मौजूद हो।

### अब पॉक्सो कोर्ट सीधे दे सकेंगे गर्भपात की अनुमति

**जागरण, इंदौर।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने रतलाम की एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की अनुमति देते हुए निचली अदालतों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। कोर्ट ने कहा कि पीड़िताओं को राहत पाने हाईकोर्ट तक न आना पड़े। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने दुष्कर्म के कारण गर्भवती हुई नाबालिग लड़की को गर्भपात की अनुमति प्रदान कर दी है। अदालत ने निर्णय के दौरान इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि पीड़िता और उसके परिवार को निचली अदालत से राहत नहीं मिल सकी, जिसके कारण उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। न्यायमूर्ति ने निचली अदालतों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे मामलों में विशेष पॉक्सो कोर्ट स्वयं कानून और मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए अनुमति दे सकते हैं।

## ऑफ बीट

### 1.5 करोड़ की मर्सडीज शव के साथ दफनाई



*चीन के लियाओनिंग प्रांत में एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के दौरान उसके साथ करीब 1.5 करोड़ रुपये की लग्जरी कार भी दफना दी गई। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन की नजर में आई, जिसके बाद इसे गैरकानूनी बताते हुए कार्रवाई की गई। 70 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु के बाद परिवार ने उसकी अंतिम इच्छा का हवाला देते हुए उसकी पसंदीदा मर्सडीज-बेंज एस450एल कार को भी कब्र में उतार दिया। परिजनों का कहना है कि मृतक को महंगी कारों का बेहद शौक था, इसलिए उसकी याद में यह कदम उठाया गया। मामला सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन ने इसे अवैध करार दिया। अधिकारियों ने परिवार को फटकार लगाई और सार्वजनिक माफी मांगने को कहा। साथ ही कार कब्र से बाहर निकालने के निर्देश दिया।*

## ईरानी विदेश मंत्री इस्लामाबाद में, अमेरिकी वार्ताकार भी रवाना

# ट्रंप के पास ईरान जंग जारी रखने के लिए महज 7 दिन

**वॉशिंगटन डीसी/ इस्लामाबाद, जेएनएन।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस्लामाबाद के दौरे पर रवाना हो गए हैं। वे वहां पहुंचकर पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत करेंगे। यह बैठक अमेरिका और ईरान के बीच संभावित वार्ता की तैयारी के तौर पर देखी जा रही है। वहीं, अमेरिका से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर भी पाकिस्तान के लिए रवाना हो गए हैं।

इस बीच ट्रंप के सामने बड़ा संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है। अमेरिकी कानून के मुताबिक किसी भी सैन्य कार्रवाई को 60 दिनों के भीतर संसद (कांग्रेस) की मंजूरी लेना जरूरी होता है। ऐसे में ट्रंप के पास अब सिर्फ 7 दिन बचे हैं और उन्हें 1 मई से पहले संसद की अनुमति हासिल करनी होगी। ट्रंप प्रशासन संसद का सामना करने से बचना चाहता है। अमेरिकी सीनेट में 100 सदस्यों में से 53 सांसद ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के हैं, जबकि विपक्षी डेमोक्रेटिक 47 सदस्य हैं। हालांकि, ट्रंप की पार्टी के करीब 10 सांसद भी ईरान युद्ध का विरोध कर रहे हैं।

इससे पहले अराघची ने दोपहर में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से अलग-अलग बातचीत की।

### होर्मुज पर आर-पार के मूड में ट्रंप

*ट्रंप ने होर्मुज को लेकर आक्रामक रुख अपना लिया है। ट्रंप प्रशासन ने पिछले 24 घंटे में चार बड़े फैसले लेकर ईरान पर सैन्य और आर्थिक दबाव बढ़ाने की स्पष्ट रणनीति दिखाई है।*



- ट्रंप ने नौसेना को निर्देश दिया है कि होर्मुज में बारूदी सुरंगों को तेजी से साफ किया जाए। ईरान ने समुद्री रास्ते को बाधित करने के लिए माइंस बिछाई थीं।
- दूसरी तरफ उन्होंने अमेरिकी सेना को आदेश दिया है कि यदि कोई ईरानी नाव माइंस बिछाने की कोशिश करती दिखे, तो उसे तुरंत निशाना बनाकर नष्ट कर दिया जाए।
- अमेरिका पहले से ही ईरानी बंदरगाहों के आसपास नौसैनिक नाकेबंदी लागू किए हुए है। अब ट्रंप ने इसे और मजबूत करने का आदेश दिया है।
- चौथा और सबसे अहम कदम ईरान के तेल उत्पादन को रोकने की तैयारी है। अमेरिका की रणनीति है कि ईरान की आय के सबसे बड़े स्रोत तेल को निशाना बनाकर उसे आर्थिक रूप से कमजोर किया जाए, ताकि वह बातचीत की मेज पर झुके।

#### इजरायल-लेबनान सीजफायर 3 हफ्ते बढ़ा

ट्रंप की मध्यस्थता से इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम को तीन हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया है। व्हाइट हाउस में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की गई, जिसे क्षेत्र में शांति की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### हम जनता के लिए कुर्बानी देते हैं: ईरान पुलिस प्रमुख

*ईरान में बढ़ते आंतरिक तनाव के बीच पुलिस प्रमुख ने सुरक्षा बलों की भूमिका को लेकर सख्त और भावनात्मक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस 'लोगों के लिए कुर्बानी देती है, उनके पीछे नहीं छिपती।' पुलिस प्रमुख ने कहा कि सुरक्षा बलों का काम सिर्फ कानून लागू करना नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है–चाहे इसके लिए जान की बाजी क्यों न लगानी पड़े।*

# सप्ताह में छह दिन होगी गेहूं की खरीदी

## मुख्यमंत्री का संबोधन, कहा- किसानों की समृद्धि प्रदेश की ताकत, सरकार हमेशा साथ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में सरकार द्वारा लगातार काम किया जा रहा है। किसानों की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की असली ताकत है। प्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अब सप्ताह में 6 दिन गेहूं की खरीदी की जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ यादव शुक्रवार को प्रदेशवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 'सच्चा वादा और पक्का काम' इसी संकल्प के साथ सरकार पिछले दो वर्षों से काम कर रही है। सीएम ने अपने संदेश में कहा कि राज्य में अब प्रति सप्ताह 6 दिन गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। मंडियों या उपार्जन केन्द्रों में अब शनिवार को छुट्टी नहीं होगी और बिना रोके किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान अब अपने गेहूं का उपार्जन करने के लिए 9 मई तक स्लॉट बुक करा सकते है। उन्होंने कहा कि हमने किसानों के हितों को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भूअर्जन का मुआवजा बाजार की दर से 4 गुना देना तय किया है।

उन्होंने कहा कि हमने किसानों से जो वायदे किए, उसे पूरा करके भी दिखाया है। जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी हमारे किसान समृद्ध होंगे। किसानों की मेहनत, पसीना और उनका खुशहाल भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि वे अपने आपको भाग्यशाली मानते है कि उन्हें मध्यप्रदेश की सेवा करने का अवसर मिला है और उसी सेवा भाव से उनके द्वारा अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जा रहा है।

### मिल्क कैपिटल बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे है। हमने जहां दूध का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम किया है, तो इस क्षेत्र में लगातार नवाचार कर रहे है। पिछले दो वर्षों में राज्य में 1752 नई दुग्ध समितियों का गठन किया गया है। हमने तय किया है कि हर दिन 10 लाख किलोग्राम से अधिक दूध का संकलन प्रदेश में किया जाए। पशुपालकों को अपने अब दूध का दाम प्रतिलीटर 8 से 10 रुपए बढ़कर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने के लक्ष्य की दिशा में ठोस कदम हैं। उन्होंने कहा कि इस साल युद्ध की स्थिति के बावजूद प्रदेश में यूरिया की उपलब्धता 5.90 लाख मीट्रिक टन है, जो पिछले साल से अधिक है। इसी तरह अन्य उर्वरक के भी पर्याप्त भंडारन किए गए हैं।

## हाईकोर्ट ने खारिज की पवन खेड़ा की याचिका

**गुवाहाटी, जेएनएन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा को पासपोर्ट विवाद मामले में बड़ा झटका लगा है। गौहाटी उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर से संबंधित थी।

न्यायमूर्ति पार्थिवज्योति सैकिया की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 21 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे शुक्रवार को सुनाया गया। अदालत ने फिलहाल खेड़ा को गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दिया। विस्तृत आदेश का इंतजार है। सुनवाई के दौरान खेड़ा की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि यह मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित है।

# टैरिफ झेला, रूस से तेल बंद किया खरीदना, और क्या करें: राम माधव

**वॉशिंगटन/ नई दिल्ली, जेएनएन।** भाजपा और आरएसएस के वरिष्ठ नेता राम माधव के एक बयान को लेकर सियासी विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिका में दिए गए उनके बयान में भारत की तेल आयात नीति को लेकर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला। इसके बाद राम माधव को अपनी बात पर सफाई देते हुए माफी मांगनी पड़ी। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान राम माधव ने कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ तालमेल बैठाते हुए ईरान और रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने टैरिफ जैसे मुद्दों पर भी लचीलापन दिखाया, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका ने भारत के प्रयासों को पर्याप्त मान्यता नहीं दी।

### तथ्यों पर घिरे तो मांगी माफी



विवाद बढ़ने के बाद राम माधव ने अपनी टिप्पणी को 'तथ्यात्मक रूप से गलत' बताते हुए माफी मांग ली। उन्होंने कहा, 'मैं जो कहना चाहता था, वह सीमित संदर्भ में था, लेकिन तथ्यात्मक रूप से मेरी बात गलत थी। इसके लिए मैं माफी मांगता हूं।'

### कांग्रेस का हमला: राष्ट्रीय हित से समझौता

राम माधव के इस बयान को कांग्रेस ने तुरंत मुद्दा बना लिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि इससे साफ होता है कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर इसे 'सरेंडर पॉलिसी' बताते हुए सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना है कि यह बयान दर्शाता है कि सरकार ने अमेरिका को खुश करने के लिए रणनीतिक फैसलों में लचीलापन दिखाया, जो देश के हित में नहीं था।

## आईपीएल में आज

**दिल्ली बनाम पंजाब**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से

**हैदराबाद बनाम राजस्थान**
समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

**परिणाम: बेंगलुरु ने गुजरात को 5 विकेट से हराया।**

## महाराष्ट्र: मराठी अनिवार्य करने पर बड़ा विवाद

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र सरकार के ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा अनिवार्य करने के फैसले पर सियासी विवाद गहराता जा रहा है। दरअसल, सरकार ने 1 मई से यह नियम लागू करने का फैसला किया है, जिसके तहत ऑटो और टैक्सी चालकों को मराठी भाषा जानना अनिवार्य होगा। नियम का पालन न करने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए जाने की बात भी कही गई है। इस मुद्दे को लेकर संजय निरुपम और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प हुई। निरुपम ने राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को पत्र लिखकर इसे वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वे मराठी भाषा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे जबरन लागू करना उचित नहीं है।

**शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आमने-सामने**

## फुटबॉल वर्ल्ड कप

### फाइनल टिकटों के दाम आसमान पर, 19 जुलाई को न्यू जर्सी में होगा मैच

# 18.82 करोड़ से ज्यादा में बिक रही एक सीट

**न्यूयॉर्क/लंदन, जेएनएन।** फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है, जहां फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल मैच के टिकटों की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, न्यू जर्सी के मैटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मुकाबले के कुछ टिकट 20 लाख डॉलर (करीब 18.82 करोड़ रुपये) प्रति टिकट से भी ज्यादा कीमत पर रीसेल हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि चार टिकटों का एक सेट, जो गोलपोस्ट के पीछे लोअर डेक में स्थित है, लगभग 2,299,998.85 डॉलर प्रति टिकट में बिक्री के लिए उपलब्ध है। यानी चार लोगों के लिए कुल कीमत 90 लाख डॉलर (करीब 75 करोड़ रुपये) से अधिक बैठती है। यह कीमत खेल इतिहास की सबसे महंगी टिकटों में गिनी जा रही है।

### सामान्य टिकट भी बेहद महंगे

सिर्फ प्रीमियम सीट ही नहीं, बल्कि सामान्य टिकटों की कीमतें भी आम दर्शकों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फाइनल के सबसे सस्ते रीसेल टिकट की कीमत भी करीब 11,000 डॉलर (लगभग 9 लाख रुपये) तक पहुंच गई है। वहीं व्हीलचेयर एक्सेसिबल सीटों की कीमत लगभग 15,000 डॉलर तक बताई जा रही है। इससे फुटबॉल प्रेमियों में गुस्सा है।




गौरतलब है कि इससे कुछ दिन पहले फीफा ने अपने आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर फाइनल के टिकट करीब 10,990 डॉलर में जारी किए थे। इसके बावजूद रीसेल मार्केट में कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं।

हालांकि, फीफा का कहना है कि उसने अलग-अलग श्रेणियों में टिकट उपलब्ध कराए हैं, जिनमें कुछ टिकट 60 डॉलर तक की कीमत में भी जारी किए गए थे, ताकि आम दर्शकों को भी मौका मिल सके।

फिलहाल, वर्ल्ड कप फाइनल के टिकटों की यह 'आसमान छूती' कीमतें खेल प्रेमियों के लिए चिंता का विषय बन गई हैं और सोशल मीडिया पर भी इसको लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

### 'सबसे सस्ते वर्ल्डकप' का दावा पड़ा फीका


दिलचस्प बात यह है कि इस विश्व कप को पहले 'सबसे किफायती' टूर्नामेंट बताया गया था। लेकिन टिकट और यात्रा खर्च में भारी बढ़ोतरी ने इस दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### रीसेल मार्केट में मनमानी कीमतें

ये टिकट फीफा मार्केटप्लेस पर बेचे जा रहे हैं। यहां टिकट धारक मर्जी से कीमत तय करते हैं। फीफा इस प्लेटफॉर्म पर खरीदार और विक्रेता दोनों से 15 फीसदी शुल्क लेता है। फीफा का कहना है कि यह प्लेटफॉर्म सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से टिकट ट्रांसफर की सुविधा देता है। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि कीमतें बाजार की मांग के अनुसार तय होती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में सज्जन की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 1984 के सिख विरोधी दंगों के दोषी कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने फिलहाल राहत देने से इनकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई जुलाई के लिए निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान सज्जन कुमार की ओर से दलील दी गई कि वह पिछले 7 साल 4 महीने से जेल में हैं। वकीलों ने यह भी कहा कि उनकी पत्नी गंभीर बीमार हैं और चल-फिर नहीं सकतीं, ऐसे में मानवीय आधार पर उन्हें जमानत दी जानी चाहिए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया और जमानत देने से इनकार कर दिया। यह मामला 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़ा है।



**बीमार पत्नी से नहीं मिल सकेंगे**

## संक्षिप्त खबरें

### आयकर कर्मचारियों ने की जमकर नारेबाजी



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आंदोलन तेज कर दिया है । संयुक्त कार्यवाही परिषद के बैनर तले आयकर कर्मचारी महासंघ और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के सदस्यों ने शुक्रवार को भोपाल के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय में वरिष्ठ अफसरों के केबिन के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्कल के संयुक्त संयोजक महेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कर्मचारी विभाग में लंबित कैडर रिस्ट्रक्चरिंग को फिक्स करने, सीनियरिटी लिस्ट का प्रकाशन, भर्ती नियमों में बदलाव, पुराने लेपटॉप के बजाय नए लैपटॉप और अंतर-प्रभार स्थानांतरण पॉलिसी की बहाली की मांग पर अड़े हैं। इन मांगो को लेकर कर्मचारी और अधिकारी आगामी 13 मई को देशव्यापी हड़ताल भी करेंगे।

### सुपरवाइजर ने नियुक्ति के बदले ली रिश्वत, गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने शुक्रवार को खंडवा जिले के खालवा सेक्टर में तैनात



महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर संतोष कोचले को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता किरन वाड़िबा ग्राम पलासपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि नियुक्ति के एवज में सुपरवाइजर संतोष कोचले 50 हजार रुपये की डिमांड कर रही हैं। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने पहली किस्त के रूप में 4,000 रुपये की रकम ग्राम पंचायत रोशनी के दफ्तर में सुपरवाइजर को थमाई, वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त की टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने मौके से रिश्वत की राशि बरामद कर ली है और आरोपी सुपरवाइजर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### निहारिका और हिमांशी को मिलेगा लोक संपर्क सम्मान

**जागरण, भोपाल।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टार द्वारा 26 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर जनसंपर्क विभाग के उप संचालक सुनील वर्मा, सहायक संचालक निहारिका मीना, सहायक संचालक हिमांशी बजाज, वरिष्ठ आंचलिक पत्रकार मुन्नार लाल मिश्रा एवं चौधरी चरन सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की रिसर्च एसोसिएट डॉ. बीनम यादव को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मासन सीएमई हॉल (जेके हॉस्पिटल), एलएनसीटी यूनिवर्सिटी परिसर में सुबह 10:30 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टार के अध्यकक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जनसंपर्क लोकतंत्र का पांचवां स्तंषभ विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश के पत्रकारिता मीडिया, टीवी मीडिया और कॉर्पोरेट मीडिया में कार्यरत महिला पत्रकारों, टीवी एंकरों को अचला और उदिता सम्मीन से सम्मायनित किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठक पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर, प्रख्यीत साहित्यऔकार डॉ. उर्मिला शिरीष एवं कुलगुरु (वाइस चांसलर) एलएनसीटी यूनिवर्सिटी डॉ. नरेंद्र कुमार थापक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### अधिकारी पेयजल समस्या का तत्काल करें निदान: उइके

**विसं भोपाल ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलती है,तो अधिकारियों को दोषी माना जाएगा। मंत्री उइके ने बताया कि उन्हें नर्मदापुरम के सिवनी मालवा के ग्राम सिरूपुरा में पेयजल समस्या की जानकारी मिली थी,जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद विभागीय अमले ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक सुधार कार्य प्रारंभ किया गया। वहां के नलकूप में आवश्यक पाइप बढ़ाकर नलजल योजना को भी पुनः क्रियाशील किया गया और बंद पेड़ हैण्डपम्पों का सुधार कराया गया। । त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब ग्राम में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो गई है और ग्रामीणों को राहत मिली है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में सभी बंद पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य पूर्ण कर उन्हें पुनः चालू कराया जाए। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि पेयजल व्यवस्था निरंतर सुचारू बनी रहे।

# संसद में गिरे बिल पर पहली बार विधानसभा में होगी चर्चा

**विधानसभा का विशेष सत्र 27 को: नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण पर होगी चर्चा, दोनों पक्ष तैयारी में जुटे**

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मध्यप्रदेश की विधानसभा में सोमवार 27 अप्रैल को पहली बार ऐसा मौका आएगा, जब संसद में पास नहीं हो सके किसी बिल को लेकर सदन में चर्चा कराई जाएगी। सत्र में सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा करेगी, तो विपक्षी दल कांग्रेस वर्ष 2023 में पारित बिल के आधार पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संकल्प पत्र ला सकती है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा संसद में लाए गए महिला आरक्षण से जुड़े 131वें संविधान संशोधन बिल पारित नहीं हो सका। इसके बाद से मप्र सहित पूरे देश में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। भाजपा शासित राज्यों में विधानसभा में विशेष सत्र के जरिए बिल को लेकर चर्चा कराई जा रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में 27 अप्रैल को विधानसभा का एक दिवसीय सत्र बुलाया गया है। जानकारों की मानें तो सत्र के दौरान कांग्रेस लोकसभा की वर्तमान संख्या बल 543 के आधार पर बिना परिसीमन आरक्षण देने का संकल्प प्रस्तुत करने की तैयारी में है। हालांकि इसके लिए पार्टी को विधानसभा अध्यक्ष या प्रमुख सचिव को सूचना देनी होगी। यदि सहमति मिलती है,तभी कांग्रेस सदन में संकल्प प्रस्तुत कर पाएगी।



### आ सकता है निंदा प्रस्ताव

विशेष सत्र में सदन में प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को लेकर किए जा रहे प्रयासों और कार्यो पर चर्चा की जाएगी। जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाएगा। चर्चा के अंत में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में कांग्रेस द्वारा मत देने का विरोध करते हुए निंदा प्रस्ताव लाया जा सकता है।

### महिला नेत्रियों को मिला है टास्क

जानकारों की मानें तो सरकार पर बैठी भाजपा ने अपनी महिला विधायकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम और राज्य में महिला सशक्तीकरण को लेकर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में अध्ययन करने को कहा गया है। पार्टी अपनी महिला विधायकों को आगे रखकर इस अधिनियम को लेकर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जाएगा। इसमें वरिष्ठ विधायक अर्चना चिटनिस,रीती पाठक, सहित दूसरी वरिष्ठ विधायकों द्वारा अधिनियम के पक्ष में बात रखी जाएगी,तो कांग्रेस भी अपनी महिला विधायकों के जरिए सदन में अपनी बात रखने का प्रयास करेगी। इसके लिए पार्टी ने अपनी सभी महिला विधायकों को हर हाल में सदन में मौजूद रहने को कहा हैं।

### महिला मंत्री भी बताएंगी कार्यों को

सदन में चर्चा के दौरान सरकार की महिला मंत्रियों द्वारा अपने विभागों द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर किए जा रहे कार्यो और योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। विशेष तौर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया द्वारा लाड़ली बहना योजना के अलावा महिला कल्याण से जुड़ी दूसरी योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट सदन में पेश करेंगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह त्रिस्तरीय पंचायती राज में महिलाओं को मिले प्रतिनिधित्व के बारे में जानकारी देंगी, तो नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी निकायों में महिलाओं की मौजूदा भागीदारी पर सदन में वक्तव्य दे सकती हैं।

### कांग्रेस तो महिला विरोधी सोच ही दिखाएगी: अर्चना चिटनिस

वरिष्ठ विधायक अर्चना चिटनिस का कहना है कि कांग्रेस महिलाओं को आरक्षण दिलाना ही चाहती। वह केवल महिला हितैषी होने का स्वांग रचती है। इसलिए वह जानबूझकर सदन में ऐसा कृत्य करती



है,जिससे महिला आरक्षण लटका रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा और केन्द्र सरकार चाहती है,कि संशोधन बिल जनगणना और परिसीमन के साथ जल्द पारित हो जाए,जिससे महिलाओं के वर्ष 2029 से ही आरक्षण मिल सके। परिसीमन होगा तभी तो सीटें बढ़ेंगी और आरक्षण का लाभ महिलाओं को मिल सकेगा। चिटनिस ने कहा कि कांग्रेस अगर संकल्प पत्र लाती है, तो उसका कोई आधार नहीं है,क्योंकि यह बिल तो पहले ही पारित हो चुका है। यदि संसद के वर्तमान संख्या बल पर आरक्षण दिया जाता है तो नारी शक्ति को आरक्षण का लाभ मिलने में पांच साल इंतजार करना पड़ेगा। कांग्रेस की मूल सोच भी महिला आरक्षण टालना है, संकल्प पत्र की तैयारी भी इसी उद्देश्य से है।

# सेवादल का सत्याग्रह खत्म कांग्रेस ने सरकार को घेरा



**विशेष संवाददाता भोपाल।** प्रदेश में गेहूं खरीदी में बदहाली और किसानों की ब्याज मुक्ति को लेकर कांग्रेस सेवादल का सत्याग्रह 25 घंटे बाद शुक्रवार को समाप्त हो गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सत्याग्रह पर बैठे कार्यकर्ताओं को जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सेवादल ने गुरूवार को अपनी मांगों को लेकर भोपाल में सत्याग्रह प्रारम्भ किया था। जिसमें सेवादल के कई कार्यकर्ता उपवास पर बैठे थे। 25 घंटे के बाद कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने अनशन स्थल पहुंचकर उपवास कर रहे सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष अवनीश भार्गव व दूसरे कार्यकर्ताओं का जूस पिलाकर उपवास खत्म कराया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा कि गेहूं खरीदी में राज्य सरकार द्वारा देरी की गई हैं, ताकि किसान मजबूरी में अपना अनाज कम दाम पर व्यापारियों को बेंच दें। यह स्थिति पूरी तरह से किसानों के हितों के विपरीत है और उनके साथ सरकार द्वारा अन्याय किया जा रहा है। इसकी वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की पहचान अब विकास नहीं बल्कि भ्रष्ट्राचार के कैंसर से होने लगी है।

# राज्यमंत्री बागरी के जाति प्रमाण पत्र पर 30 जून तक फैसला लेगी उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति

**हाईकोर्ट ने दिया 60 दिन तक टाइम, सरकारी वकील ने नियमानुसार जांच कर फैसला लेने का दिया आश्वासन**

**जागरण, भोपाल।** पहली बार की विधायक और प्रदेश नगरीय विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण पत्र एक बार फिर मुश्किल में आ गया है। हाईकोर्ट ने उनका जाति प्रमाण पत्र सीधे हाईलेवल कास्ट स्क्रूटनी कमेटी के पास भेज दिया है। साथ ही इसकी सघन छानबीन कर 30 जून 2026 तक फैसला लेने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया है कि हाई लेवल कमेटी यदि 60 दिन में कोई फैसला नहीं लेती है तो पुरानी याचिका दोबारा जीवित की जा सकेगी। सरकारी वकील ने भी अदालत को आश्वस्त किया है कि अब नियमानुसार छानबीन जांचकर फैसला लिया जाएगा। इसकी सूचना याचिकाकर्ता को भी भेजी जाएगी। राज्यमंत्री बागरी के जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान गाइड लाइन देते हुए कहाकि याचिकाकर्ता द्वारा 31 मार्च 2025 को दिए गए आवेदन के आधार पर हाईलेवल कास्ट स्क्रूटनी कमेटी सुनवाई करेगी। इसमें प्रतिवादी पक्ष को भी सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा।





निर्धारित प्रक्रिया के तहत सघन जांच कर कमेटी यह तय करेगी कि राज्यमंत्री बागरी का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र वैध है या नहीं। जांच पूर्ण होने के बाद कमेटी विधिवत आदेश भी जारी करेगी।

**भेजना होगी आदेश की प्रति:** इस मामले में प्रक्रिया का निर्धारण करते हुए जहां अदालत ने प्रतिवादियों को भी सुनवाई का पूरा मौका देने की बात की। वहीं दोनों पक्षों को निर्देशित किया कि वे 30 जून 2026 तक हाईलेवल कास्ट स्क्रूटनी कमेटी का आदेश स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजें, ताकि समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि 30 जून 2026 तक कमेटी कोई निर्णय नहीं लेती है तो याचिकाकर्ता इस याचिका को पुनर्जीवित कराने के लिए स्वतंत्र होंगे।

### अहिरवार ने दी थी चुनौती

विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस के नेता प्रदीप अहिरवार ने मंत्री बागरी के जाति प्रमाण पत्र को अवैध बताते हुए अदालत में चुनौती दी थी। अहिरवार का आरोप है कि बागरी ने गलत तरीके से अनुसूचित जाति (एससी) का प्रमाण पत्र बनवाकर आरक्षण का लाभ लिया है। उन्होंने इसी प्रमाण पत्र के आधार पर सतना जिले की रैगांव विधानसभा सीट से चुनाव जीता। जबकि संबंधित क्षेत्र में बागरी जाति अनुसूचित जाति की सूची में शामिल ही नहीं है। मंत्री बागरी वास्तव में राजपूत/ठाकुर समुदाय से संबंध रखती हैं। याचिका में 1961 और 1971 की जातिगत जनगणना, 2003 की राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति के फैसले और 2007 के केंद्र सरकार के राजपत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि 'बागरी' को एससी श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है। वे पहले भी इस मामले में याचिका दायर कर चुके हैं। मगर बाद में उन्होंने खुद ही अपनी याचिका वापस ले ली थी। नए दस्तावेजों और तथ्यों के साथ दोबारा याचिका दायर की गई है। अहिरवार ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान अदालत के आदेश की विस्तृत जानकारी दी।

# डेयरी विकास योजना में 26 हजार गांव जुड़ें रोज 52 लाख लीटर दूध का हो संग्रहण

**सीएम ने स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन समिति की ली बैठक**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में डेयरी विकास योजना के तहत 26 हजार गांवों को जोड़ा जाए, जहां से 52 लाख लीटर तक हर दिन दूध का संकलन करने का लक्ष्य तय किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दुग्ध संघों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। समितियों में महिला सदस्यों को जोड़ने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को समत्व भवन में स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की दूसरी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन के जरिए पशुपालकों और किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाना है, इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार डेयरी गतिविधियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। कुछ समय से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के दुग्ध संघों को दिए जा रहे सहयोग से दुग्ध संकलन में वृद्धि हुई है और किसानों को भी दूध के बेहतर दाम मिल रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादों को ब्राण्ड बढ़ाने



की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए नई पैकेजिंग डिजाइन कर उत्पादों की पहुंच का अधिक से अधिक विस्तार किया जाए। इसके लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए कार्ययोजना बनाई जाए। जिसमें डेयरी सहकारी कवरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण, नई डेयरी प्रसंस्करण, उत्पाद निर्माण और पशु चारा संयंत्र के आधुनिकीकरण, डेयरी वैल्यू चैन के डिजीट्लाइजेशन और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीएम ने कहा कि एन.डी.डी.बी के अनुभव के आधार पर राजधानी से लेकर ग्राम स्तर दूध के उत्पादन को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों तथा प्रदेश के युवाओं को डेयरी टेक्नोलॉजी की नई तकनीकों से परिचित कराने की भी आवश्यकता है।

### दसवीं टॉपर को मिलेंगे एक लाख रुपए

मुख्यमंत्री ने दसवीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा पन्ना की कु. प्रतिभा सिंह सोलंकी को माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त करने पर एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। अपने माता-पिता के साथ सीएम निवास पहुंची प्रतिभा को डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने प्रतिभा को सुशासन की प्रतीक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर मां की मूर्ति भेंट की और कहा कि प्रतिभा जैसी बेटियां प्रदेश की शान हैं। प्रतिभा की सफलता लाखों बेटियों और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

# एक और नियुक्ति, बघेल बने पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष

**सरकार ने लगातार दूसरे दिन की राजनीतिक नियुक्ति**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को एक और राजनीतिक नियुक्ति कर दी। केशव सिंह बघेल को राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सरकार ने एससी और एसटी आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की थी। पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है, जिसमें केशव सिंह बघेल को मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कट विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। बघेल ग्वालियर जिला पंचायत के सदस्य हैं। वे भाजपा ग्वालिय जिला ग्रामीण के महामंत्री पद का भी दायित्व निभा चुके हैं।



### दो पर आदेश नहीं

गुरुवार को प्रदेश सरकार ने एससी और एसटी आयोग के अध्यक्षों व सदस्यों के नामों का आदेश जारी कर दिया था, लेकिन महिला और बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्षों के नामों का एलान नहीं किया गया, जबकि इन दोनों आयोगों में नियुक्ति होने की खबरे सामने आई थीं। इसी तरह शुक्रवार को भी अपेक्स बैंक के अध्यक्ष के तौर पर महेन्द्र सिंह यादव की नियुक्ति किए जाने की चर्चा हो रही है। उनकी नियुक्ति आदेश राज्य शासन द्वारा जल्द जारी कर दिया जाएगा। केशव भदौरिया को मप्र महाराणा प्रताप बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने की बातें सामने आ रही है। इनका भी आदेश जारी नहीं किया गया है।

**भाजपा प्रकोष्ठ संयोजक भी बने:** इधर भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने कुछ प्रकोष्ठों में संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। इंदौर के धीरज खंडेलवाल को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है,तो इसी शहर के महेश पालीवाल शिक्षक प्रकोष्ठ और कटनी के श्याम निषाद को मछुआरा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है।

### जादौन बने अध्यक्ष

इसी तरह सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने शुक्रवार की अपने आदेश के जरिए अशोक जादौन को ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्ति कर दिया। उदयवीर सिंह गुर्जर को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। बताया गया है कि आने वाले एक दो दिन में कुछ और निगम और प्राधिकरण के अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति के आदेश जारी हो सकते है। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

### दावेदार की नजर सरकार पर

निगम मंडलों के खाली पदों पर नियुक्ति की आस लिए दावेदारों की नजर राज्य सरकार पर है। उनके द्वारा अपने प्रशासनिक संपर्क के जरिए यह पता लगाया जा रहा है कि कब तक सूची जारी होगी। इधर भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों का क्रम प्रारम्भ हो गया है। राज्य सरकार एक साथ सभी पदों की घोषणा न करके एक या दो पदों की नियुक्तियों का आदेश जारी करेगी।

**योजना** राज्य शासन ने मसौदा बनाने आयुक्त को दी जिम्मेदारी, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

# प्रदेश में बनेगी राज्य एकीकृत दिव्यांगजन नीति

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** महिलाओं व बच्चों की तरह अब निःशक्तजनों के समग्र विकास और कल्याण के लिए भी प्रदेश में अलग नीति तैयार की जाएगी। दिव्यांगजनों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए इस नई नीति को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत प्रदेश में लागू किया जाएगा। राज्य शासन ने विस्तृत नीति बनाने की जिम्मेदारी आयुक्त निशक्तजन को सौंपी है। लंबे समय से चल रहे विचार विमर्श के बाद राज्य शासन ने समग्र निशक्तजन नीति को आकार देने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग के प्रमुख सचिव ने माना है कि प्रदेश में निशक्तजनों के सर्वांगीण विकास व कल्याण के लिए प्रदेश में अलग नीति की महती आवश्यकता है। इसके मद्देनजर विभाग ने आयुक्त दिव्यांगजन डॉ. अजय खेमरिया को नीति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। असल में आयुक्त खेमरिया ने ही बीते दिनों एक बैठक में नीति बनाने के संबंध में निर्देश दिए थे। इसके साथ ही उन्होंने फरवरी माह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को भी पत्र लिखकर मध्यप्रदेश की एकीकृत दिव्यांगजन नीति बनाने का सुझाव दिया था।

### ऐसे मिल सकता है परिणाम

आयुक्त डॉ खेमरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सुझाव देते हुए लिखा था कि जिस तरह प्रदेश सरकार महिलाओं व बच्चों के लिए समग्र नीति बनाकर काम कर रही है। उसी तरह दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए भी अलग से नीति बनाकर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश की एकीकृत दिव्यांगजन नीति बनाया जाना चाहिए। इस नीति के बनने से दिव्यांगों के विकास एवं कल्याण के लिए काम करने वाले सभी विभाग एक छाते के नीचे आ जाएंगे। इससे दिव्यांगों के हित में किए जाने वाले कार्यों को भी समन्वित तरीके से किया जा सकेगा।

### प्रदेश में हैं 10 लाख से ज्यादा दिव्यांग

मुख्यमंत्री को भेजे अपने पत्र में आयुक्त डॉ. खेमरिया ने लिखा था कि प्रदेश में 10 लाख से अधिक दिव्यांग निवासरत हैं। यह संख्या भविष्य में और बढ़ेगी। सहानुभूति की अपेक्षा रखने वाले दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए सरकार के स्तर पर कुछ अलग करने की जरूरत है। वर्तमान में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग इस दिशा में कार्य करता है, लेकिन प्रायः देखने में आता है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 का पालन करते हुए विभिन्न विभाग अलग-अलग नियम व नीति बनाकर काम करते हैं। विभागों द्वारा अलग-अलग जिम्मेदारी निभाने से न तो दिव्यांगजनों को पर्याप्त लाभ मिल पाता है और न समग्रता से इन कार्यों का परिणाम ही सामने आ पाता है। प्रदेश स्तर पर भी इन योजनाओं व कार्यों का परिणाम नहीं मिल पाता।

### नीति में यह रहेगा खास

प्रदेश की प्रस्तावित एकीकृत दिव्यांगजन नीति में राज्य स्तर से दी जाने वाली राज्य निधि, निराश्रित निधि, विभिन्न योजनाओं एवं पुनर्वास व कल्याण से जुड़े सभी पहलुओं को समाहित किया जाएगा। इस नीति का मसौदा तैयार करने के लिए दिव्यांगजन कल्याण से जुड़े विभिन्न विभागों, शासकीय व अशासकीय संस्थाओं, विशेषज्ञों, संबंधित सिविल सोसायटी सदस्यों, प्रख्यात खिलाड़ियों एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं से चर्चा की जाएगी। इसके लिए संवाद के सत्र आयोजित किए जाएंगे। आयुक्त के स्तर से ही राज्य दिव्यांगजन नीति का मसौदा तैयार कर राज्य शासन को सौंपा जाएगा।

# अवधपुरी में बंट गए महिला पार्षद लापता के पैम्फलेट

**पोते की देखभाल करने नीदरलैंड गई हैं मधु**

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को भोपाल के अवधपुरी क्षेत्र से वार्ड-61 की पार्षद मधु शिवनानी के लापता होने के पैम्फलेट अखबारों के जरिए बांटने से इलाके में हड़कंप मच गया। बता दें कि पार्षद शिवनानी पिछले तीन माह से भोपाल में नहीं है, जिसके कारण उनके क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य और निगम से जुड़े नियमित कामकाज प्रभावित हो रहा है। जिसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सुबह वितरित होने वाले अखबारों के जरिए होने के लापता होने के पैम्फलेट बटवा दिए गए। जिसमें दावा किया गया है कि पार्षद मधु शिवनानी तीन माह से अपने वार्ड से गायब हैं और उनकी जानकारी देने वाले को पांच हजार रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की गई है। उनकी अनुपस्थिति में क्षेत्र में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज बनाने केआरोप भी लगाए गए हैं।




**पहली बार पार्षद बनी हैं मधु शिवनानी:** पार्षद मधु शिवनानी पहली बार पार्षद चुनकर हैं और उनके पति संजय शिवनानी भाजपा के मंडल महामंत्री हैं। पार्षद मधु शिवनानी वर्तमान में नीदरलैंड में हैं। उनका बेटा सुशांत वहां सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और कुछ ही दिन पहले सुशांत पिता बने हैं। इसलिए मधु फरवरी में पोते की देखभाल करने और स्वास्थ्य कारणों से नीदरलैंड गई थीं। उन्हें मार्च में वापस भारत आना था, लेकिन ईरान-अमेरिका के बीच उपजे तनाव के चलते उनकी वापसी टल गई।

# एमबीबीएस की हर सीट के प्रदेश में 50-50 दावेदार

## नीट यूजी 3 मई को: ढाई लाख से ज्यादा अभ्यर्थी होंगे शामिल,5 हजार सीटें हैं, नर्सिंग- फिजियोथैरेपी ने बढ़ाई प्रतियोगिता

**नगर संवाददाता, भोपाल।** नीट यूजी की परीक्षा 3 मई को होने जा रही है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। यह देश की एकमात्र मेडिकल प्रवेश परीक्षा है, जिसमें लाखों छात्र शामिल होते हैं। इस बार भी देश भर से करीब 26 लाख छात्रों ने एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि देश में कुल मेडिकल सीटें 1 लाख 20 हजार के आस पास हैं। यानी एक सीट पर 19 छात्रों का दावा है। मध्य प्रदेश की बात करें तो प्रदेश में एमबीबीएस की कुल 5 हजार के आस पास रहने की संभावना है। इन सीटों के लिए ढाई लाख अभ्यर्थियों ने फार्म भरा है। एक एमबीबीएस सीट के लिए 50 कैंडीडेट के बीच प्रतिस्पर्धा रहेगी। सबसे ज्यादा जद्दोजहद सरकारी सीटों के लिए होनी वाली है, क्योंकि मप्र में 3 हजार के आस पास सरकारी सीटें हैं। वहीं देश में कुल 322 सरकारी कॉलेजों में सरकारी सीटों की संख्या 57 हजार के करीब है।



**सबसे ज्यादा सीटें कर्नाटक में:** नीट यूजी 2025 के डाटा के मुताबिक सबसे ज्यादा सरकारी सीटें कर्नाटक में हैं। यहां एमबीबीएस सीटों की संख्या 12,545 है। फिर दूसरे पायदान पर उत्तर प्रदेश है, जहां एमबीबीएस सीटों की संख्या 12,475 है। इसके बाद तीसरे नंबर पर तमिलनाडु है। तमिलनाडू में एमबीबीएस सीटों की संख्या 12050 है। फिर महाराष्ट्र में 11,846 एमबीबीएस सीटें हैं। सीटों की संख्या के क्रम में देश में मप्र का सातवां स्थान है।



| राज्य | मेडिकल कॉलेज | एमबीबीएस सीटें |
|---|---|---|
| 1.कर्नाटक | 74 | 12,545 |
| 2.उत्तर प्रदेश | 70 | 12,475 |
| 3.तमिलनाडू | 68 | 12,050 |
| 4.महाराष्ट्र | 68 | 11,846 |
| 5.तेलंगाना | 56 | 9,500 |
| 6.गुजरात | 40 | 7,250 |
| 7.मध्य प्रदेश | 35 | 5,615 |
| 8.आंध्र प्रदेश | 32 | 5,085 |
| 9.पश्चिम बंगाल | 35 | 5,275 |
| 10.राजस्थान | 30 | 4,975 |

### तीन नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे

मप्र में अगले शैक्षणिक सत्र से 5 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। ये राजगढ़, मंडला, श्योपुर में खुलेंगे। इनमें 150-150 सीटें होंगी। इस तरह प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 450 सीटें बढ़ जाएंगी। वहीं, 4 नए प्राइवेट कॉलेज पीपीपी मोड पर जिला अस्पतालों से संबद्धता के बाद खुलेंगे। इनसे 600 सीटें बढ़ेंगी, इस तरह कुल 1050 मेडिकल सीटें बढ़ने की संभावना है। इन कॉलेजों के शुरू होने के बाद प्रदेश में 22 सरकारी और 15 निजी कॉलेज हो जाएंगे, यानी इनकी संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। सरकार के इसी प्रदेश में 2003 तक 5 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। 20 वर्ष में 12 नए मेडिकल कॉलेज खुले और अब एक साथ 12 अन्य मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर शुरू किए जा रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की संख्या भी कम

मप्र में एक तरफ जहां कैंडीडेट के लिए एमबीबीएस की सीटें कम हैं, वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेजों में टीचर्स की संख्या भी बहुत कम है। बीते कुछ वर्षों में जितने भी नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खुले हैं, उनमें पर्याप्त संख्या में मेडिकल फैकल्टी नहीं है। कई कॉलेज ऐसे हैं, जहां एमबीबीएस स्टूटेंड्स को ऑनलाइन पढ़ाई करना पड़ रही है। इस बारे में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय का कहना है कि सरकार को मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पदों को भरने के लिए नियम शिथिल करना चाहिए और डीएसीपी सहित वेतन विसंगति को जल्द दूर करना चाहिए। जिससे बड़ी संख्या में नए डॉक्टर शासकीय सेवा में आएं।

## नगर में आज

### बैले वर्कशॉप
- **स्थान:** मायाराम सुरजन भवन
- **समय:** दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक

### आर्ट एग्जीविशन
- **स्थान:** बंसल प्लाजा
- **समय:** सुबह 11 बजे

### यूथ फन फेस्ट
- **स्थान:** मोटल सिराज, बोर्ड ऑफिस चौराहा
- **समय:** दोपहर 2 बजे से शाम 7:30 बजे तक

### 'माह का प्रादर्श'
- **निंगला पा-थोई:** एक अनुष्ठानिक परिधान
- **स्थान:** मानव संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

## संक्षिप्त खबरें

### मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**जागरण, भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर पड़ोसी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 39 वर्षीय आसिफ खान अहमद अली कॉलोनी में रहता है। वह प्राइवेट जॉब करता है। गुरुवार शाम 7 बजे उसके बच्चे ने साइकिल बाहर खड़ी थी। जिसे हटाने को लेकर पास में रहने वाले सेफ से कहासुनी हो गई। इस दौरान उसका पिता अली और भाई सेफ आ गया। उन्होंने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर आसिफ पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसके गाल और हाथ में जा लगा। घटना के बाद तीनों मौके से फरार हो गए। बाद में पीड़ित ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।

### फोन हैक कर ठगों ने खाते से 3.82 लाख रुपए उड़ाए

**जागरण, भोपाल।** पिपलानी में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति का फोन हैक कर बैंक खाते से करीब 3.83 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 51 वर्षीय अनिल कुमार मिश्रा नीरजा नगर में रहते हैं। वह मार्केटिंग का काम करते हैं। 24 मार्च की शाम करीब साढ़े पांच बजे उनका मोबाइल फोन अचानक हैक हो गया। फिर उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम कटने लगी। उसने खाते से धीरे-धीरे 85 हजार, 90 हजार, 55 हजार और 49 हजार रुपए समेत कुल पांच बार में करीब 3.83 लाख रुपए निकाल लिए गए। पैसे कटने का मैसेज मिलने पर उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर लेनदेन रुकवाने का कहकर खाते को ब्लॉक कराया। बाद में थाने पहुंचकर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खड़े टैंकर से टकराया ऑटो, महिला की मौत

**जागरण, भोपाल।** गुनगा थाने क्षेत्र में टैंकर और ऑटो की भिड़ंत में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना के वक्त ऑटो में 6 लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार 66 वर्षीय मीराबाई माली चांदबड़ स्थित सेमरा कला में रहती थी। तीन अप्रैल को वह बैरसिया शादी में शामिल होने गई थी। वह ऑटो से घर जा रही थी, जिसमें पहले से 5 लोग मौजूद थे। देर रात रतुआ पादरी जोड़ के पास तेज रफ्तार ऑटो खड़े टैंकर में जा घुसा। हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# धूल के गुबार ने रोकी रफ्तार, लोग परेशान





छायाः एचसी वर्मा


**भोपाल।** शहर के कई इलाकों में इन दिनों चल रहे निर्माण कार्यों के चलते धूल उड़ रही है, जिससे आम लोगों को श्वास संबंधी रोग हो रहे हैं। शुक्रवार को शाहपुरा तालाब के पास चल रहे रिटेनिंग वॉल निर्माण के दौरान तेज हवा के झोंके के बीच मिट्टी और धूल आम लोगों को परेशान करते हुए दिखी। जिससे दो पहिया वाहन सवार बचने का प्रयास करते हुए दिखे। डॉ. चंचल जैन के अनुसार इस धूल और मिट्टी के कारण शहर में लोगों को खांसी की समस्या हो रही है। मुख्य रूप से एलर्जिक राइनाइटिस और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस जैसी समस्याओं से लोग पीड़ित हो रहे हैं। साथ ही आंखों में संक्रमण की समस्या भी बढ़ रही है। शहर में इसके अलावा अयोध्या बायपास, करोंद से काजीकैंप, भदभदा से भारत माता चौराहा और रत्नागिरी से आईटीआई तिराहा तक चल रहे मेट्रो कार्य के चलते सड़क पर धूल उड़ रही है। यही स्थिति पुराने भोपाल के अन्य इलाकों में भी है।

## मेट्रो में 27 अप्रैल से लागू हो रहा ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन

# यात्रियों को टिकट खरीदने पर मिलेगी 5 से 15 फीसदी की छूट

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** इंदौर और भोपाल मेट्रो में 27 अप्रैल से ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) शुरू होने जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत यात्रियों के लिए टिकट खरीदने पर विशेष छूट का भी प्रावधान रखा गया है। यात्रियों को टिकटिंग पर 5 से 15 फीसदी तक की छूट दी जाएगी। एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने यात्रियों के लिए राउंट ट्रिप और ग्रुप टिकटिंग पर स्पेशल डिस्काउंट रखे हैं, जिससे शहर के अंदर यात्रियों के लिए सफर करना आसान होगा। मेट्रो कॉरपोरेशन के अनुसार राउंड ट्रिप में जो यात्री एक ही दिन में आने-जाने के लिए टिकट बुक करेंगे, उन्हें कुल किराए पर 5 प्रतिशत की सीधी छूट मिलेगी। जबकि ग्रुप ट्रेवलिंग या ग्रुप टिकटिंग पर यात्रियों को 10 फीसदी की छूट दी जाएगी। हालांकि इसके लिए एक ही टिकट पर 8 से 40 यात्रियों को एक साथ सफर करना होगा।

**एमपी मेट्रो एप वॉलेट पर भी मिलेगी स्पेशल छूट:** इसके अलावा डिजिटल इंडिया की थीम को बढ़ावा देने के लिए मेट्रो कॉरपोरेशन ने इंदौर और भोपाल के यात्रियों के लिए एमपी मेट्रो वॉलेट एप भी शुरू किया है, जिसे यात्री एंड्रायड



और आईओएस प्लेटफाई पर प्ले स्टोर के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने एप के जरिए टिकट खरीदने पर यात्रियों को अतिरिक्त बचत का मौका मिलेगा। हालांकि एप पर टिकट बुकिंग के लिए यात्रियों को विभिन्न स्लैब के अनुसार रिचार्ज करना होगा। जिसमें 8 से 15 फीसदी तक की छूट मिलेगी। हालांकि एमपी मेट्रो वॉलेट में रिचार्ज कराई गई राशि का उपयोग केवल मेट्रो टिकट की खरीद के लिए ही किया जा सकेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में रिफंड (वापस) नहीं की जाएगी।

### छूट के लिए यात्रियां को यह रिचार्ज करने होंगे

- **200 से 499:** 8 फीसदी का डिस्काउंट
- **500 से 999:** 10 फीसदी का डिस्काउंट
- **1000 से 1499:** 12 फीसदी
- **1500 से 2000:** 15 फीसदी

### यात्रियों को मिलेगी दो तरह के क्यूआर टिकट की सुविधा

- पेपर क्यूआर टिकट : यात्री स्टेशन पर स्थित टिकट काउंटर या ग्राहक सेवा केंद्र से नगद या यूपीआई के माध्यम से यह टिकट प्राप्त कर सकेंगे।
- मोबाइल क्यूआर टिकट : यात्री एमपी मेट्रो ऐप का उपयोग कर डिजिटल भुगतान के जरिए आसानी से क्यूआर टिकट बुक कर सकेंगे। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।


# जून अंत तक कलेक्ट्रेट में काम होगा ऑनलाइन

## कलेक्टर ने जारी किया अल्टीमेटम, समय सीमा में पूरा करें काम, बाद में नहीं सुने जाएंगे बहाने

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जून के अंत तक कलेक्ट्रेट का पूरा काम ऑनलाइन हो जाएगा। इसके लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अधिकारियों को अल्टीमेटम जारी कर दिया है। कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस प्रणाली के तहत पिछले एक साल से विभागों की सभी रिपोर्ट और अन्य जानकारियों ऑनलाइन ही साझा की जा रही हैं, लेकिन इसके पहले की जो फाइलें हैं वे अब तक ऑफलाइन ही हैं, जिसके चलते कई बार कलेक्ट्रेट में कामकाज प्रभावित होता है। काम में होने वाली इसी देरी को खत्म करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जा रही है। बता दें कि यह सिस्टम लागू हो जाने के बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, आबकारी विभाग, तहसील दफ्तर, फूड एंड ड्रग, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय सहित अन्य विभागों के सभी प्रतिवेदन कलेक्टर के पास ऑनलाइन पहुंचेंगे। साथ ही कलेक्टर की टीप के बाद अन्य जांच सहित सारे काम भी ऑनलाइन होंगे। अधिकारियों की मानें तो नई व्यवस्था लागू होने के बाद काम में पारदर्शिता आएगी। काम कागज रहित होने के कारण तेजी से होंगे। जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होगी कि काम किस स्तर तक पूरा हो चुका है और किस जगह पर लेटलतीफी की जा रही है।

### फाइलों के अनुसार दिया गया समय

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भोपाल का कामकाज संभालने के साथ ही अधिकारियों को साफ कर दिया था कि पुरानी व्यवस्था पर काम नहीं हो सकेगा। सभी



विभाग अपनी पुरानी फाइलों को तय समय सीमा में ही ऑनलाइन कर लें। उन्होंने अधिकारियों को फाइलों के अनुसार ही समय दिया है। सभी को न्यूनतम 10 दिन से लेकर अधिकतम 2 माह तक का समय दिया गया है। यानि दो माह बाद पुरानी सभी फाइलों और विभागों की रिपोर्ट को ऑनलाइन कर दिया जाएगा। बता दें कि यह व्यवस्था कलेक्ट्रेट में पिछले एक वर्ष से लागू है, लेकिन पुरानी फाइलों को ऑनलाइन करने का काम लगातार पेंडिंग होता चला जा रहा है।

**एनआईसी के सर्वर पर सुरक्षित रहता है डेटा:** ई-ऑफिस प्रणाली में फाइलें ऑफलाइन की तुलना में ज्यादा सुरक्षित रहती है। जहां ऑफलाइन फाइलें पानी या पुरानी होने के बाद खराब हो जाती हैं, लेकिन ई-ऑफिस प्रणाली में पूरा डेटा एनआईसी के सर्वर पर सुरक्षित रहता है। इससे फाइल गुम होने, रिकार्ड से छेड़छाड़ और अनावश्यक देरी जैसी समस्याएं खत्म हो जाती हैं।


### निगम में तीन माह पहले लागू हो चुकी प्रणाली

नगर निगम भोपाल में जनवरी 2026 से ही ई ऑफिस प्रणाली लागू कर दी गई है। भोपाल नगर निगम देश की पहली ऐसी नगर निगम है, जहां सारा कामकाज ऑनलाइन किया जा रहा है। निगम में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत सबसे पहले सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से की गई और अन्य विभागों में भी इसे लागू कर दिया गया है। ई आफिस प्रणाली में एक क्लिक पर ही फाइलों की पेंडेंसी देखी जा सकती है। ई ऑफिस प्रणाली में फाइलों को स्कैन पर डिजीटल प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाता है। निगम कर्मचारियों की मानें तो ई ऑफिस प्रणाली में यह स्पष्ट हो जाता है कि फाइलें किस स्तर पर लंबित हैं? फाइलों की ट्रैकिंग ऑनलाइन होने से इन्हें ढूंढना आसान हो जाता है। इससे कामकाज के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होती है। वहीं यह प्रक्रिया ईको फ्रेंडली भी है, क्योंकि इसमें कागजों का उपयोग बेहद कम हो जाता है। स्टेशनरी पर होने वाली खर्च भी बचता है।

# जयश्री गायत्री फूड्स के पूर्व सीईओ ईडी की रिमांड पर

## वडोदरा से गिरफ्तार, बैंक में जमा 9.36 लाख की रकम फ्रीज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कंपनी के पूर्व सीईओ सुनील त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को भोपाल स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 28 अप्रैल तक ईडी की कस्टडी रिमांड पर भेजा गया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, सुनील त्रिपाठी जांच में बिल्कुल भी सहयोग नहीं कर रहे थे। ईडी ने इससे पहले उन्हें कई बार ईमेल और समन भेजकर तलब किया था, लेकिन त्रिपाठी न तो ईमेल का जवाब दे रहे थे और न ही भोपाल आकर दफ्तर में पेश हो रहे थे। ईडी के मुताबिक, सुनील त्रिपाठी इस घोटाले के मास्टरमाइंड थे और उन्होंने ही जाली दस्तावेज बनाने, मिलावटी डेयरी प्रोडक्ट्स को एक्सपोर्ट करने और विदेश से करोड़ों की काली कमाई को खातों में डायवर्ट करने में अहम भूमिका निभाई थी। इस मामले में ईडी ने विगत 13 मार्च 2026 को कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर किशन मोदी को भी गिरफ्तार किया था, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले




ईडी ने त्रिपाठी के वडोदरा (गुजरात) स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए गए थे। साथ ही, जांच एजेंसी ने उनके बैंक खातों में मौजूद 9.36 लाख रुपये की राशि को भी फ्रीज कर दिया था। यह मामला पनीर और अन्य मिल्क प्रोडक्ट्स में मिलावट और फर्जीवाड़े से जुड़ा है। ईडी ने इस जांच के दौरान पाया है कि कंपनी ने एक्सपोर्ट क्लीयरेंस के लिए निर्यात निरीक्षण एजेंसी (ईआईए), इंदौर को फर्जी लैबोरेटरी रिपोर्ट सौंपी थी। इन फर्जी दस्तावेजों के दम पर कंपनी ने विदेशों में मिलावटी डेयरी उत्पादों का निर्यात किया। इस जालसाजी के जरिए कंपनी ने लगभग 20.59 करोड़ रुपये की कमाई की, जिसे बैंक खातों के माध्यम से रूट किया गया। ईडी इस मामले में कंपनी के संचालकों की इतनी ही राशि (20.59 करोड़ रुपये) की प्रॉपर्टी अटैच कर चुकी है।

# गोकशी व गोलीकांड का फरार हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** गोलीकांड और गोकशी मामले में फरार बदमाश को ऐशबाग पुलिस ने लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी इलाके का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके खिलाफ ईंटखे ?ी में गोली चलाने का केस दर्ज है। इसके अलावा गोकशी के मामले में वह करीब साल भर से फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक आरोपी पिस्टल लिए सोनिया गांधी कालोनी में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक खड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम को देखकर आरोपी भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी की पहचान गुराज उर्फ शारिक खान(32) निवासी कम्मू का बाग के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया। जिसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखाने पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पकडे गए आरोपी के खिलाफ पहले से ही 13 आपराधिक मामले दर्ज है।

**शादी से लौट रहे दंपती पर की थी फायरिंग:** दिसंबर 2025 में शादी से लौट रहे परिवार पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिसमें युवक दानिश अली के पैर और पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पत्नी के हाथ में चाकू लगा था। रंजिश के चलते हमलावरों ने कार को घेर कर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था, जिसके बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। हमले का मास्टर माइंड रूसी स्टेशन था।

**अनदेखी** एमपी नगर, लालघाटी चौराहा, बैरागढ़, रायसेन रोड सहित कई क्षेत्रों में सक्रिय हैं भिक्षुक

# कलेक्टर का आदेश बेअसर, मुख्य मार्गों पर भी हो रही भिक्षावृत्ति

**जागरण, भोपाल।** कलेक्टर भोपाल द्वारा आदेश जारी कर भिक्षावृत्ति पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया था। आदेश का शुरू में तो पालन हुआ, लेकिन अब फिर से भिक्षुकों की टीम राजधानी के चौराहों पर घूम-घूमकर भिक्षा मांगते हुए देखी जा सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार मानिटरिंग न करने से भोपाल शहर में कलेक्टर के इस आदेश की धज्जियां उड़ रही हैं। चौक-चौराहों पर ट्रेफिक रोककर भिक्षावृत्ति की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भोपाल के तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आदेश जारी कर पूरे भोपाल जिले में भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसमें स्पष्ट उल्लेख है कि भोपाल जिले के अंदर एवं जिले की सीमा पर किसी भी तरह की भिक्षावृत्ति पूरी तरह प्रतिबंधित की गई है। अगर कोई सामान बेंचने के आड़ में भी भीख मांगता है, तो भी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर जिला कलेक्टर द्वारा बाकायदा नोडल आफिसर नियुक्त करते हुए एरिया बांटकर आदेश का पालन कराने के निर्देश अफसरों को दिए थे, लेकिन पुलिस और प्रशासन के अफसरों द्वारा मानिटरिंग न करने के चलते भोपाल में भिक्षुक सक्रिय हो गए हैं और भिक्षावृत्ति पर रोक नहीं लग पाई है।



### बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

शहर के बाहरी क्षेत्रों में चौक चौराहों पर आए दिन भिक्षुकों को भिक्षा मांगते हुए देखा जा सकता है। भिक्षावृत्ति से सड़कों पर चलने वाले वाहन चालक और कालोनियों में रहने वाले रहवासी खासे परेशान हैं। यात्री वाहनों को रोककर भीख मांगने से वाहन दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

### इन क्षेत्रों में ज्यादा समस्या

राजधानी के एमपी नगर, काली मंदिर, नादरा बस स्टैंड, लालघाटी चौराहा, कमला पार्क, बिट्टन मार्केट, 10 नंबर बाजार, बैरागढ़, रायसेन रोड, आशिमा मॉल, दानिश नगर, ज्योतिनगर, भेल संगम चौराहा, प्रियदर्शनी कालोनी, एम्स के सामने, नीलबड़ चौराहा आदि क्षेत्रों में भिक्षुकों को भिक्षा मांगते हुए देखा जा सकता है। भिक्षावृत्ति पर रोक के लिए जिला कलेक्टर भोपाल द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश तो जारी कर दिया है, लेकिन इस आदेश पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग न करने के चलते आदेश का पालन नहीं हो पा रहा है।

टेक टिप्स

# अंगूर से बैटरी रीसाइकिलिंग

**वैज्ञानिकों ने बैटरी रीसाइकिलिंग के लिए इलेक्ट्रोप्लेटिंग जैसी तकनीक विकसित की है। इसके जरिये अंगूर में पाए जाने वाले टारटरिक अम्ल का उपयोग कर धातुओं को अलग किया जा सकता है।**



आधुनिक तकनीकों जैसे स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और जेट इंजन के तेजी से बढ़ते उपयोग ने उच्च-प्रदर्शन सामग्रियों और बैटरियों की मांग को काफी बढ़ा दिया है। इन तकनीकों में कोबाल्ट और निकेल जैसी धातुएं मुख्य भूमिका निभाती हैं, लेकिन इनकी बढ़ती खपत के साथ एक गंभीर चुनौती भी सामने आई है – पुरानी बैटरियों और औद्योगिक कचरे से इन धातुओं का प्रभावी पुनर्चक्रण। दरअसल, कोबाल्ट और निकेल रासायनिक रूप से समान होते हैं, जिससे इन्हें अलग करना जटिल और महंगा बन जाता है।

अब वैज्ञानिकों ने इसके लिए एक पर्यावरण अनुकूल तरीका खोजा है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में हुए एक शोध में पाया गया कि अंगूर में पाया जाने वाला प्राकृतिक टारटरिक अम्ल धातुओं के पृथक्करण को सरल बना सकता है। यह खोज बैटरी रीसाइकिलिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है।

**जटिल प्रक्रिया :** वर्तमान में कोबाल्ट और निकेल का उपयोग लिथियम-आयन बैटरियों, सुपरएलॉय और औद्योगिक उत्प्रेरकों में बड़े पैमाने पर होता है। बढ़ती मांग के चलते भविष्य में इनकी कमी और कीमतों में वृद्धि की आशंका है। ऐसे में इन धातुओं का पुनर्चक्रण बहुत जरूरी हो जाता है। हालांकि मौजूदा तकनीकें महंगी हैं, कठोर रसायनों पर निर्भर हैं और कई जटिल चरणों से गुजरती हैं।

इलेक्ट्रोविनिंग तकनीक नए शोध में वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रोविनिंग तकनीक का उपयोग किया। इस प्रक्रिया में बिजली की मदद से तरल घोल से धातुओं को अलग कर किसी सतह पर जमा किया जाता है। यह प्रक्रिया धातु चढ़ाने (इलेक्ट्रोप्लेटिंग) के जैसी होती है, लेकिन समस्या यह थी कि कोबाल्ट और निकेल दोनों ही बिजली के प्रति लगभग समान व्यवहार करते हैं, जिससे वे एक साथ जमा हो जाते हैं। ऐसे में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है।

टारटरिक अम्ल कारगर इस समस्या के समाधान के लिए शोधकर्ताओं ने विभिन्न जैविक अम्लों का परीक्षण किया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन-सा अम्ल धातु आयनों के साथ अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया करता है। कुल 13 अम्लों के परीक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि टारटरिक अम्ल निकेल आयनों के साथ अधिक मजबूत बंधन बनाता है। परिणामस्वरूप, निकेल घोल में ही बना रहता है, जबकि कोबाल्ट पहले अलग होकर सतह पर जमा हो जाता है। इस क्रमिक प्रक्रिया से दोनों धातुओं को प्रभावी ढंग से अलग किया जा सकता है। शोध की पुष्टि के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन भी किए गए, जिनसे यह साबित हुआ कि टारटरिक अम्ल वास्तव में निकेल के साथ अधिक स्थिर संयोजन बनाता है। प्रारंभिक छोटे पैमाने के परीक्षणों में वैज्ञानिकों ने 99.1 प्रतिशत कोबाल्ट सफलतापूर्वक निकाल लिया। बाद में जब इस तकनीक को बड़े और निरंतर प्रवाह वाले सिस्टम में लागू किया गया।

पर्यावरण अनुकूल : वैज्ञानिकों का मानना है कि यह विधि बैटरी रिसाइकिलिंग को सस्ता, कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बना सकती है। साथ ही, यह तकनीक अन्य महत्वपूर्ण धातुओं को अलग करने में भी उपयोगी हो सकती है। अभी इस पर शोध जारी है। यदि यह औद्योगिक स्तर पर सफल होती है, तो यह वैश्विक संसाधन प्रबंधन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इन दिनों

# एलपीजी की जगह ले पाएगी ई-कुकिंग!

**एलपीजी की कमी और आपूर्ति की अनिश्चितता के बीच कुछ दिनों से इंडक्शन और इलेक्ट्रिक स्टोव्स की मांग बढ़ गई है। घरेलू उपयोग में ई- कुकिंग टेक्नोलाजी कैसे ऊर्जा बचत के साथ एलपीजी का स्थायी और व्यावहारिक विकल्प बन सकती है, बता रहे हैं। ब्रह्मानंद मिश्र ....**



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते देश में कुकिंग गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जद्दोजहद बढ़ रही है। बीपीसीएल द्वारा गुरुग्राम में एलपीजी एटीएम की शुरुआत की भी गई है। हालांकि, जब तक वैश्विक तेल बाजार अस्थिर बना रहेगा, घरेलू कीमतें और आपूर्ति का सामान्य हो पाना मुश्किल है। ऐसी दशा में ई-कुकिंग हमें एक भरोसेमंद और उपयोगी विकल्प देती है।

एलपीजी से कितनी अलगः इलेक्ट्रिक कुकिंग सबसे व्यावहारिक विकल्प है। शहरी बाजारों में अप्लायंसेज रिटेलर्स यह स्वीकार कर रहे हैं कि इंडक्शन कुकटाप, इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर्स और इन्फ्रारेड स्टोव्स की मांग में काफी तेजी आई है। इकोनामिक टाइम्स की एक रिपोर्ट की मानें तो बीते कुछ दिनों से स्विगी इंस्टामार्ट के इंडक्शन सेल में 10 गुणा तक वृद्धि हुई है, वहीं बिगबास्केट का दावा है कि इंडक्शन कुकटाप की बिक्री पांच गुणा तक बढ़ गई है।

**कितनी विश्वसनीय है ई-कुकिंगः** एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस), पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की बढ़ती कीमतों के मुकाबले इलेक्ट्रिक कुकिंग की लागत बहुत कम है। जब आप इंडक्शन पर खाना बनाते हैं तो एफिसिएंसी ज़ 80 प्रतिशत से ऊपर होती है, वहीं एलपीजी स्टोव जलाने पर हीट लास होता है, यानी एफिसिएंसी आधे से भी कम होती है। वर्तमान में एक छोटे परिवार में सालभर का एलपीजी खर्च लगभग सात से आठ हजार रुपये आता है, वहीं ई- कुकिंग में लगभग पांच हजार रुपये रहता है।

**क्या संभव है ई-कुकिंग पर पूरी निर्भरता :** अधिकांश परिवारों में इंडक्शन आदि को जरूरत होने पर या छोटे-मोटे कार्यों के लिए प्रयोग किया जाता रहा है, लेकिन कुकिंग एनर्जी की आर्थिकी बदल रही है, अब इसे स्थायी समाधान के रूप में देखना होगा। निस्संदेह एलपीजी सुविधाजनक है और उस पर तेजी से भोजन बनता है। लेकिन निगेटिव प्वाइंट यही है कि इसकी कीमत वैश्विक बाजार तय करता है, जिसका असर हमारे किचन तक आता है। चूंकि, बिजली देश में तैयार होती है, इसलिए आपूर्ति की मुसीबत उतनी बड़ी नहीं है। एलपीजी स्टोव में एक से अधिक बर्नर होता है, अगर इंडक्शन कुकटाप में भी आमतौर पर सिंगल यूनिट देने के बजाय दो-तीन यूनिट दी जाएं, तो सहजता होगी।





## इंडक्शन खरीदने से पहले जानना जरूरी

**पावर रेटिंग जांचें :** इससे पता चलता है कि इंडक्शन कितनी तेजी से बर्तन को गर्म कर सकता है। आमतौर पर 2000 वाट वाले कुकटाप तेजी से भोजन तैयार करने में मदद करते हैं।

**सेफ्टी फीचर्स :** ओवरहीट प्रोटेक्शन, आटो शट आफ पैन डिटेक्शन जैसे फीचर्स ऊर्जा बचत और सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी होते हैं। कुकिंग मोड्स : ज्यादातर इंडक्शन अब प्री-सेट कुकिंग आप्शन जैसे ब्वायलिंग, फ्राइंग, करी, राइस या मिल्क जैसे आप्शन के साथ आते हैं। इससे खाना बनाते समय टेंपरेचर स्वतः एडजस्ट हो जाता है।

**बिल्ड क्वालिटी :** इंडक्शन की ड्यूरेबिलिटी को जांचना भी महत्त्वपूर्ण है। इंडक्शन को साफ करने में सुविधा होनी चाहिए और स्क्रैच जैसी समस्याएं नहीं होनी चाहिए।

**वारंटी जांचें :** किसी भी ब्रांड का इंडक्शन खरीदने से पहले वारंटी अवधि और सपोर्ट सर्विस के बारे में अवश्य पता करना चाहिए। वारंटी कम से कम एक साल की अवश्य होनी चाहिए।

## भारतीय रसोई का हो रहा इलेक्ट्रिफिकेशन

एलपीजी संकट ने भारतीय रसोई के 'इलेक्ट्रिफिकेशन' की गति तेज कर दी है। यह 'हाइब्रिड किचन' के स्थायी उदय का संकेत है, यानी ऐसा माडल जहां एलपीजी और इलेक्ट्रिक समाधान साथ-साथ चलते हैं। यह आधुनिक रसोई के लिए एक रणनीतिक आवश्यकता बन गई है। इंडक्शन कुकटाप्स और स्मार्ट इलेक्ट्रिक उपकरणों की मांग में 10 गुणा तक वृद्धि देखी जा रही है। न्यूट्री - पाट सामान्य गैजेट से बदलकर हर घर की जरूरत बन गया है, वहीं इंडक्शन और एयर फ्रायर का उपयोग अब मुख्य कुकिंग टूल्स के रूप में हो रहा है ताकि सिलेंडर के लंबे इंतजार से बचा जा सके।

## एलपीजी के ये हैं इलेक्ट्रिक विकल्प

**इंडक्शन कुकटाप्स :** भोजन बनाने वाले बर्तन को गर्म करने के लिए ये अप्लायंसेज इलेक्ट्रोमैग्नेटिक टेक्नोलाजी का प्रयोग करते हैं। इससे कुकिंग तेज होती है और ऊर्जा की बचत भी होती है। इससे रोजाना के भोजन जैसे चावल, दाल, सब्जी, आमलेट आदि बना सकते हैं।

**इलेक्ट्रिक राइस कुकर्स :** नाम भले ही राइस कुकर है, इसमें खिचड़ी, सूप, नूडल्स भी बना सकते हैं। जरूरत होने पर इसमें सब्जियों को स्टीम किया जा सकता है।

**माइक्रोवेव ओवन :** गर्म करने के साथ भोजन बनाने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। इससे सब्जियां, आलू, ओट्स और रेडी टू कुक फूड जल्दी तैयार हो सकते हैं।

**इलेक्ट्रिक हाट प्लेट्स :** यह एलपीजी स्टोव की तरह काम करती है। इससे पानी उबालने, चाय व नूडल्स बनाने जैसे कार्य कर सकते हैं।


**एयर फ्रायर :** यह एलपीजी स्टोव का विकल्प तो नहीं है, पर आप इसके प्रयोग से गैस खर्च को कम कर सकते हैं। एयर फ्रायर तेल-रहित खाना पकाने की सुविधा भी देते हैं, जिससे ये कई भोजन के लिए अधिक सेहतमंद विकल्प देते हैं।

## बिना इंटरनेट भी चला सकेंगे व्हाट्सएप



आपके मोबाइल में नेट नहीं है या रीचार्ज नहीं है, तो घबराने की कोई बात नहीं है। अब बिना इंटरनेट के भी आपका व्हाट्सएप चलेगा। सैमसंग ने अपने गैलेक्सी स्मार्टफोन्स में एक नया फीचर दिया है, जिससे सैमसंग गैलेक्सी सीरीज के कुछ चुनिंदा स्मार्टफोन्स पर बिना इंटरनेट के भी कई एप्स चलेंगे। ये एप्स सेटेलाइट रेडी एप्स हैं. जो बिना मोबाइल इंटरनेट के भी चलते हैं। कंपनी ने इसके लिए मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर्स के साथ भागीदारी की है। एप्पल जहां सेटेलाइट इंटरनेट कंपनियों पर निर्भर करती है, वहीं सैमसंग लोकल नेटवर्क ऑपरेटर्स पर निर्भर करती है। कुछ देशों में सेटेलाइट कनेक्टिविटी केवल इमरजेंसी सर्विस मुहैया करवाती है, वहीं सैमसंग के गैलेक्सी फोन कई एप्स भी चलाने की सहूलियत देते हैं।

## कॉपी-पेस्ट करने वालों की होगी शिकायत




फेसबुक पर कॉपी-पेस्ट वाले कंटेंट की भरमार रहती है। इन्हें रोकने के लिए मेटा ने कदम उठाए हैं। कंपनी ने क्रिएटर्स के ओरिजिनल कंटेंट की सुरक्षा के लिए नए टूल और अपडेटेड कंटेंट गाइडलाइंस पेश किए हैं। मेटा के अनुसार, इन नए फीचर्स का उददेश्य प्लेटफॉर्म पर बढ़ रहे कॉपी कंटेंट और स्पैम को कम करना है। इसके तहत क्रिएटर्स को एक सेंट्रलाइज्ड डैशबोर्ड दिया जाएगा, जहां से वे आसानी से अपने कंटेंट की कॉपी या दुरुपयोग की शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत मिलने के बाद मेटा की टीम ऐसे कंटेंट की जांच करेगी और नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर पोस्ट हटाने, रीच कम करने अकाउंट पर कार्रवाई जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।

## पोको एक्स प्रो मैक्स

गेमिंग, एंटरटेनमेंट या हेवी टास्क के लिए अच्छे हार्डवेयर वाले फोन की तलाश में हैं, तो यह बेहतर आप्शन हो सकता है। डिजाइन एवं डिस्प्ले : मेटल फ्रेम वाले इस फोन का वजन 220 ग्रा. और मोटाई 8.2 मिमी. है। देखने में यह हेवी लगता है, पर लंबे समय तक गेम खेलने या वीडियो देखने के दौरान भारी महसूस नहीं होता। कैमरा लेआउट काफी क्लीन है। डिस्प्ले की बात करें तो 683 इंच एमोलेड पैनल के साथ 2772 × 1280 रिजोल्यूशन मिलता है।

राजधानी

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को बंद रहेगा दवा बाजार

**नगर संवाददाता, भोपाल।** ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे डिस्काउंट पर नियंत्रण करने, नकली और अवैध दवाओं के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने समेत अन्य मांगों को लेकर 20 मई को राजधानी भोपाल का दवा बाजार पूरी तरह बंद रहेगा। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आव्हान पर 20 मई को भोपाल जिले के समस्त केमिस्ट एवं दवा व्यापारी द्वारा बंद का पूर्ण समर्थन किया जाएगा। गत दिवस राष्ट्रीय स्तर पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसमें देशभर के केमिस्ट संगठनों ने हिस्सा लिया। जितेंद्र धाकड़ ने कहा कि ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री पर तत्काल रोक लगाने के साथ कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे डिस्काउंट पर नियंत्रण किया जाएं। वहीं नकली और अवैध दवाओं के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के साथ उनके लाइसेंस संस्पेंड कर एफआईआर की जाएं। धाकड़ ने कहा कि इन मुद्दों का सीधा संबंध जनस्वास्थ्य, दवा की गुणवत्ता एवं छोटे व्यापारियों के हितों से है। यदि समय रहते इन पर उचित कदम नहीं उठाए गए तो इसका दुष्प्रभाव आम जनता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ सकता है।

### प्रमुख मांगें

- ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण
- कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट पर रोक
- नकली और बिना निगरानी वाली दवाओं पर कार्रवाई

## दादाजी धाम में मां बगलामुखी प्रकटोत्सव मना

**जागरण, भोपाल।** रायसेन रोड स्थित पटेल नगर के दादाजी धाम मंदिर में शुक्रवार को मां पीतांबरा बगलामुखी का प्रकटोत्सव श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना कर भक्तों ने सुख-समृद्धि और विजय की कामना की। शनिवार को जानकी नवमी के पावन अवसर पर माता सीता का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु भावपूर्वक दर्शन कर सकेंगे। धार्मिक श्रृंखला के अंतर्गत अंतिम दिन विशेष पूजा, हवन, आरती के साथ भजन-कीर्तन और प्रसादी वितरण का आयोजन होगा। श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव एवं मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# एमपी नगर फैक्ट्री में तिलक व बिंदी प्रतिबंध को लेकर विवाद

**हिंदू उत्सव समिति ने किया प्रदर्शन, कर्मचारियों को बांधा कलावा, नोटिस वापस लेगा प्रबंधन**

**जागरण, भोपाल।** एमपी नगर स्थित एक निजी कंपनी में कर्मचारियों के धार्मिक प्रतीकों पर कथित प्रतिबंध को लेकर विवाद गहरा गया है। हिंदू उत्सव समिति ने इस फैसले का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने नोटिस जारी कर कर्मचारियों को तिलक, अंगूठी, कड़ा, बाली, मंगलसूत्र और बिंदी जैसे धार्मिक प्रतीक पहनकर आने से मना किया है। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था और परंपराओं पर आघात बताते हुए कहा कि ऐसा आदेश किसी भी हाल में मना नहीं किया जाएगा। इस मामले में एक कर्मचारी ने बताया कि वह कलावा और तिलक लगाकर फैक्ट्री पहुंचा था, लेकिन उसे अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं कंपनी के मैनेजर वीएस राजपूत ने बताया कि सर्कुलर कंपनी की ओर से जारी किया गया था। उनका कहना है कि इन वस्तुओं के उपयोग से प्रोडक्ट की क्वालिटी प्रभावित होने और रिजेक्ट होने की आशंका रहती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि समिति की आपत्ति पर विचार किया जाएगा और नोटिस वापस लेने की कोशिश की जाएगी।




**प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग**

हिंदू उत्सव समिति ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। साथ ही कंपनी के उत्पादों के बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। शुक्रवार को समिति के कार्यकर्ता बीडीए कार्यालय पर एकत्रित हुए और प्रदर्शन के बाद फैक्ट्री पहुंचे। यहां उन्होंने कर्मचारियों के समर्थन में तिलक लगाया और कलावा बांधा।

# सीएम हाउस से 600 मीटर दूरी पर की गई फायरिंग

**समझौते के 10 मिनट बाद घर पर चली गोलियां**

**जागरण, भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में लूट की घटना के कुछ दिन बाद ही फायरिंग करने का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री निवास से महज 600 मीटर दूरी पर स्थित किलोल पार्क क्षेत्र में बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने घर के बाहर फायरिंग कर दी। एक गोली बदमाशों ने दरवाजे पर चलाई और दूसरी बार हवाई फायर की। पुलिस ने मामले में हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया है। घटना बुधवार रात करीब 10.30 बजे की है। पुलिस के अनुसार किलोल पार्क निवासी शारदा बाई (55) का बेटा राजकुमार राजपूत निगरानी बदमाश है, जिसके खिलाफ कई थानों में करीब 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजकुमार का इन दिनों कोतवाली निवासी आकाश बाथम से पुराना विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष रात तक थाने में मौजूद रहे थे और समझौते के बाद घर लौटे थे। राजकुमार के घर पहुंचने के महज 10 मिनट बाद बिना नंबर की बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसका नाम लेकर आवाज चिल्लाया और फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने एक गोली दरवाजे पर दागी, जबकि दूसरी हवाई फायर कर मौके से फरार हो गए।

### पुलिस ने मौके से खोखा किया बरामद सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश

घटना के बाद पुलिस को मौके से एक खोखा बरामद हुआ है। पास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में दोनों नकाबपोश बदमाश वारदात को अंजाम देकर भागते नजर आए हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस की शुरुआती जांच में आकाश बाथम और उसके साथियों पर आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। गौरतलब है कि 15 दिनों के अंदर इलाके में यह दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले 10 अप्रैल को इसी क्षेत्र में लूट की घटना हुई थी।

**दुष्यंत संग्रहालय में व्याख्यान का आयोजन**

# आत्मबोध से ही विश्वबोध की ओर बढ़ता है व्यक्तिः वक्ता

**जागरण, भोपाल।** दुष्यंत संग्रहालय में 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर आयोजित व्याख्यान में वक्ताओं ने भारतीय दर्शन, आत्मचिंतन और सांस्कृतिक मूल्यों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक मुकेश मिश्रा ने कहा कि स्वयं को पहचानने की प्रक्रिया ही भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल है। उन्होंने कहा कि दुनिया में आत्मा को समझने का वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारत की विशेषता है और जैसे-जैसे व्यक्ति आत्मसाक्षात्कार की ओर बढ़ता है, वह औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होता जाता है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, मध्यभारत प्रांत एवं भोपाल इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुक्तिबोध सृजनपीठ के निदेशक ऋषि कुमार मिश्र ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने सह-अस्तित्व की अवधारणा को भारतीय चिंतन का आधार बताते हुए कहा कि यही दृष्टि व्यक्ति को 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना से जोड़ती है। सारस्वत अतिथि के रूप में परिषद के महामंत्री आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे। बीज वक्तव्य में डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि आत्मबोध केवल व्यक्तिगत चेतना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को अपनी संस्कृति, समाज और राष्ट्र के प्रति जागरूक बनाता है।




**मानव संग्रहालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति**

# कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर फोकस

**जागरण, भोपाल।** मानव संग्रहालय में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आयोजित नुक्कड़ नाटक ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया। 'गंदगी से आजादी' शीर्षक इस प्रस्तुति में कलाकारों ने मनोरंजक शैली में गंभीर विषयों को उठाते हुए दर्शकों को जागरूक किया। नाटक का संयोजन राजेंद्र कुमार झारिया और डॉ. मो. रेहान द्वारा किया गया। नटराजन ग्रुप इंडिया के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नुक्कड़ नाटक का निर्देशन संस्था के संस्थापक जॉय वाधवानी ने किया। प्रस्तुति में खुशी गंधर्व, ओम तोमर, खुशी सूर्यवंशी, इच्छा विश्वकर्मा, आयुष, दुर्गेश, आदित्य और भाव्या ने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, नन्हे कलाकार शीनू अहिरवार ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने विभिन्न रंगों के डस्टबिन के उपयोग और गीले, सूखे, इलेक्ट्रॉनिक व मेडिकल कचरे को अलग-अलग रखने के महत्व को समझाया। साथ ही बायो टॉयलेट की उपयोगिता और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में उसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक बैग के दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए लोगों को कपड़े या जूट के बैग के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया। कलाकारों ने संवाद और अभिनय के जरिए यह संदेश दिया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण और मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है।



## संक्षिप्त खबरें

## आपराधिक प्रकरणों में दोषियों को दिलाई जाए सजा: कलेक्टर



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल और बैरसिया में आपराधिक मामलों में दोषियों को सजा (दोषसिद्धि) की कम दर को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि ऐसे मामलों में एड़ी चोटी का जोर लगाकर अपराधियों को सजा दिलवाई जाए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में हुई बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में दर्ज आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने महिला अपराध, जघन्य श्रेणी के अपराधों और एनडीपीएस (मादक पदार्थ) के मामलों में दोषसिद्धि की स्थिति का बारीकी से विश्लेषण किया। कलेक्टर ने कम सजा मिलने की दर पर सख्ती दिखाते हुए कहा कि ऐसे प्रकरणों में आरोपियों के दोषमुक्ति के कारणों की पहचान करें और भविष्य में इन्हें कम करने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि साक्षी संरक्षण योजना के तहत गवाहों को स्वतंत्र और दबावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि वे गवाही दे सकें। इससे आरोपियों को सजा दिलाने में मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने अवैध नशे के व्यापार को लेकर नाराजगी दिखाई। उन्होंने अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रभावी तरह से लागू कर लापरवाही बरतने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करने को कहा है। कलेक्टर ने नियमित रूप से विवेचना अधिकारियों और अभियोजन अधिकारियों की नियमित संयुक्त समीक्षा बैठक करने और इससे चिन्हित व सनसनीखेज प्रकरणों में हो रही देरी को खत्म करने को भी कहा।

## अयोध्या नगर में आज से बरसेगा श्रीमद भागवत रस

**जागरण, भोपाल।** अयोध्या नगर स्थित महर्षि विद्या मंदिर एक बार पुनः आध्यात्मिक चेतना के दिव्य आलोक से आलोकित होने जा रहा है। 25 अप्रैल शनिवार से 1 मई तक यहां भव्य श्रीमद्भागवत पुराण कथा का आयोजन होगा। सात दिवसीय इस दिव्य ज्ञानयज्ञ में भागवताचार्य डॉ. निलिम्प त्रिपाठी (प्राध्यापक, संस्कृत, महर्षि महेश योगी वैदिक विवि, भोपाल) अपने मधुर एवं ओजस्वी श्रीमुख से श्रद्धालुओं को भागवत रसपान कराएंगे। विद्यालय के प्राचार्य अशोक डेहरिया ने बताया कि प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो सकेंगे। उन्होंने समस्त भोपालवासियों से आग्रह किया है कि इस पुण्य अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण करें।



## महिलाएं लाभार्थी नहीं, नवाचार से बनें रोजगार प्रदाता




**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एवं प्रख्यात उद्यमी प्रतिभा तिवारी ने महिला अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं केवल लाभार्थी न बनें, बल्कि अपने नवाचार से दूसरों के लिए रोजगार प्रदाता बनें। उन्होंने मिलेट्स (श्रीअन्न) के क्षेत्र में अपनी अंतरराष्ट्रीय सफलता और जैविक खेती के अनुभवों को साझा करते हुए महिलाओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि कैसे छोटे स्तर से शुरू कर आज वे सैकड़ों किसानों और महिलाओं को अपने उद्यम से जोड़कर आगे बढ़ रही हैं। कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक स्वाति सिंह ने कहा कि तकनीकी कार्यों से लेकर प्रशासनिक प्रबंधन तक, महिलाएं कंपनी को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना कंपनी की प्राथमिकता है।

## डीजीपी से मिले विदेश सेवा के अफसर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारियों ने पीएचक्यू में डीजीपी कैलाश मकवाणा से भेंट की। आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में ट्रेनिंग के लिए आए 2014, 2015 और 2025 बैच के इन अधिकारियों को डीजीपी ने अपने 38 वर्षों की नौकरी के अनुभव बताए। इस दौरान मकवाणा ने कहा कि विदेशों में पदस्थ अधिकारी केवल प्रशासनिक कार्य नहीं करते, बल्कि वे वहां भारत की गरिमा और विश्वास का चेहरा होते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे बिना रुके और बिना थके देश सेवा में समर्पित रहें। उन्होंने नशे से दूरी और सेफ क्लिक जैसे अभियानों की भी जानकारी दी, जिन्हें विदेशों में भी अवार्ड मिले हैं। इस दौरान आईएफएस अफसरों ने जापान, फ्रांस, म्यांमार और न्यूयॉर्क जैसे देशों में अपने काम के अनुभव साझा किए। प्रदेश भ्रमण के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था, महाकाल लोक और सांस्कृतिक विरासत को करीब से समझा।

## आरबीआई बैंक में 100 के 18 जाली नोट मिलने पर केस दर्ज

**जागरण, भोपाल।** एमपी नगर जोन-1 स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में जाली नोट मिलने का मामला सामने आया है। कैश जांच के दौरान 100 रुपए के 18 नकली नोट बरामद होने पर बैंक मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। भारतीय रिजर्व बैंक में विभिन्न बैंकों और स्रोतों से आने वाली नकदी की छंटनी और जांच की प्रक्रिया के दौरान इन नकली नोटों की पहचान हुई। बैंक अधिकारियों ने पाया कि 100 रुपए के 18 नोटों की छपाई और कागज की गुणवत्ता असली नोटों से अलग थी। इस पर आरबीआई के मैनेजर अविरल अग्रवाल ने एमपी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# चार साल में कोई मौत नहीं, 6 जिले बीमारी मुक्त

### विश्व मलेरिया दिवसः पॉजीटिविटी रेट में आ रही लगातार कमी, 2030 तक मलेरिया मुक्त राज्य का लक्ष्य

**नगर संवाददाता, भोपाल।** आज दुनियाभर में मलेरिया दिवस मनाया जा रहा है। एक समय हजारों लोगों की मृत्यु का कारण रहने वाला मलेरिया रोग अब दुनिया में समाप्ति की ओर है। मप्र में बीते चार साल में मलेरिया से एक भी मौत दर्ज नहीं हुई है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश के छह जिले मलेरिया मुक्त घोषित कर दिए गए हैं, अगले वर्ष दस और जिले मुक्त होने की संभावना है। भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, इसी दिशा में मप्र भी आगे बढ़ रहा है। इसका संकेत पॉजीटिविटी रेट से मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भोपाल में वर्ष 2018 में 2548 नमूनों की जांच की गई जिसमें से 106 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हुई थी, 2025 में यह संख्या घटकर 15 रह गई। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पहले 440 सैंपलों में मलेरिया का एक मामला सामले आता था अब 35,500 से ज्यादा सैंपलों की जांच के बाद मलेरिया पॉजीटिव मरीज मिलता है। 2025 में भोपाल में 526273 सैंपलों की जांच की गई इनमें से महज 15 पॉजीटिव मिल सके।



**विदिशा-हरदा सहित छह जिले मलेरिया फ्री :** जानकारी अनुसार मलेरिया एक मच्छरजनित रोग है, जो मादा एनाफिलीज के काटने से होता है। ये मच्छर साफ और ठहरे पानी में पनपता है। इसकी उम्र छह से आठ सप्ताह है। फिलहाल प्रदेश में 6 जिलों आगर मालवा, विदिशा, हरदा, शाजापुर, राजगढ़ और छतरपुर को मलेरिया फ्री घोषित किया जा चुका है। अब दस और जिलों को इस सूची में शामिल करने की तैयारी है। मालूम हो कि लगातार जीरो केस वाले जिलों को मलेरिया फ्री घोषित किया जाता है।

**मलेरिया नियंत्रण के लिए किए जा रहे काम :** संचारी रोग अभियानः 2018 में संचारी रोग अभियान शुरू हुआ। 30 दिन तक गांव-शहर में साफ-सफाई जलभराव न होने, स्कूलों में बच्चों को बीमारी की जानकारी देने के लिए अभियान में 12 विभाग शामिल होते हैं।

### भोपाल में स्थिति

| साल | मरीज | नमूने लिए |
|---|---|---|
| 2025 | 2126 | 113.69 लाख |
| 2024 | 3247 | 118.99 लाख |
| 2023 | 3794 | 119.81 लाख |
| 2022 | 3826 | 110.31 लाख |
| 2021 | 3181 | 98.64 लाख |
| 2020 | 6760 | 90.56 लाख |

| साल | मरीज | साल | मरीज |
|---|---|---|---|
| 2025 | 15 | 2021 | 37 |
| 2024 | 15 | 2020 | 12 |
| 2023 | 17 | 2019 | 106 |
| 2022 | 19 | 2018 | 152 |

**फॉगिंग, एंटी लारवा छिड़कावः** ठहरे हुए साफ पानी में एंटी लार्वा छिड़काव किया जाना। लार्वा नष्ट करने के लिए पानी में केरोसिन की बूंदें छिड़कना और पानी को ढककर रखने के प्रति लोगों को जागरूक करना।

**माह का आयोजनः** गांव गांव मलेरिया रथ भेजा गया, स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांचें की गईं। लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक समेत अन्य आयोजन किए गए।

### मलेरिया के लक्षण

- तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द होना
- सिर में दर्द होना, ठंड लगना
- शरीर में ऐंठन होना, पसीना आना
- उल्टी होना, पेट में दर्द होना

### बचने के उपाए

- रात को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर सोएं, मच्छरदानी लगाएं
- मच्छररोधी क्रीम लगाएं, सोने से घंटेभर पहले कॉइल जलाएं
- ठहरे हुए पानी और नाली में केरोसिन की बूंदें छिड़क दें
- खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगाएं, जिससे मच्छर न आ पाए
- पानी को ढककर रखें, ड्रम-टंकी की सफाई करें

"मलेरिया को खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यही कारण है कि यह रोग धीरे धीरे खत्म हो रहा है। आने वाले सालों में मलेरिया पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।"
**डॉ. हिमांशु जैसवार, उप संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं**

## नहाने के दौरान कुएं में डूबने से नाबालिग की गई जान

**जागरण, भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र में नाबालिग की कुएं मे डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 14 वर्षीय अंकित कर्मा पिता रामबाबू आमला गांव में रहता था। वह दो भाईयों में बड़ा था। दोस्तों के साथ अक्सर वह जंगल में खेत के पास बने कुंए में नहाने जाता था। गुरुवार सुबह उसके परिजन रिश्तेदार की शादी में शामिल होने सीहोर गए थे। वह घर में अकेला था। शाम 7 बजे परिजन वापस लौटे तो उन्हें अंकित दिखाई नहीं दिया। आसपास के लोगों पूछने पर उन्होंने बताया कि दोपहर तीन बजे गांव लड़कों के साथ वह दिखाई दिया था। काफी देर तक तलाशने के बाद जब परिजन कुएं के पास पहुंचे तो उन्हें कुएं के बाहर कपड़े और चप्पल मिले। झांककर देखने पर अंदर अंकित डूबा मिला। बाद में ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि नाबालिग कुएं में कैसे डूबा। अभी तक किसी भी बच्चे के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# टू-व्हीलर रेस में दिखी 40 राइडर्स की रफ्तार

**भोपाल।** रोमांच और रफ्तार से भरपूर मोटर स्पोर्ट्स इवेंट 'वॉरियर्स ऑफ स्पीड' का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत टू-व्हीलर रेसिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आए करीब 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी राइडिंग स्किल्स का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को इस तरह डिजाइन किया गया कि नए और अनुभवी दोनों तरह के राइडर्स को बराबरी का मंच मिल सके। इसी उद्देश्य से इसे दो मुख्य वर्गों बिगिनर्स और एक्सपर्ट में बांटा गया। आयोजक दानिश अफगानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ग में कई उप-श्रेणियां रखी गईं, जिससे प्रतिभागी अपनी क्षमता और बाइक की कैटेगरी के अनुसार प्रतिस्पर्धा कर सकें। इवेंट में अलग-अलग सीसी कैटेगरी, ओपन क्लास, एडवेंचर और स्कूटर वर्ग को शामिल कर इसे बहुआयामी रूप दिया गया। रेस के लिए बिगिनर्स के लिए 6, एक्सपर्ट राइडर्स के लिए 8 और महिला प्रतिभागियों के लिए 4 लैप्स तय किए गए।

## खाकी ने रोके 20 बाल विवाह परिवारों को दी गई चेतावनी

### कम्युनिटी पुलिसिंग के जरिए दी समझाइश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में कम्युनिटी पुलिसिंग और जिलों के प्रशासन के समन्वय से इस साल अक्षय तृतीया पर 20 से अधिक बाल विवाह रोके गए। पीएचक्यू से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार, इस दौरान सबसे बड़ी कार्रवाई राजगढ़ जिले में की गई। यहाँ अक्षय तृतीया पर मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने अन्य विभागों की टीम के साथ अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी और वर एवं वधू की आयु की पड़ताल की। यहाँ के जीरापुर में आयोजित एक सामूहिक विवाह सम्मेलन की जांच के दौरान 6 जोड़ों की उम्र वैधानिक आयु से कम पाई गई, जिसके बाद उनके आवेदन तत्काल निरस्त कर दिए गए। इसी तरह देवास जिले में भी पुलिस और महिला बाल विकास विभाग की टीमों ने ग्राम डिंगरोदा में 14 वर्षीय बालिका का विवाह रुकवाया और उसे सुरक्षा की दृष्टि से वन स्टॉप सेंटर भेजा। जिले के ही मानकुंड और अजीजखेड़ी में भी 16 व 17 वर्ष की नाबालिग बालिकाओं के विवाह पुलिस की मदद से समय रहते रुकवा दिए गए। पुलिस ने उज्जैन जिले के ग्राम इंगोरिया और पातिया खेड़ी में राजस्व टीम के साथ मिलकर दो विवाह रुकवा दिए। इस दौरान परिजनों को चेतावनी दी गई कि बाल विवाह में सहयोग करने वालों के खिलाफ भी केस दर्ज किया जाएगा। इसी तरह मंदसौर में भी एक नाबालिग बालक की शादी की जा रही थी, उसे फेरे लेने से पहले ही बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। जांच में उसकी आयु 21 साल से कम पाई गई। वहीं, मुरैना के उत्तमपुरा स्थित मैरिज गार्डन और शिवपुरी के ग्राम डबहारा में भी पुलिस के समय पर पहुँचने से बाल विवाह रोक दिया गया।



## 30 हजार नर्सिंग छात्रों को हाईकोर्ट से झटका

**जबलपुर।** तीन दिन बाद परीक्षा देने की तैयारी में जुटे नर्सिंग के 30 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को हाईकोर्ट से जमकर झटका लगा है। प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में फर्जीवाड़े की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की युगलपीठ ने कहा कि हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर परीक्षाएं नहीं हो सकेंगी। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 28 अप्रैल को तय की है। जबकि इसी दिन यानी 28 अप्रैल से ही नर्सिंग कालेजों की परीक्षाएं शुरू होना थीं। हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस अविनेंद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने आदेश सुनाया। अदालत की अनुमति के बिना परीक्षाएं न होने का आदेश देते हुए युगलपीठ ने कहाकि आगामी परीक्षाओं के लिए नर्सिंग काउंसिल को अनुमति लेनी होगी। साथ ही अपात्र कॉलेजों के छात्र पहले पात्र कॉलेजों में ट्रांसफर किए जाए। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई द्वारा की गई जांच में 800 में से 600 कॉलेज अपात्र पाए गए थे। याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने अदालत में लगाए आवेदन में आरोप लगाया था कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले कागजी /अमानक कालेजों में जीएनएम कोर्स संचालित करने वाले जो 117 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए थे। अब एमपी नर्सिंग काउंसिल उनके छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में ट्रांसफर करने के स्थान पर उन कॉलेजों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ले रहा है, जो 28 अप्रैल से प्रस्तावित है। अब नर्सिंग कॉलेजों की प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए एमपी नर्सिंग काउंसिल को आवेदन पेश कर हाईकोर्ट से अनुमति लेनी होगी, इसी आधार नर्सिंग कॉलेजों की परिक्षाओं पर निर्णय होगा।

**कोर्ट का आदेश- बिना अनुमति नहीं होंगी परीक्षाएं**

## प्रथम वर्ष के छात्र से बाइक सवार बदमाशों ने लूटा मोबाइल

**जागरण, भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे प्रथम वर्ष के छात्र से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट कर मौके फरार हो गए। घटना 9 अप्रैल की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। टीआई विकास यादव के अनुसार 19 वर्षीय अरिन हवायत मिसरोद का रहने वाला है। वह निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र है। 9 अप्रैल की शाम करीब साढ़े 8 बजे वह पैदल जा रहा था। जहां इंद्रपुरी ए सेक्टर स्थित लाइफ लाइन ब्लड सेंटर के पास पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना के वक्त वह कुछ समझ पाता,उससे पहले से बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना बाद में पीड़ित ने ई-एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## भीषण गर्मी में बोर्ड के री-एग्जाम से टेंशन में टीचर

### मांग के बाद भी मंडल ने नहीं बदला शेड्यूल, प्रदेशभर में होगी परेशानी

**भोपाल।** भीषण गर्मी के बीच अगले महीने से प्रस्तावित माध्यमिक शिक्षा मंडल की दूसरी परीक्षा के शेड्यूल ने टीचर्स का टेंशन बढ़ा दिया है। पिछले महीने शिक्षकों ने पत्र लिखकर मांग की थी क मई में परीक्षा आयोजित न की जाए। लेकिन मंडल ने शिक्षकों की मांग पर ध्यान नहीं दिया और टाइम टेबल घोषित कर दिया। अब 7 मई से बोर्ड कक्षाओं के लिए दूसरे अवसर की परीक्षा शुरू होने जा रही है। इतना ही नहीं इसी महीने जनगणना का कार्य भी प्रचलन में है। ऐसी चुनौती के बीच शिक्षक स्वास्थ्य को लेकर कई तरह की आशंकाओं से घबराए हुए हैं। इससे एक बार फिर शिक्षकों ने मांग उठाई है कि मंडल, परीक्षा का कार्यक्रम बदले और मई की बजाय जून माह में यह एग्जाम कराए तो उचित होगा।

### शिक्षक संगठन कर रहे शेड्यूल बदलने की मांग

शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सीपी तिवारी ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव की मांग वह शुरुआती दौर से ही उठाते रहे हैं। लेकिन इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उनका कहना है कि अभी तेज गर्मी पड़ रही है ऐसे में मंडल को फिलहाल दूसरी परीक्षा का आयोजन निरस्त कर देना चाहिए।

### परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने को लिखेंगे पत्र

मध्य प्रदेश अपाक्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव का कहना है की परीक्षा की तिथि मई की बजाय जून में बढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल का यह बिना सोचे-समझा निर्णय है। इस महीने में परीक्षा का आयोजन कर जहां शिक्षकों के ग्रीष्म अवकाश समाप्त करने की तैयारी की गई है वहीं टीचरों को मानसिक प्रताड़ना है। अनेक शिक्षक बीमार हैं उनका ध्यान भी माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं स्कूल शिक्षा विभाग को रखना होगा।

### जून में कराई जाएं परीक्षाएं

मध्य प्रदेश समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश दुबे ने कहा कि मई के महीने में परीक्षाएं कराना शिक्षकों के लिए बड़ी मुसीबत से कम नहीं है, शिक्षक इस दौरान घर घर जाकर जनगणना कार्य भी करेगा। सुरेश दुबे का कहना है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल को तत्काल टाइम टेबल में बदलाव करना चाहिए और यह परीक्षा मई के बजाय जून में आयोजित करना चाहिए।

### ग्रीष्म अवकाश पर भी पड़ेगा असर

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव सीताराम तिवारी का कहना है कि शिक्षकों के ग्रीष्म अवकाश यथावत रखे जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि ऐसे समय माध्यमिक शिक्षा मंडल को परीक्षा नहीं कराना चाहिए। अनेक शिक्षक ऐसे हैं, जिनके परिवारों में शादी विवाह तय हो चुके हैं। अब ऐसे में शिक्षक परीक्षा करवाएंगे, जनगणना में उसकी ड्यूटी लगेगी तो फिर अपने परिवारों के सरोकार वह कैसे निभा पाएगा। इसमें विभाग को सोचना होगा। उन्होंने कहा है कि इस संदर्भ में जल्द ही माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

## युवा प्रतिभाओं को मिला मंच 'रॉयल रनवे 2026' का हुआ आगाज

**जागरण, भोपाल।** शहर की युवा प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से यूथ फन फेस्ट के तहत 'रॉयल रनवे 2026' का आगाज शुक्रवार को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। 'आत्मविश्वास के साथ चलिए, अपनी पहचान बनाइए' थीम पर आयोजित इस इवेंट में कक्षा 11-12 की छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया जा रहा है। पहले दिन प्रतिभागियों ने रिहर्सल में हिस्सा लेते हुए रैम्प वॉक, एक्सप्रेशन और स्टेज प्रेजेंस का अभ्यास किया। आयोजन के दौरान छात्राओं को प्रोफेशनल ग्रुमिंग, रैम्प वॉक ट्रेनिंग, फोटोशूट, स्टेज एक्सपोजर और पर्सनालिटी डेवलपमेंट की ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ खुद को प्रस्तुत कर सकें। प्रतियोगिता में वेस्टर्न, ट्रेडिशनल, टैलेंट और फाइनल प्रश्नोत्तर जैसे विभिन्न राउंड आयोजित किए जाएंगे। इन राउंड्स के आधार पर विजेताओं को मिस रॉयल रनवे, मिस फर्स्ट रनर-अप और सेकंड रनर-अप के साथ ही मिस टैलेंट, मिस फोटोजेनिक और मिस कैटवॉक जैसे खिताबों से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य शहर की युवतियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम का ग्रैंड फिनाले शनिवार को होगा, जिसमें प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। ग्रैंड फिनाले में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सीमा रायजादा उपस्थित रहेंगी, जबकि जज के रूप में एक्टर एवं मॉडल आकृति तिवारी, मधुलिका बाजपेयी और स्वर्णा प्रतिभागियों का मूल्यांकन करेंगी।



## मेंटेनेंस और लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते राजधानी के कई क्षेत्रों आज बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में शनिवार को विभिन्न इलाकों में बिजली लाइन मेंटेनेंस और एनएचएआई द्वारा किए जा रहे लाइन शिफ्टिंग के काम के चलते अलग-अलग क्षेत्रों में निर्धारित समय पर बिजली कटौती की जाएगी। मुख्य रूप से भोपाल टॉकीज, बैरसिया रोड सहित अन्य इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज भोपाल टॉकीज चौराहा, मॉडल ग्राउंड पेट्रोल पंप, शाहजहानाबाद थाना, नूरमहल रोड और अशोका कॉलोनी और आसपास के इलाकों में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रहेगी। वहीं बैरसिया रोड, काजीकैंप, बाफना कॉलोनी, ग्रीन पार्क कॉलोनी, कांग्रेस नगर, चौकसे नगर व आसपास सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक, एनएचएआई लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते जनता नगर, जनता क्वार्टर, पंचवटी फेस-1 व 2, नबीबाग, थाना निशातपुरा और आसपास व लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते विश्वकर्मा नगर, एलआईजी, एमआईजी, मौलवी नगर, कमला नगर, हनीफ कॉलोनी, आशियाना कॉलोनी, पारस नगर व आसपास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

### इन इलाकों में भी होगी कटौती

अवधपुरी स्थित अमृतपुरी, श्यामपल्ली, गोपाल नगर, निर्मल नगर, नागार्जुन, मायाधाम, एसओएस ओल्ड, आध्या हैबिटेट, सुरभि लाइफ स्पेस, दीप मोहिनी फेस-3, सुख सागर और बालाजी नगर व आसपास सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक और कोलार स्थित अंसल ग्रीन, डी-मार्ट, जानकी अपार्टमेंट, फाइन एवेन्यू, गेहूंखेड़ा, तहसील ऑफिस, वंदना नगर, सेंट जोसेफ स्कूल, मधुबन हाइट्स, साई रेजिडेंसी और आसपास सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक और तुलसी नगर के 89 ब्लॉक, 60 टेम्परेरी पीडब्ल्यूडी क्वार्टर्स, नवीन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कैंपस, तुलसीनगर सब-स्टेशन के पास बाजार, तरुण मार्केट, मयूर पार्क, सत्य साईं मंदिर और विशाल फिटनेस प्लैनेट व आसपास के इलाकों में सुबह 10.30 से 12.30 तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# हठधर्मिता के चलते और गहराया होर्मुज संकट

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम की अवधि आगे बढ़ाए जाने ने इस बात को रेखांकित किया है कि पश्चिम एशिया के युद्ध में शामिल बड़ी शक्तियों और उनके सहयोगियों में युद्ध की इच्छा कमजोर पड़ी है। बहरहाल अमेरिका द्वारा अप्रत्याशित रूप से होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करने के निर्णय के बाद भविष्य की राह अनिश्चित नजर आ रही है। दरअसल, जब दुनिया की सबसे शक्तिशाली नौ सेना समुद्री वैध सीमाओं के करीब खाड़ी की सीमाओं से काफी दूर, ईरानी पोतों का पीछा कर रही है तो इस गतिरोध को दूर कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है। ईरान ने भी अमेरिका की बंदी की प्रतिक्रिया में होर्मुज स्ट्रेट को एक बार खोलकर दोबारा बंद कर दिया है। ऐसे में राजनीतिक और आर्थिक हालात दो सप्ताह पहले युद्ध विराम के शुरुआती समय की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ चुके हैं।

यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अमेरिका को गतिरोध दूर करने के लिए एक उपयुक्त हल तलाश करना होगा। युद्ध विराम की अवधि बढ़ा कर लेकिन होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान में कथित मतभेद पर दांव लगा रहे हैं ताकि ईरान के वार्ताकारों को बातचीत के लिए दोबारा राजी किया जाए। हालांकि अब तक इस कदम के पीछे का तर्क समझ से परे है। यदि,जैसा कि रिपोर्ट किया गया है, शक्तिशाली इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) सक्रिय रूप से राजनीतिक नेताओं को दरकिनार कर रही है, तो साझा आधार खोज पाना कठिन है। अपनी प्रकृति से ही ईरान की सर्वोच्च शासकीय एजेंसी होने के कारण, आईआरजीसी राजनीतिक नेतृत्व की तुलना में कहीं अधिक कठोर होगी और अमेरिका की चुनौतीपूर्ण शर्तों यानी यूरेनियम संवर्धन पर रोक और हमास व हिज्बुल्लाह जैसे सहयोगी समूहों के हथियारविहीन होने को स्वीकार करने में अनिच्छुक रहेगी। इसलिए बहुत कुछ लेबनान और इजरायल के बीच अमेरिका-प्रायोजित शांति वार्ताओं पर निर्भर करता है। इसके अलावा, अमेरिकी नाकाबंदी ईरान की निर्यात आय और खाद्य पदार्थ, अनाज तथा दवाइयों जैसे आवश्यक आयातों को निस्संदेह सीमित करेगी, जिससे उसके लोगों का कष्ट बढ़ेगा।

वास्तव में, संघर्ष शुरू होने के बाद भी देश ने अपना तेल निर्यात जारी रखा और ऊंची कीमतों का लाभ उठाया। होर्मुज स्ट्रेट से पारगमन शुल्क लगाने के साथ-साथ, ईरान ने एक तरह का बफर तैयार कर लिया है। मार्च में, उसने पिछले डेढ़ वर्ष में अपनी पांचवीं सबसे ऊंची आय दर्ज की। इसके अलावा, दशकों से बढ़ती पाबंदियों ने ईरानी जनता को कठिनाइयों के प्रति अभ्यस्त बना दिया है। इस स्थिति में, एक और नाकाबंदी झेलना उनके लिए बहुत कठिन नहीं होना चाहिए। इतना कष्ट झेलने के बाद, ईरानी शायद इस समय पीछे हटने के लिए तैयार न हों। इस बीच, दुनिया ईंधन की कमी के कारण विनाशकारी आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से जूझ रही है। तेल की कीमतें, जो युद्ध विराम की घोषणा के समय कुछ हद तक स्थिर हुई थीं, फिर से बढ़ गईं जब अमेरिकी नौ सेना ने एक ईरानी झंडे वाले मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही 2026 की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 3.3 फीसदी से घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह आकलन आशावादी प्रतीत होता है।

भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया, जो आर्थिक वृद्धि के लिहाज से सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक है, नाकाबंदी का सबसे अधिक खमियाजा भुगत रहे हैं। खाड़ी देशों से होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते आने वाला 80 फीसदी से अधिक कच्चा तेल और अन्य जीवाश्म ईंधन एशिया के लिए होता है। यह तथ्य कि ईरान का 90 फीसदी तेल चीन जाता है, चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और बिगाड़ने का जोखिम बढ़ाता है, जिसके परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। संक्षेप में, युद्ध विराम और नाकाबंदी ने जमीनी हकीकतों को उतना नहीं बदला है जितना कि युद्ध को फिर से शुरू करने से बदलता।

## प्रसंगवश

# जीवनशैली से होने वाली बीमारियां चिंताजनक

निस्संदेह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की वह रिपोर्ट राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ाने वाली है कि देश की पचास फीसदी आबादी अपनी जीवनशैली से जुड़े रोगों से ग्रस्त-त्रस्त है। यह भी फिक्र बढ़ाने वाला है कि एक दशक पहले देश में खान-पान, जीवन व्यवहार व तनाव से उपजे रोगों का प्रतिशत जहां 31 था, वो अब पचास फीसदी तक जा पहुंचा है। वहीं एक अच्छी बात यह है कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार व नये शोध अनुसंधान के चलते संक्रामक रोगों का प्रतिशत घटा है। लेकिन हमारे खानपान व जीवन व्यवहार में तेजी से आ रहे बदलावों के चलते लोग मोटापे, मधुमेह, तनाव व उच्च रक्तचाप जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते जानलेवा संकट भी बढ़ रहा है।



दरअसल, हमें स्वीकार करना होगा कि आजादी के बाद देश में आम आदमी के जीवन स्तर में किसी न किसी तरह सकारात्मक बदलाव आया है, जिसके चलते जीवनशैली भी बदली है। लेकिन पौष्टिक व शरीर की जरूरतों के अनुकूल भोजन न करने, शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद की कमी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो इन रोगों के वाहक बनते हैं। इसमें आनुवंशिक रोगों की भी भूमिका है। धीरे-धीरे शरीर को खोखला करने वाले ये रोग कालांतर जानलेवा बन जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन भी चिंता जता रहे हैं कि भारत में विभिन्न रोगों से मरने वाले ज्यादातर लोगों की मौत की वजह संक्रामक रोग के बजाय जीवनशैली से जुड़े रोग हैं। जो हमारी गभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञान की आशातीत प्रगति के चलते आम भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इजाफा हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़े रोगों का बढ़ना इस कामयाबी पर पानी फेरने जैसा है। यही वजह है कि देश में स्वास्थ्य बीमा कारोबार में तेजी आई है, यह तेजी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। लेकिन ये बीमा कंपनियां रोग से बचाव में मदद करने के बजाय व्यक्ति के रोगों के इलाज को प्राथमिकता देती हैं।

हालांकि, देश में जीवनशैली से जुड़े रोगों से बचाव के लिये जागरूकता जरूर आई है। जिसके लिये राजग सरकार को श्रेय देना होगा।

प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग का दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। यह जागरूकता भारत में भी है। लेकिन बड़ी आबादी अब भी इससे दूर है। प्रधानमंत्री 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम व अन्य मंचों से मोटापे से बचाव और खानपान में मिलेट अपनाने पर अक्सर बल देते नजर आते हैं। लेकिन इस पर सकारात्मक प्रतिसाद अपेक्षित अनुपात में नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि लोगों को महंगा इलाज कराने को बाध्य होना पड़ता है। विडंबना है कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे रोगों से राहत के लिये डॉक्टर जीवनभर दवा खाने को कहते हैं। तमाम लोग निजी अस्पतालों में हृदयरोग आदि के महंगे इलाज से गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं।

कोरोना संकट के सबक हमें याद रखने चाहिए, जब लोगों ने जेवर, जमीन व मकान तक गिरवी रखकर अपना उपचार कराया। लेकिन यदि लोग शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, योग, ध्यान और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं तो इन रोगों से बच सकते हैं। विडंबना यह है कि हमने परंपरागत भारतीय खाद्य पदार्थों की अनदेखी करके पश्चिमी व चीनी खाद्य विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है। जो हमारी जलवायु व शारीरिक प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं। जंक फूड में रासायनिक पदार्थ नुकसानदायक हैं वहीं तले-भुने खाने ने मोटापे को बढ़ाया है। फिर हम शारीरिक श्रम करने से बचते हैं और आरामतलबी का जीवन जीते हैं। जिसके फलस्वरूप बढ़ा मोटापा कई रोगों का वाहक बन जाता है।

देर रात तक मोबाइल व इंटरनेट पर सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से हमारी नींद में खलल पड़ा है। नींद पूरी न होने से तनाव व अवसाद बढ़ा है। हमारा देर से भोजन करना, देर से सोना और सुबह देर से उठना भी रोगों का कारक बना है। हमने जबसे खाने में पारंपरिक पौष्टिकता के बजाय स्वाद को प्राथमिकता देनी शुरू की है, तभी से शरीर में जरूरी विटामिनों की कमी बढ़ी है। प्रदूषित खान-पान की भी इस संकट में भूमिका है। वहीं सहज-सरल व्यवहार हमारे स्वस्थ होने की गारंटी है।

## आमदनी भी और पहचान भी

# पॉडकास्ट : युवाओं का डिजिटल मंच




"पॉडकास्ट युवाओं के लिए एक ऐसा डिजिटल मंच है, जहां वे विभिन्न विषयों पर अपने उपयोगी विचार और ज्ञान दुनिया के साथ साझा कर सकते हैं। पॉडकास्टिंग आमदनी का साधन भी है। यदि आपकी आवाज़ में सच्चाई है और कंटेंट उपयोगी है, तो श्रोता अपने आप जुड़ते हैं।

● राजेन्द्र कुमार शर्मा ●

डिजिटल युग में युवाओं के सामने अभिव्यक्ति और कमाई के नए-नए रास्ते खुल रहे हैं। इन्हीं में से एक सशक्त माध्यम है—पॉडकास्ट। आज जब हर व्यक्ति के पास स्मार्टफोन और इंटरनेट है, तब पॉडकास्ट न केवल अपनी बात दुनिया तक पहुंचाने का जरिया बना है, बल्कि पहचान और आमदनी का भरोसेमंद साधन भी बन रहा है। पॉडकास्ट का मतलबइस्र द्वष्टपॉडकास्ट मूल रूप से ऑडियो कार्यक्रम होता है, जिसे इंटरनेट के माध्यम से सुना जाता है। यह रेडियो जैसा है, लेकिन इसमें श्रोता अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी सुन सकते हैं। पॉडकास्ट किसी एक विषय पर केंद्रित हो सकता है-जैसे शिक्षा, कैरियर, प्रेरणा, साहित्य, राजनीति, खेल, स्वास्थ्य, कहानी, आध्यात्मिकता या स्थानीय मुद्दे।

### आवश्यक योग्यताएं

पॉडकास्ट शुरू करने के लिए किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं होती। सबसे जरूरी है— विषय की समझ और रुचि, स्पष्ट और प्रभावी बोलने की क्षमता, नियमितता और अनुशासन व नित नया सीखने की इच्छा। यदि आपकी आवाज़ में सच्चाई है और कंटेंट उपयोगी है, तो श्रोता अपने आप जुड़ते हैं। आपके पॉडकास्ट की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि आप अपने चुने हुए विषय में कितनी गहराई तक शोध कार्य करते हैं। यह भी कि कितनी सही, तथ्यात्मक और रोचक जानकारी निकाल कर अपने श्रोताओं के सामने प्रस्तुत करते है।

### कम इन्वेस्टमेंट में शुरुआत का तरीका

सबसे पहले अपना विषय और टारगेट ऑडियंस तय करें। फिर 10-15 मिनट के छोटे एपिसोड से शुरुआत करें। स्पॉटिफाई / गूगल पॉडकास्ट / एप्पल पॉडकास्ट जैसे प्लेटफॉर्म पर मुफ्त अकाउंट बनाएं। नियमित रूप से एपिसोड अपलोड करें। अपनी भाषा और शैली को सरल व आत्मीय रखें। फिर श्रोताओं को अपने शो या कार्यक्रम का हिस्सा बनाइए।

### नेटवर्क और सब्सक्राइबर्स ऐसे बढ़ाएं

सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब शॉर्ट्स) पर अपने एपिसोड शेयर करें। अपने पॉडकास्ट का छोटा ऑडियो या वीडियो क्लिप बनाकर प्रचार करें। श्रोताओं से सवाल पूछें, उनकी राय लें। अन्य पॉडकास्टर्स के साथ कोलैबोरेशन करें। निरंतर गुणवत्ता बनाए रखें, यही सबसे बड़ी कुंजी है।

### आमदनी का जरिया

पॉडकास्ट से कमाई के कई रास्ते हैं जैसे स्पॉन्सरशिप और ब्रांड प्रमोशन, प्लेटफॉर्म द्वारा मिलने वाले विज्ञापन रेवेन्यू, पेड सब्सक्रिप्शन या मेंबरशिप, अपनी सेवाओं, किताबों, कोर्स या उत्पादों का प्रचार, लाइव शो और इवेंट्स आदि। शुरुआत में आमदनी कम हो सकती है, लेकिन पहचान बनते ही अवसर अपने आप बढ़ते जाते हैं। पॉडकास्ट आज के युवाओं के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे अपनी आवाज़, विचार और ज्ञान से समाज को दिशा दे सकते हैं और साथ ही आत्मनिर्भर भी बन सकते हैं। बस जरूरत है—पहला कदम उठाने की।



### जरूरी इक्विपमेंट्स

पॉडकास्ट के लिए बहुत महंगे उपकरणों की जरूरत नहीं होती। शुरुआत आप कम इन्वेस्टमेंट में भी कर सकते हैं—एक अच्छा स्मार्टफोन, साधारण लैपल माइक या हेडफोन माइक, शांत कमरा या जगह, मुफ्त ऑडियो एडिटिंग ऐप्स (जैसे एंकर / स्पॉटिफाई फॉर पॉडकास्ट/ ओडासिटी आदि)। धीरे-धीरे आप प्रोफेशनल माइक्रोफोन और साउंड ट्रीटमेंट की ओर बढ़ सकते हैं।

## ऑटो अपडेट

# नई बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज फ्यूचरिस्टिक डिजाइन पर फोकस




बीएमडब्ल्यू ने अपनी फ्लैगशिप लक्जरी सेडान (बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज) का नया जनरेशन मॉडल ग्लोबली पेश किया है।

इसका अनावरण चीन के बीजिंग में किया गया और इसकी प्रोडक्शन और लॉन्च प्रक्रिया सितंबर 2026 से शुरू होने की उम्मीद है। नई 7 सीरीज को कंपनी की लेटेस्ट (न्यू क्लासे) डिजाइन लैंग्वेज के साथ पेश किया गया है।

"बीएमडब्ल्यू की नई 7 सीरीज फ्लैगशिप कार न्यू क्लासे डिजाइन लैंग्वेज के साथ पेश हुई है। जिसमें एक मोनोलिथिक एक्सटीरियर और हाई-टेक इंटीरियर दिया गया है। इसकी शुरुआती कीमत 2 से 2.60 करोड़ रुपयों तक बताई का रही है ।

**डिजाइन में क्या नया** : नई सीरीज में 'मोनोलिथिक' डिजाइन स्टाइल दिया गया है, जिसमें बड़ी और रोशनी वाली किडनी ग्रिल खास आकर्षण है। इसके साथ दो-भाग वाले एलई डी हेडलाइट्स मिलते हैं, जहां ऊपर और नीचे मुख्य हेडलाइट्स छिपे हुए हैं। इसके अलावा, ग्रिल में ही सेंसर और रडार को इंटीग्रेट किया गया है, जिससे डिजाइन साफ और आधुनिक दिखता है। कस्टमाइजेशन पर भी खास ध्यान दिया गया है, जहां एक्सटीरियर के लिए सैकड़ों विकल्प दिए गए हैं।

### इंटीरियर और फीचर्स एडवांस

नई 7 सीरीज का इंटीरियर प्रीमियम अनुभव पर केंद्रित है। इसमें पेनोरमिक सिस्टम मिलता है, जो विंडस्क्रीन पर जरूरी जानकारी प्रोजेक्ट करता है। इसके अलावा, 31.3-इंच का 8के थिएटर स्क्रीन दिया गया है, जिससे केबिन को मोबाइल सिनेमा या वर्कस्पेस में बदला जा सकता है। ऑडियो के लिए हाई-एंड साउंड सिस्टम, एम्बिएंट लाइटिंग और पैनोरमिक रूफ जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। सीट्स में मसाज, रीक्लाइन और लेग रेस्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो आराम को अगले स्तर तक ले जाते हैं।

### टेक्नोलॉजी में भी बड़ा अपग्रेड

नई सीरीज में लेटेस्ट ऑपरेटिंग सिस्टम और एआई -आधारित फीचर्स दिए गए हैं। इसमें स्मार्ट रूट प्लानिंग, बैटरी मैनेजमेंट और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस टेक्नोलॉजी शामिल है। इसके अलावा, कार में इन-कार गेमिंग, थर्ड-पार्टी ऐप्स और इंटेलिजेंट पर्सनल असिस्टेंट जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

**पावरट्रेन और परफॉर्मेंस** : नई 7 सीरीज में इलेक्ट्रिक और प्लग-इन हाइब्रिड दोनों विकल्पों पर जोर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वर्जन में डुअल-मोटर ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम मिलता है, जो दमदार पावर और लंबी रेंज प्रदान करता है। इसमें फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी दिया गया है, जिससे कम समय में बैटरी चार्ज की जा सकती है। वहीं, प्लग-इन हाइब्रिड वर्जन में पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर का कॉम्बिनेशन मिलता है, जो परफॉर्मेंस और एफिशिएंसी दोनों को संतुलित करता है।

**लग्जरी सेगमेंट में मुकाबला** : नई सीरीज अपने डिजाइन, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस के साथ लक्जरी सेडान सेगमेंट में नया मानक स्थापित कर सकती है। इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड विकल्पों के साथ, यह भविष्य की मोबिलिटी और प्रीमियम अनुभव दोनों को एक साथ पेश करती है।

## लोन अलर्ट

# लोन फोर्स क्लोज करवाने पर गिरता है सिबिल स्कोर?

● अनुज श्रीवास्तव ●




"क्या आप भी अपने किसी लोन को जल्दी बंद करवाने की सोच रहे हैं, लेकिन सिबिल स्कोर गिरने से डर रहे हैं, तो जरा रुकिए। पहले जान लीजिए इसके फायदे ...

मिडिल क्लास की जिंदगी हमेशा ईएमआई के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। ऐसे में कभी कहीं से एक्स्ट्रा पैसा आता है, सबसे पहला ख्याल यहीं आता है कि इस पैसे से एक लोन को खत्म कर दिया जाए, लेकिन एक फिर एक सवाल ये भी मन में आता है कि क्या लोन को फोर्स क्लोज करवाने से मेरा सिबिल स्कोर घट जाएगा? अगर आप भी इस सवाल का जवाब खोज रहे हैं, तो चलिए हम आपके इसके पीछे की पूरी सच्चाई बताते हैं।

जब आप कोई लोन बंद करते हैं,तो आपका क्रेडिट मिक्स बदल जाता है। अगर आपके पास सिर्फ एक ही लोन था और आपने उसे बंद कर दिया,तो आपके क्रेडिट रिकॉर्ड में एक्टिव लोन जीरो हो जाएगा। सिबिल एल्गोरिदम को लगता है कि अब आपके पास क्रेडिट का कोई एक्टिव डेटा नहीं है,जिससे स्कोर में 5 से 15 पॉइंट्स की मामूली गिरावट आ सकती है। हालांकि, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। 2-3 महीनों में सिस्टम अपडेट हो जाएगा कि आपने बिना किसी डिफॉल्ट के लोन बंद किया है,आपका स्कोर वापस ट्रैक पर आ जाता है और अक्सर पहले से बेहतर हो जाता है।

**कब पहुंचता है सिबिल स्कोर को नुकसान ?** :लोन फोरक्लोजर हर मामले में बुरा नहीं होता,लेकिन कुछ स्थितियों में ये आपके स्कोर ज्यादा गिरा देता है। जैसे अगर अगर आपका लोन 10 साल पुराना है,तो उसे बंद करने से आपकी क्रेडिट हिस्ट्री की उम्र कम हो जाती है। लंबी क्रेडिट हिस्ट्री स्कोर के लिए अच्छी मानी जाती है। इसके अलावा अगर आपके पास बहुत सारे क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन (अनसिक्योर्ड) हैं, और आपने अपना इकलौता कार लोन या होम लोन (सिक्योर्ड) बंद कर दिया, तो आपका क्रेडिट मिक्स बिगड़ जाता है।



## हेल्थ अलर्ट

# धूप और लू से बचना है तो ये बातें गांठ बांध लें

गर्मियों में बढ़ता तापमान और चुभती धूप न सिर्फ आपकी दिनचर्या को प्रभावित करती है, बल्कि सेहत पर भी गहरा असर डालती है। लंबे समय तक धूप में रहने से शरीर में पानी की कमी, थकान, चक्कर और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है।

ऐसे में जरूरी है कि आप पहले से तैयारी करें और कुछ आसान लेकिन असरदार उपाय अपनाएं। सही जानकारी और थोड़ी सावधानी के साथ आप न सिर्फ धूप के दुष्प्रभाव से बच सकते हैं, बल्कि पूरे दिन खुद को एक्टिव और सुरक्षित भी रख सकते हैं।

### शरीर को हाइड्रेट रखें

- गर्मी में शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स निकल जाते हैं।
- सिर्फ पानी नहीं, बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स भी जरूरी हैं
- नारियल पानी, छाछ और नींबू पानी शरीर को ठंडक देते हैं
- ज्यादा पसीना आने पर ओ आर एस लेना फायदेमंद है। पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे चक्कर और कमजोरी बढ़ती है।

### खान-पान का रखें ध्यान

- गर्मी में आपका डाइट सीधा आपकी बॉडी पर असर डालता है।
- तरबूज, खीरा, ककड़ी जैसे फल शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखते हैं
- हल्का और जल्दी पचने वाला खाना बेहतर होता है
- तला-भुना और मसालेदार खाना शरीर में गर्मी बढ़ाता है। सही डाइट से हीट एग्जॉशन का खतरा कम होता है।

### सही समय पर बाहर निकलें

**गर्मी में सूरज की किरणें दोपहर के समय सबसे ज्यादा तेज और नुकसानदायक होती हैं।**

- सुबह 6-10 बजे के बीच यूवी लेवल कम होता है, इसलिए यह समय बाहर जाने के लिए बेहतर है
- शाम 5 बजे के बाद तापमान गिरने लगता है
- 12-3 बजे के बीच बाहर निकलने से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। अगर मजबूरी में निकलना पड़े तो सिर और शरीर को कवर जरूर करें।

### कपड़ों का सही चुनाव

- हल्के रंग सूरज की किरणों को रिफ्लेक्ट करते हैं
- ढीले कपड़े हवा को पास होने देते हैं, जिससे शरीर ठंडा रहता है
- कॉटन फैब्रिक पसीना सोखता है और स्किन को आराम देता है
- सिंथेटिक कपड़े गर्मी को फंसा लेते हैं, जिससे परेशानी बढ़ती है।

# नई तारिकाओं को लंबी पारी का इंतजार

## बॉलीवुड अपडेट



"बॉलीवुड को कभी अच्छी हीरोइन के अभाव का सामना नहीं करना पड़ा। सुरैया, मधुबाला से लेकर माधुरी दीक्षित, ऐश्वर्या, प्रियंका चोपड़ा तक यह सिलसिला चला। लेकिन दीपिका पादुकोण के बाद से ठहराव सा आ गया है । नयी तारिकाओं में लंबी पारी की होड़ तो है पर फिलहाल वे यह शून्य भर नहीं पा रही ।

● असीम चक्रवर्ती ●


पिछले कुछ वर्षों में नई तारिकाओं के आने-जाने और गुम होने की बात खूब सुनने को मिल रही है। कई आलोचक मानते हैं कि दीपिका पादुकोण के बाद से इसमें एक बड़ा ठहराव आ गया है। कोई भी नई तारिका आकर इस सिलसिले को गति नहीं दे पा रही है। दीपिका को तारिकाओं के इस शीर्षकाल की अंतिम कड़ी माना जा रहा है।इसके बाद से ही कई तारिकाओं में होड़ जारी है। कृति सैनन, कियारा आडवाणी आदि दावे पेश तो करती हैं, लेकिन जल्द ही दम फूल जाता है। सुपरहिट फिल्म 'सैयारा' की नवोदित तारिका अनीत पड्डा ने भी अपना मजबूत दावा पेश किया है। पर उन्हें अभी कुछ वक्त देना पड़ेगा।

### याद नहीं रहतीं नई तारिकाएं

कुछ यही हाल बाकी नवोदित तारिकाओं का भी है। वाणी कपूर, कियारा आडवाणी, कृति सैनन, सारा अली खान, रश्मिका मंदाना, जाह्नवी कपूर आदि की बात जाने दें, तो अनन्या पांडे, अनीत पड्डा, तृप्ति डिमरी आदि भी आने-जाने के खेल में शामिल हैं। पर इनके स्टारडम हासिल करने की क्षमता पर आलोचकों को संशय है।

### कई दशक का स्वर्णकाल

निस्संदेह बॉलीवुड में हीरोइन का स्वर्णकाल '50 से '90 के दशक तक माना जाता है। इस दौर के दौरान सुरैया से लेकर निम्मी, मधुबाला, नर्गिस, मीना कुमारी, वैजयंतीमाला, माला सिन्हा, वहीदा रहमान, हेमा मालिनी, रेखा, फिर माधुरी दीक्षित, ऐश्वर्या राय, श्रीदेवी आदि एक के बाद आई तारिकाओं की वजह से बॉलीवुड में हमेशा रौनक रही है। फिल्मों के जानकार राजगोपाल नांबियार कहते हैं, ' 1990 से बॉलीवुड की रौनक गायब हो रही है। जबकि हिंदी फिल्मों में कभी हीरोइन का अलग ही आकर्षण होता था। दर्शक इसी चार्म के चलते थिएटर आते थे।'



### किसको भुलाएं, किसको याद रखें

हर दौर में तीन-चार हीरोइन का सम्मोहन हावी रहा है।लोकप्रिय हीरोइनों के किस्सों की लंबी फेहरिस्त है। उस समय ज्यादातर हीरोइनों का अपना तिलिस्म और रुतबा होता था। कई चोटी की तारिकाएं तो पूरे दबदबे के साथ अपनी शर्तों पर फिल्मों में काम करती थीं और उन्हें फिल्म के नायक से ज्यादा तवज्जो मिलती थी। सुरैया, मधुबाला, नर्गिस, मीना कुमारी, वैजयंतीमाला, माला सिन्हा आदि तो हीरो के बराबर की फीस लेती थीं।

### नई तारिकाओं का माइनस पॉइंट

आजकल ज्यादातर हीरोइनों की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वे बोल्डनेस के भरोसे रहती हैं। इस चक्कर में वे अपने आपको बहुत एक्सपोज कर देती हैं। इसमें उनकी सौम्यता और सादगी को बड़ा झटका लगता है। किसी भी छोटी-बड़ी तारिका को जरा-सी लोकप्रियता मिलते ही अलग-अलग इंडोर्समेंट के ऑफर भी मिलने लगते हैं और अक्सर उनके बड़े इंडोर्समेंट का पारिश्रमिक किसी फिल्म के बराबर होता है। मसलन, अब कियारा आडवाणी के पास इतने ज्यादा इंडोर्समेंट हैं कि वे चाहकर भी फिल्मों पर बहुत कम ध्यान दे पाती हैं।

**आखिर कमी कहां :** कमी इनकी संजीदगी में होती है, जबकि एक्टिंग हमेशा आपसे समर्पण की मांग करती है। यह पाठ वे पुराने दौर की दिग्गज हीरोइनों से सीख सकती हैं, पर नया कुछ सीखने या कोई चैलेंजिंग रोल करने में इनकी कोई खास दिलचस्पी नहीं, सिर्फ अपनी फीस और प्रचार से मतलब होता है। इसी चूक के चलते वे धीरे-धीरे लाइमलाइट से गायब हो जाती हैं।

# पक्षपातः स्टेशन रोड चौराहे पर जहां सबसे जरूरी वहां से नहीं हटाई चादरें

## पार्किंग के अभाव में बार-बार लग रहा है जाम यात्रियों की छूट रही ट्रेन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पिछले सवा साल से संत हिरदाराम नगर स्थित भोपाल-इंदौर राजमार्ग पर प्रदेश के पहले सिक्स लेन एलीवेटेड फ्लाई ओवर का निर्माण चल रहा है, पहले तो इसका काम चालू होते ही विसर्जन घाट से सीवेज पंप हाउस तक 2.75 किमी में मार्ग के बीचों बीच टीन की चादरें लगा दी। इससे पूर्व यहां बीआरटीएस कारीडोर की जालियां लगी थी, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर बीआरटीएस कारीडोर की जालियां हटाई तब तत्काल बाद ही यहां सिक्स लेन फ्लाइ ओवर का काम शुरू हुआ और बीआरटीएस कारीडोर की खाली जगह पर टीन की चादरें लगाई गई, इससे कारोबारियों का धंधा काफी हद तक प्रभावित होने लगा। इधर जहां-जहां पिलर खड़े हो गए हैं, व्यापारियों के दबाव तथा कई दौर की चली बैठकों के बाद एसीपी ट्रैफिक एवं ट्रैफिक निरीक्षक के प्रयासों से नेहरू क्लाथ मार्केट, चंचल चौराहा, एवं बस स्टैंड थाने के सामने व कुछ अन्य जगहों पर टीन की चादरें हटाकर वहां पार्किंग की व्यवस्था की गई, लेकिन जहां जरूरी था, वहां यह काम नहीं हुआ।

**नहीं सुनी अधिकारियों की:** जहां पूर्व में कपड़ा कारोबारियों का दबाव पड़ने पर ट्रैफिक एसीपी एवं निरीक्षक के आग्रह एवं नाराजगी के बाद पुल निर्माण से जुड़े अधिकारियों ने टीन की चादरें हटाई, जहां अब पार्किंग आसान हो गया है, वहीं स्टेशन रोड चौराहा जहां सुबह 8 बजे से ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, वहां से टीन की चादरों को हटाया नहीं जा रहा है। विगत दिनों एसीपी ट्रैफिक के निर्देश पर महिला निरीक्षक ने व्यापारियों के साथ यहां का निरीक्षण भी किया और पाया कि यहां से टीन की चादरों को हटाया जाना सबसे अधिक जरूरी है, इसके बाद उन्होंने निर्माण एजेंसी से जुड़े अधिकारियों को मोबाइल पर आग्रह भी किया, परंतु निर्माण एजेंसी से जुड़े अधिकारियों ने बड़ी ही चतुराई से ट्रैफिक निरीक्षक को यह कहकर गुमराह किया कि जल्द ही यहां गार्डर रखे जाने हैं, ऐसे में यहां से टीन की चादरें हटाया जाना फिलहाल संभव नहीं है, जबकि नेहरू क्लाथ मार्केट, मुखर्जी मार्केट एवं बस स्टैंड तथा पुलिस थाने के सामने भी वैसी ही स्थिति है। हालांकि ट्रैफिक निरीक्षक ने इसके लिए एसीपी से भी अधिकारियों को स्टेशन चौराहे से टीन की चादरें हटाने के लिए कहलवाया बावूजद वहां से चादरें नहीं हटाई जा रही है, नतीजा यहां सुबह 8 से लेकर रात 10 बजे तक जाम लगा रहता है।



### यात्रियों को होती है दिक्कत

इंदौर व उज्जैन दिशा से आने वाली कुछ ऐसी ट्रेने हैं, जिनका भोपाल रेलवे स्टेशन स्टापेज नहीं है और वे सीधे विदिशा की तरफ डायवर्ट हो जाती हैं, ऐसी ट्रेनों में सवार होने वाले यात्रियों के लिए संत हिरदाराम नगर स्टेशन ही एकमात्र विकल्प है, जहां न केवल समूची भोपाल बल्कि आस पास के जिलों सीहोर आदि से भी यात्री यहां आते हैं, जिन्हें स्टेशन रोड चौराहे पर जाम के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौराहे के आस पास के कारोबारियों ने बताया अगर चौराहे के आस पास टीन की चादरें हटा दी जाती हैं, तो यातायात कुछ हद तक सुगम हो जाएगा तथा जाम से मुक्ति मिलेगी, जिसके बाद स्टेशन से आने व जाने वाले यात्रियों की परेशानी भी कुछ कम होगी। इसलिए ट्रैफिक एसीपी एवं ट्रैफिक निरीक्षक को पुल निर्माण से जुड़े अधिकारियों से जन हित में फिर से आग्रह के अलावा जरूरत पड़ने पर सख्त रूख भी अपनाना चाहिए।

### स्टेशन चौराहे पर सख्ती जरूरी

अगर भोपाल इंदौर राजमार्ग पर कोई सबसे व्यस्त एवं खतरनाक एवं एक्सीडेंट जोन है, तो वह है स्टेशन रोड चौराहा। स्टेशन रोड अतिक्रमण का शिकार है, जहां दोनों तरफ अवैध रूप से पार्क कारों व दोपहिया वाहनों से स्टेशन पर आना- जाना टेड़ी खीर हो गया है, लेकिन जहां नगर निगम इस मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करने में नाकाम रहा है, वहीं स्थानीय पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस इस मार्ग पर अवैध रूप से खड़े चार व दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। स्टेशन रोड चौराहे पर ही लो-फ्लोर बसों, सीहोर तक चलने वाली नीली मिनी बसों, टाटा मैजिक एवं आटो रिक्शाओं का जमघट लगा रहता है। चूंकि भोपाल के विभिन्न इलाकों की तरफ जाने वालों के लिए यहां से आवागमन के साधन भोपाल स्टेशन की तुलना में काफी आसान हैं, इस वजह से इंदौर व उज्जैन दिशा से आने वाली ट्रेने जिनका भोपाल स्टेशन अंतिम स्टापेज है, 80 फीसदी यात्री संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन उतरकर फिर मुख्य मार्ग से अन्य वाहनों से भोपाल गंतव्य तक जाते हैं, लेकिन स्टेशन रोड चौराहे पर जहां सिक्स लेन फ्लाइ ओवर के पिलरों का काम पूरा हो चुका है, वहां से टीन की चादरों को अभी तक हटाया नहीं गया है, जबकि इस जगह व्यवस्था कायम करना सबसे अधिक जरूरी है।

# प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केंद्र की सेवा अनुकरणीय : शुक्ला

## महिला कॉलेज में लगी ओपीडी में करवाई जांच

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के जरिए देश-विदेश के लाखों जटिल बीमारियों से ग्रस्त लोगों को स्वास्थ्य लाभ से नया जीवन प्रदान कर चुके आरोग्य केंद्र का प्रदेश के नवकरणीय उर्जा विकास मंत्री राकेश शुक्ला ने अवलोकन करते हुए इसे मानव सेवा की दिशा में अनुकरणीय कार्य बताया। यहां उन्हें आरोग्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुलाब टेवानी ने उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मौके पर राकेश शुक्ला ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग बिना हानि के ऐसी पद्धति है, जिससे व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रह सकता है और कभी बीमार नहीं पड़ सकता। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा महिला कॉलेज परिसर में पौधरोपण एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा और फिजियोथैरेपी की ओपीडी का लोकार्पण भी किया।

नवकरणीय मंत्री ने ओपीडी के उद्घाटन अवसर पर पहले साधक के रूप में अपना रक्तचाप व शुगर की जांच करवाई, जो पूरी तरह सामान्य रही। इससे पूर्व उन्होंने महाविद्यालय परिसर में अर्जुन एवं बेल पत्र के पौधे रोपित किए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं योग विज्ञान चिकित्सकों की आवश्यकता भारत के हर एक गांव व हर एक शहर में है। उन्होंने कहा कि स्वामी हिरदाराम जी की तपस्या के फलस्वरूप महाविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने अपने गृह क्षेत्र दंदरौआ धाम में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के शासकीय महाविद्यालय एवं चिकित्सालय खुलवाने का आश्वासन दिया।



## हरि हरात्मक महायज्ञः फंदा में निकली विशाल कलश यात्रा



**खजूरी सड़क।** राजधानी के समीप सीहोर रोड स्थित ग्राम फंदा कला में 51 कुंडीय श्री हरिहर महायज्ञ एवं गुरु गादी स्थापना महोत्सव विशाल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा हरिहर मठ प्रांगण से शुरू होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में डीजे ढोल नगाड़े तथा दर्जनों बग्गियां शामिल थी, जिन पर साधु-संत विराजमान थे वही बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर नंगे पैर चल रही थी।

# मांगों को लेकर किसानों ने नारेबाजी की, एनएच पर किया विरोध-प्रदर्शन

**जागरण औबेदुल्लागंज।** गेहूं तुलाई में आ रही गंभीर समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान महासंघ के तत्वावधान में नेशनल हाईवे पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों की आवाज सुनने एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव और तहसीलदार हेमंत शर्मा मौके पर पहुंचे। अफसरों के समक्ष किसानों ने अपनी समस्याएं मजबूती से रखीं। प्रशासन ने दो दिन के भीतर निराकरण का भरोसा दिया है। किसानों की प्रमुख मांग है कि स्लॉट बुकिंग व्यवस्था को तत्काल सुचारू किया जाए। एक एकड़ पर 18 क्विंटल गेहूं तौला जाए, सेटेलाइट सर्वे में हुई त्रुटियों को शीघ्र सुधारा जाए तथा गेहूं खरीदी केंद्रों पर आ रही समस्त समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए।



# मंडीदीप से उठी जीवदया को जन-आंदोलन बनाने की पुकार



**जागरण, मंडीदीप।** संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए अहिंसा महामहोत्सव-2026 का शुभारंभ हुआ, जिसमें मानवता के मूल मूल्यों-करुणा, सह-अस्तित्व और जीवदया को केंद्र में रखा। मुख्य अतिथि औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने कहा कि जैसे मनुष्य के लिए भोजन और जल अनिवार्य हैं, उसी प्रकार पशु-पक्षियों के लिए भी ये जीवन का आधार हैं। उन्होंने दाना-पानी जैसी छोटी लेकिन सार्थक पहल को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया। आयोजन पुलिस विभाग के सृजन कार्यक्रम के तहत सर्वोदय सामाजिक संस्था द्वारा, श्री नेमीरतन पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से अपने आसपास के बेजुबान प्राणियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करेंगे। चेष्टा समिति ने आनंद यात्रा से प्रेरणा लेते हुए 14 साल के कुलदीप भार्गव का जन्मदिन सेवा कार्य के रूप में मनाया। इस मौके पर 100 से अधिक बच्चों को शैक्षणिक सामग्री बांटकर समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया।

## प्यासे पशु- पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की

**जागरण, मंडीदीप।** शहर प्रथम नपा अध्यक्ष की शतायू माताजी की तेरहवीं को सेवा और संवेदना का रूप देते हुए प्यासे पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई। इस अनोखी पहल के जरिए दिवंगत आत्मा को जीवदया के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व नपाध्यक्ष विपिन भार्गव की माताजी की श्रद्धांजलि सभा के दौरान यह आयोजन सर्वोदय सामाजिक संस्था के अहिंसा महामहोत्सव के अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर सकोरे स्थापित कर पक्षियों के लिए जल एवं दाना उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे अपने घर, छत और आसपास के स्थानों पर नियमित दाना-पानी रखकर पशु-पक्षियों की सेवा करेंगे।



## SUDOKU 16

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 9 | | | 2 | 1 | 4 | |
| | | 3 | 7 | | 8 | 9 | | |
| | 5 | | | | 9 | | | |
| | 7 | | | | 3 | | | 5 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | 9 | |
| 2 | | | 8 | | | | 1 | |
| 1 | | | 3 | | | | 7 | |
| | | 4 | 1 | 5 | | 8 | | |
| | 3 | 7 | 9 | | | 4 | 2 | |

## SOLUTIONS 15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन थोड़ा भागदौड़ और दबाव भरा रह सकता है। एक साथ कई काम आने से मन उलझा रहेगा। व्यापार में आर्थिक उन्नति मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृषभ :** आज प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी और आपकी कार्यकुशलता सभी को प्रभावित करेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मिथुन :** आज का दिन मस्ती और हल्के-फुल्के पलों से भरा रहेगा। काम के लिए सही मार्गदर्शन मिलेगा और मेहनत का फल भी मिलेगा।

**कर्क :** आज आपका आत्म विश्वास ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। बिजनेस में कोई बड़ी डील अटक सकती है, लेकिन हिम्मत न हारें। मामा पक्ष से धन लाभ के योग हैं।

**सिंह :** आज आपको हर मोर्चे पर संतुलन बनाना होगा। घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। विदेश से जुड़े काम करने वालों को खुशखबरी मिल सकती है। प्रेम जीवन में मधुर पल आएंगे।

**कन्या :** आज आपका मान-सम्मान बढ़ने वाला है। आपकी रचनात्मकता निखरेगी। आय-व्यय का संतुलन बनाकर चलना जरूरी है।

**तुला :** आज बदलाव का दिन है। नौकरी में बदलाव के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आप खुद के लिए कुछ नया खरीदेंगे। कोई अटकी हुई डील आज फाइनल हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा। मां की सेहत में सुधार होगा, जिससे मन को राहत मिलेगी।

**धनु :** आज का दिन संतुलित लेकिन फलदायक रहेगा। काम की व्यस्तता ज्यादा रहेगी। संतान की ओर से खुशखबरी मिलने के संकेत हैं।

**मकर :** आज तकनीकी और ज्ञान से जुड़े क्षेत्रों में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**कुंभ :** आज नई शुरुआत का समय है। आप कोई नया काम शुरू कर सकते हैं, करियर में प्रमोशन पाने के लिए कई जरूरी टास्क मिल सकते हैं।

**मीन :** बिजनेस में सफलता के संकेत हैं। योजनाओं पर खर्च बढ़ेगा, उससे भविष्य में लाभ मिलेगा। कोई पुरानी समस्या खत्म होगी। अनावश्यक खर्च थोड़ी परेशानी देगा।

**आज का पंचांग:** 25 अप्रैल शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। **पर्व एवं त्योहार :** श्री सीता नवमी विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल। वसंत ऋतु वैशाख मास शुक्ल पक्ष की नवमी 18 घंटे 29 मिनट तक, तत्पश्चात दशमी अश्लेषा नक्षत्र 20 घंटे 05 मिनट तक, तत्पश्चात मघा नक्षत्र गंड योग 23 घंटे 44 मिनट तक तत्पश्चात वृद्धि योग कर्क में चंद्रमा 20 घंटे 05 मिनट तक तत्पश्चात सिंह में।


## -: जाहिर सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने, आसिफ आत्मज श्री अतीक आयु वयस्क निवासी मकान नंबर 32, बड़वाली मस्जिद, जहांगीराबाद, तहसील हुजूर, भोपाल से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान नंबर 07, "भू-तल" एवं प्रथम तल की संपूर्ण छत, जिसके भूतल का कुल साईज 495 वर्गफिट एवं प्रथम तल की छत का साईज भी 495 वर्गफिट है एवं भूतल पर स्थित दो दुकानें सहित जो कि जिंशी रोड़, जहांगीराबाद मुख्य मार्ग से अन्दर, वार्ड नंबर 42, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसे क्रय करने का अनुबंध करते हुये बयाना राशि अदा कर दी है। उपरोक्त संपत्ति बाबत् या उसके विक्रय बाबत किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्थान या बैंक सोसायटी व शासकीय निगम संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित रूप में दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय पत्र अपने हक में निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगें व समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**बृजेश पचौरी** एडवोकेट
कार्या.-96, मैन मार्केट, जहांगीराबाद, भोपाल
मो.9826609869,9893117948

## म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

योजना की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in/ www.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

**सैफायर पार्क सिटी कटारा हिल्स, भोपाल में विभिन्न श्रेणी के डुप्लेक्स भवन यथा स्थिति विक्रय हेतु उपलब्ध**

M.P. Online Help Line 0755-6720200

| क्र. | भवन का प्रकार | संख्या | भूखण्ड का अनुमानित क्षेत्र (व.मी.) | निर्मित क्षेत्रफल (व.मी.) | भवनों का अनुमानित मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) | आवेदन शुल्क (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HIG Villa-B (3 BHK) | B-48, B-49, B-50, B-51, B-52, B-57, B-58, B-59, B-60 (9 भवन) | 93.75 व.मी. | 135.71 व.मी. | 71.67 | 10.75 | 1770/- |
| 2. | HIG Villa-C (3 BHK) | C-106, C-107, C-109, C-111, C-113, C-117 (06 भवन) | 81.25 व.मी. | 118.91 व.मी. | 62.65 | 9.39 | 1770/- |

**नोट :-** (1) इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लें, मंडल तथा शासन के नियम मान्य होंगे। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराने पर धरोहर राशि 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि वापिस की जावेगी। मंडल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, लीजरेंट तथा कार्पस फण्ड इत्यादि पृथक से देय होंगे। (2) आवेदन करने की **प्रारंभ तिथि 28.04.2026** एवं धरोहर राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 20.05.2026 सायं 5:00 बजे तक।** (3) बिड डालने की **अंतिम तिथि 21.05.2026 सायं 5:00 बजे तक।** (4) **ऑफर दिनांक 22.05.2026 सायं 03:00 बजे तक** खोला जायेगा।

**संपर्क :- सुनील कुमार बंसोर (सहायक यंत्री) मो. 9981619135, पूर्वी चंदेल (उपयंत्री) मो. 6267350036, ललित कुमार डागौर (संपदा प्रबंधक) मो. 9406638144**

**एम.सी. घनघोरिया (कार्यपालन यंत्री) संभाग-02, भोपाल, मो. 9425148302**

म.प्र. माध्यम/125485/2026

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. A100000271, आवेदन क्रमांक-11827, आवेदन दिनांक-17/04/2026
क्रमांक 1085/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 22/04/2026

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की वेदवती योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 271 आवंटी श्री एम एल धुरे आ. श्री खेत सिंह के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री एम एल धुरे का स्वर्गवास दिनांकः- 21/10/2024 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिसों में पत्नी श्रीमती मनोरमा देवी एवं पुत्र श्री धमेन्द्र कुमार धुरे द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसो की सहमति/शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड क्रमांक 271 का अपने संयुक्त नामों पर नामांतरण चाहा गया है।

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

## मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

Your host in the heart of India www.mpstdc.com
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 186/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 24.04.2026

### निविदा सूचना 153/2026_STDC_503044_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम:- **मां शारदा माता मंदिर मैहर जिला मैहर परिक्रमा मार्ग पर पाथवे, फेंसिंग, वेटिंग हॉल, ड्रिंकिंग वाटर फेसिलीटी, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य। (12 माह) कार्य की लागत राशि रू. 895.90 लाख** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 15.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 27.04.2026 से देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125480/2026 **कार्यपालन यंत्री**

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK चलो आगे बढ़ें

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।


| ऋण खाता संख्या/ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060720691719, शुभम एल्युमिनियम एंड प्लाई फर्नीचर ( ऋणी ), राम किशोर विश्वकर्मा पुत्र शिव प्रसाद विश्वकर्मा ( सहऋणी ), श्रीमती अंजू विश्वकर्मा पत्नी घनश्यामदास विश्वकर्मा ( सहऋणी ), राजेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र शिव प्रसाद विश्वकर्मा ( सहऋणी ) | 14 मार्च 23 Rs. 6,98,036/- छः लाख अट्ठानवे हजार छत्तीस रुपए मात्र, 13 मार्च 23 तक | 09 जनवरी 25 | संपत्ति स्थित- नगर निगम NA 1962/KHA//2 मौजा बगोटा पट मकान नं. 37, छतरपुर, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 111.11 वर्ग गज | Rs. 5,30,000/- पांच लाख तीस हजार रुपए मात्र | Rs. 53,000/- तरेपन हजार रुपए मात्र | 03 जून 26 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 01 जून 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता - जवाहर रोड, नई तहसील के सामने, चेतगिरी कॉलोनी, नारायणपुरा, छतरपुर, मध्य प्रदेश 471001 | अमित कुशवाहा, 9257085660 एवं 9773358234 auctions@aubank.in 29 मई 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122821446, नमन दूध डेयरी ( ऋणी ), चंदन कुमार टेलर पुत्र सांवर लाल ( सहऋणी ), पूजा नामदेव पुत्र/पत्नी/पुत्री चंदन कुमार ( सहऋणी ) | 16 सितम्बर 21 Rs. 5,15,981/- पांच लाख पंद्रह हजार नौ सौ इक्यासी रुपए मात्र, 14 सितम्बर 21 तक | 03 नवम्बर 25 | संपत्ति स्थित- 55/1, वार्ड नं. 06, छापीहेड़ा जिला राजगढ़, तहसील खिलचीपुर, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 804.75 वर्ग फीट | Rs. 7,10,000/- सात लाख दस हजार रुपए मात्र | Rs. 71,000/- इकहत्तर हजार रुपए मात्र | 29 मई 26 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 26 मई 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता - गुना नाका के पास, ओल्ड एबी रोड, ब्यावरा, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश 465674 | धनेश नंदवंशी, 9057806267 एवं 9773358234 auctions@aubank.in 25 मई 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060127318307, माँ गजानन ट्रेडर्स पलेरा ( ऋणी ), आशीष कुमार राय ( सहऋणी ), भजनलाल राय ( सहऋणी ), मूर्ति राय ( सहऋणी ) | 13 अक्टूबर 23 Rs. 14,88,320/- चौदह लाख अठ्ठासी हजार तीन सौ बीस रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 23 तक | 12 दिसम्बर 24 | संपत्ति स्थित- गोदाम नं. 6, पी.एच. नं. 35, वार्ड नं. 13, कृषि उपज मंडी ग्राउंड, पलेरा, टीकमगढ़, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 21.6 वर्ग मीटर | Rs. 14,80,000/- चौदह लाख अस्सी हजार रुपए मात्र | Rs. 1,48,000/- एक लाख अड़तालीस हजार रुपए मात्र | 20 मई 26 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 18 मई 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता - वार्ड नं. 18, ओल्ड सहाहर बिल्डिंग, झांसी रोड, टीकमगढ़, मध्य प्रदेश 472001 | अमित कुशवाहा, 9257085660 एवं 9773358234 auctions@aubank.in 15 मई 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070443243721, शुभम पाल ( ऋणी ), परमलाल पाल ( सहऋणी ), दुर्गा प्रसाद पाल ( सहऋणी ), गुड्डी पाल ( सहऋणी ) | 17 मार्च 25 Rs. 15,76,249/- पंद्रह लाख छिहत्तर हजार दो सौ उनचास रुपए मात्र, 12 मार्च 25 तक | 14 अगस्त 25 | संपत्ति स्थित- सर्वे नं. 169/2/3, प्लॉट नं. 71 एवं 72, ग्राम मुगलिया कोय, हुजूर भोपाल, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 1980 वर्ग फीट | Rs. 13,80,000/- तेरह लाख अस्सी हजार रुपए मात्र | Rs. 1,38,000/- एक लाख अड़तीस हजार रुपए मात्र | 20 मई 26 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 18 मई 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता - 3Rd फ्लोर, मेपल हाइट स्ट्रीट, आशीमा मॉल के सामने, होशंगाबाद रोड, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश 462010 | गोपाल दास बैरागी, 7610210556 एवं 9773358234 auctions@aubank.in 15 मई 26 |

ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:
1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2. ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड **MSME AUCTION POOL ACCOUNT** के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 **AU SMALL FINANCE BANK LIMITED** पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 **IFSC** कोड : **AUBL0002011** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auctions@aubank.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी।
3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction** अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए ई-मेल auctions@aubank.in पर संपर्क करें।
**नोटः**-यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस व 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**दिनांक: 24.04.2026** **स्थान: भोपाल, मप्र** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

दिल्ली 41.9 अधिकतम 24.5 न्यूनतम

मुंबई 35.6 अधिकतम 26.1 न्यूनतम

चेन्नई 40.7 अधिकतम 23.5 न्यूनतम

कोलकाता 36.0 अधिकतम 27.8 न्यूनतम

सूर्यास्त 6:45 PM
सूर्योदय 5:53 AM
चन्द्रोदय 12:11 AM
चन्द्रास्त 01:07 PM

## सागरः क्रेशर खदान में डूबे तीन युवक, एक का शव निकाला

**जागरण, सागर।** प्रदेश के सागर जिले में एक क्रेशर खदान में नहाते समय तीन युवक डूब गए। एक का शव निकाल लिया गया है। करीब 9 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी दो लोगों का पता नहीं चल सका है। हादसे की जानकारी मिलते ही सीएम ने सोशल मीडिया पर परिजनों को 4-4 लाख रुपए देने की घोषणा की है। मामला शुक्रवार दोपहर बहेरिया थाना क्षेत्र का है। ग्राम गुड़ा के पास बनी क्रेशर की खदान में 7 दोस्त नहाने पहुंचे थे। नहाते समय जब तनीश कोरी नाम का युवक डूबने लगा तो उसका दोस्त अभिषेक बचाने पहुंचा। उसके पीछे तेजराम भी गया और फिर तीनों डूब गए। इसके बाद बाकी बचे दोस्तों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। मौके पर एसडीआरएफ टीम बुलाई और सर्चिंग की गई। विधायक समेत युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान अभिषेक उर्फ अध्धा निवासी कैंट क्षेत्र के रूप में हुई है। उसके दो साथी तनिश कोरी और तेजराम पटेल का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। टीम उनकी सर्चिंग कर रही है। चश्मदीद शिवा वाल्मिकी ने बताया कि हम सभी दोस्त यहां नहाने के लिए आए थे। सभी ने नहाया। तनीश अंदर था। थोड़ी ही देर बाद वह गहराई में डूबने लगा। उसको बचाने के लिए अभिषेक पहुंचा और उसके पीछे तेजराम भी गया तो उसको पकड़ लिया। आयुष भी उसको बचाने गया तो हमने उसे पकड़ लिया। पैंट की मदद से बाहर निकाला। बाकी हम सब लोगों को बुलाने गए तो वो तीनों पानी में ही चले गए। तहसीलदार राहुल गौंड ने बताया कि दोस्त नहाने यहां आए थे। इनमें से तीन डूब गए। एक का शव मिला है। बाकी की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

## कोल्डड्रिंक्स से भरा ट्रक पलटा लोगों ने लूट लिया माल



**जागरण विदिशा।** जिले के करैयाखेड़ा बायपास पर कोल्डड्रिंक्स से भरा हुआ एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक डायवर समेत एक अन्य व्यक्ति घायल अवस्था में पड़े लेकिन उन्हें मदद करने की जगह यहां मौजूद लोगों ने कोल्डड्रिंक्स की बोतलों का उठाना चालू कर दिया और देखते ही देखते पूरा ट्रक खाली हो गया। हादसा करैयाखेड़ा हाईवे बायपास पर शुक्रवार को हुआ, जब कोल्डड्रिंक से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर सैकड़ों बोतलें बिखर गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में वहां जुटी भीड़ ने बिखरे माल को उठाना शुरू कर दिया और करीब एक घंटे के भीतर पूरा ट्रक खाली हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे। शुरुआत में लोग हालात देखने आए, लेकिन जल्द ही कोल्ड ड्रिंक की बोतलें उठाने की होड़ मच गई। लोग बोतलें भरकर अपने साथ ले जाते नजर आए। ट्रक चालक श्याम पाल ने बताया कि हादसे के वक्त वह सो रहे थे और ट्रक उनका सहायक चालक गोविंद चला रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि गोविंद नशे की हालत में था, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

### रहवासियों की सूचना पर खंडवा में अवैध फैक्ट्री पर मारा छापा, दो गिरफ्तार

# जानवरों की चर्बी युक्त 3,350 ली. घी, मवेशियों के सींग, खाल बरामद

**जागरण, खंडवा।** प्रदेश के खंडवा जिले में इमलीपुरा स्थित बेगम पार्क के पास प्रशासन ने एक अवैध फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान बड़ी मात्रा में जानवरों की चर्बी और मवेशियों की खाल मिली है। फैक्ट्री से करीब 3,350 लीटर घी बरामद हुआ। आशंका है कि जानवरों की चर्बी मिलाकर घी तैयार किया जा रहा था। करीब 69 टीन के डिब्बों और 9 नीले ड्रमों में यह घी भरा था। इसके अलावा चार ट्रकों में मवेशियों के सींग और खाल व अन्य अवशेष भी बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले में जीएसटी और पशुपालन विभाग भी जांच में जुटे हैं। पूछताछ के बाद इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी खुलासा होगा।



घी और अवशेषों के सैंपल जांच के लिए भेजे

दरअसल यह कार्रवाई स्थानीय रहवासियों की सूचना पर की गई। लंबे समय से लोग इस अवैध फैक्ट्री की शिकायत कर रहे थे। इसके बाद शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर के नेतृत्व में प्रशासन ने अवैध घी फैक्ट्री पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान निगम उपायुक्त सचिन सिटोले और सीएसपी अभिनव बारंगे मौजूद रहे। इस दौरान खाल की थप्पियां फैक्ट्री परिसर में जमा थीं। प्रशासन ने पूरा मटेरियल जब्त कर नगर निगम के चार ट्रकों में भरकर सुरक्षित किया। गौरतलब है कि यह अवैध फैक्ट्री साल 2015 से संचालित हो रही थी। मौके पर मिले 9 ड्रम और 69 टीन के डिब्बों में लिक्विड रूप में चर्बी युक्त घी भरा था, जिसे प्रशासन ने नकली मानते हुए जब्त किया। पशु चिकित्सा विभाग ने अवशेषों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह घी किन जानवरों की चर्बी से बना था। वहीं छापेमारी में ट्रकों से मवेशियों की खालें और सींग बरामद किए गए। सीएसपी अभिनव बारंगे के अनुसार, अनवर कुरैशी और उसके साथी शकील कुरैशी को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है। आरोपियों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क और सप्लाई चेन का खुलासा हो सके। सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने कहा कि लैब में जांच के बाद ही तय होगा कि बरामद अवशेष गोवंश के हैं या अन्य मवेशियों के। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपियों के खिलाफ रासुका सहित गंभीर धाराओं में कार्रवाई को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा हो रही है।



### तेज दुर्गंध से बच्चे-बुजुर्ग पड़ रहे बीमार

रहवासियों का आरोप है कि यहां रोज सैकड़ों मवेशी लाए जाते थे और उनकी हत्या की जाती थी। उन्होंने कई बार पुलिस-प्रशासन को शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फैक्ट्री से उठने वाली तेज दुर्गंध से बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियां फैल रही हैं।

### विधायक ने मौके पर पहुंचकर जताई नाराजगी

सूचना मिलते ही खंडवा विधायक कंचन तनवे भाजपा नेताओं के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि गोवंश की बेरहमी से हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी। हालांकि, प्रशासन ने अभी दावे की पुष्टि नहीं की है।

# कैमरा घुमाकर टीआई के घर से 4 तोला सोना व कैश ले उड़े

### बेखौफ सो रहा था परिवार, वारदात कर फरार हुए आरोपी



**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश के शिवपुरी जिले के सिंहनिवास गांव में चोरों ने एक पुलिस अफसर (टीआई) के घर ही धावा बोल दिया। घटना के समय टीआई और उनका परिवार पास के कमरे में सो रहा था, लेकिन चोरों ने बेखौफ वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। चोरों ने पहले घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का रुख लाठी से दूसरी दिशा में कर दिया, ताकि उनकी हरकतें रिकॉर्ड न हो सकें। इसके बाद उन्होंने कमरे के पिछले हिस्से की खिड़की को औजार से उखाड़कर घर में प्रवेश किया। अंदर घुसकर चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ा और करीब 4 तोला सोना और लगभग 50 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। सुबह परिवार के जागने पर चोरी का पता चला। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना सिंहनिवास के रहने वाले टीआई ब्रजमोहन रावत के घर हुई। ब्रजमोहन रावत वर्तमान में अशोकनगर जिले के हरिजन थाना में थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ हैं। उनके बेटे का हाल ही में एक्सीडेंट हुआ था और ग्वालियर में इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी मिली थी, जिसके बाद उसे गांव लाया गया था। परिवार पहले घर की पहली मंजिल पर रहता था। बेटे से मिलने आने वाले लोगों की भीड़ के कारण वे नीचे के कमरों में शिफ्ट हो गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर को निशाना बनाया।

## वारंट तामील कराने गए पुलिसकर्मी से मारपीट

**जागरण, राजगढ़।** जिले के दंड गांव में वारंट तामील करने गए एक प्रधान आरक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दंपति ने पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी, तलवार दिखाकर धमकाया, मोबाइल छीन लिया और कोर्ट का समन भी फाड़ दिया। घटना के बाद चार थानों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रधान आरक्षक मांगीलाल लोधा एक मारपीट के मामले में कोर्ट का नोटिस तामील कराने दंड गांव पहुंचे थे। वे अकेले ही आरोपी रामबिलास तंवर के घर पहुंचे थे। शुरुआत में उन्हें घर के अंदर बुलाकर दस्तावेज लेने की बात कही गई। आरोप है कि घर के अंदर मौजूद मेवाबाई ने पुलिसकर्मी के साथ झूमाझटकी शुरू कर दी और उनकी वर्दी फाड़ दी। इसी दौरान रामबिलास तंवर तलवार लेकर आ गया और पुलिसकर्मी को धमकाने लगा। दोनों ने मिलकर लाठी, लात-घूंसों से मारपीट की।

## दंपति के फांसी का वॉट्सएप स्टेटस देख दरवाजा तोड़ घुसी पुलिस, बचा ली जान

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश के उज्जैन जिले में देर रात पति-पत्नी व्हाट्सएप स्टेटस लगाकर फंदे पर झूल गए। सूचना मिलते ही घट्टिया पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। पुलिस ने दोनों को समय रहते फंदे से उतार लिया, जिससे दंपति की जान बच गई। जानकारी के मुताबिक, नजरपुर निवासी दंपति लंबे समय से पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक तनाव में थे। परेशान होकर उन्होंने खुदकुशी करने का फैसला किया। आत्महत्या से पहले पति ने व्हाट्सएप स्टेटस में परिवार से परेशान होने की बात लिखी थी, जिसमें मां-बाप समेत 12 लोगों के नाम थे। स्टेटस की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी करण खोवाल ने तुरंत पुलिस टीम को रवाना किया। नजरपुर स्थित घर पहुंचने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से देखा तो दंपति फांसी के फंदे पर झूल रहे थे। थाना प्रभारी ने बाहर से बातचीत कर दोनों का ध्यान भटकाया और टीम को दूसरे रास्ते से अंदर जाने का इशारा किया। इसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों को फंदे से नीचे उतार लिया। उस समय दोनों की सांसें चल रही थीं। पुलिस ने तुरंत उन्हें शासकीय अस्पताल घट्टिया में भर्ती कराया।

**उज्जैन में पारिवारिक विवाद के चलते उठाया कदम**

इलाज के बाद दोनों खतरे से बाहर हैं। होश में आने पर दंपति ने बताया कि वे पारिवारिक विवाद और पिता की प्रताड़ना से परेशान थे, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, युवक ने दो शादी की हैं। पहली पत्नी से दो बच्चे हैं, जबकि रीना से उसकी कोई संतान नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पारिवारिक विवाद के पहलुओं को समझ रही है। थाना प्रभारी करण खोवाल ने दोनों को समझाइश दी और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

## सिंगर अदनान सामी को नोटिस 20 मई तक मांगा जवाब

**जागरण, ग्वालियर।** मशहूर सिंगर अदनान सामी को ग्वालियर जिला कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अदनान सामी से 20 मई तक अपना जवाब मांगा है। कोर्ट में दायर परिवाद में अदनान के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए है। आरोप है कि उन्होंने 17.62 लाख रुपए एडवांस पेमेंट लेने के बाद भी ग्वालियर में शो नहीं किया था। दरअसल मामला साल 2022 के एक कन्सर्ट से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक नवंबर 2022 को ग्वालियर में अदनान सामी का शो होना था। इस शो की आयोजक लावन्या सक्सेना थी। लावन्या ने अदनान सामी के खिलाफ आरोप लगाया कि उन्होंने 17.62 लाख रुपए के एडवांस पेमेंट लेने के बाद भी ग्वालियर में शो नहीं किया। लावन्या ने एडीजे कोर्ट में इसकी शिकायत की।



# महज 150 रुपए के विवाद में नाबालिग की हत्या, गुस्साई भीड़ ने फूंकी दुकान

### खरगोन में हत्या के बाद बवाल, भारी पुलिस बल तैनात

**जागरण, खरगोन।** जिले के करही कस्बे में 150 रुपए के लेनदेन के विवाद में 15 वर्षीय किशोर की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हालांकि आरोपी नाबालिग है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने उसकी दुकान में आग लगा दी। वहीं आसपास रखे हथठेले पलट दिए। पुलिस ने देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया है। डीआइजी सिद्धार्थ बहुगुणा ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

दरअसल घटना सुबह साढ़े 11 बजे की है। करही कस्बे में वेल्डिंग की दुकान संचालित करने वाले दूसरे पक्ष के किशोर और मृत किशोर सोहन के बीच 150 रुपए के लेनदेन का विवाद था। गुरुवार को दोनों में कहासुनी हुई। इसी दौरान उसने सोहन के पेट पर कोहनी मार दी, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए मंडलेश्वर लेकर पहुंचे, जहां से इंदौर रेफर कर दिया गया। उसे इंदौर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में मौत हो गई।



### दुकानदारों ने गिराए अपने शटर

सोहन की मौत की सूचना मिलते ही लोग आक्रोशित हो गए और आरोपी की दुकान में आग लगा दी। माहौल बिगड़ता देख आसपास के दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिए। मंडलेश्वर एसडीओपी श्वेता शुक्ला और एएसपी शकुंतला रूहल भी मौके पर पहुंची। करही में आसपास के थानों से भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## गुना में चौकी कक्ष में अर्धनग्न हालत में मिला एएसआई



**एसपी बोलीं-जांच करा रहे हैं**

**जागरण, गुना।** प्रदेश में गुना जिले के मृगवास थाना अंतर्गत बांसाहेड़ा पुलिस चौकी से वर्दी को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें चौकी प्रभारी एएसआई जगदीश जाटव पुलिस चौकी परिसर के भीतर ही आपत्तिजनक और अर्धनग्न स्थिति में नजर आ रहे हैं। वीडियो उस समय का है जब एएसआई जाटव चौकी के ही एक कक्ष में मौजूद थे। आरोप है कि वे शराब के नशे में इतने धुत थे कि उन्हें अपनी वर्दी और पद की गरिमा का भी ख्याल नहीं रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि बांसाहेड़ा चौकी प्रभारी विवादों में रहते आए हैं। इस बारे में एसपी हितिका वासल ने बताया कि उन्हें वीडियो मिला है, जिसे संज्ञान में लिया जा रहा है और कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच कराई जा रही है जिसमें जो भी पाया जाएगा उसके हिसाब से वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# गैस लीकेज से धमाका : रिटायर्ड इंजीनियर की मौत, पत्नी गंभीर

**जागरण, ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा में गुरुवार सुबह एक घर में गैस रिसाव के चलते जोरदार विस्फोट हो गया। हादसे में शिवधाम कॉलोनी निवासी 85 साल के रिटायर्ड इंजीनियर सुरेश सिंह भल्ला की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी पद्मावती भल्ला गंभीर रूप से झुलस गई, उनका अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 6 बजे की है। बताया जा रहा है कि घर में लगे गैस सिलेंडर से रातभर धीमी गति से गैस का रिसाव होता रहा, जिससे बंद रसोई में गैस भर गई। सुबह जैसे ही सुरेश सिंह भल्ला चूल्हा जलाने पहुंचे, कमरे में जमा गैस ने अचानक आग पकड़ ली और तेज धमाका हो गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पूरा कमरा आग की



लपटों में घिर गया। सुरेश सिंह भल्ला गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के दौरान उनकी पत्नी भी आग की चपेट में आ गईं। धमाके से घर के खिड़की-दरवाजे टूट गए और दीवारों में दरारें पड़ गईं। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के साथ घायलों को बाहर निकालने में मदद की। घायलों को तत्काल ब्यावरा के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुरेश सिंह भल्ला को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पद्मावती भल्ला का इलाज जारी है।

बताया गया है कि दंपति मूल रूप से हरियाणा के पानीपत के निवासी थे और पिछले करीब 13 वर्षों से ब्यावरा में रह रहे थे, उनकी कोई संतान नहीं है और दोनों ही साथ रहते थे।

देहात थाना पुलिस के एएसआई गंगा प्रसाद साहू के अनुसार पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में गैस लीकेज को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है, हालांकि तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## शूटिंग कोच से स्टेडियम इंचार्ज ने की बदसलूकी रेंज से बाहर धकेला

**जागरण, उज्जैन।** शहर में नानाखेड़ा स्टेडियम इंचार्ज रामकुमार मिश्रा और शूटिंग कोच विराज परिहार के बीच विवाद का एक ताजा मामला सामने आया है। नागझिरी निवासी शूटिंग कोच विराज परिहार ने कहा कि नानाखेड़ा स्टेडियम इंचार्ज रामकुमार मिश्रा ने उनसे बदसलूकी की। फिर धक्के देकर रेंज से बाहर कर दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद कोच परिहार ने नानाखेड़ा थाने में लिखित शिकायत देकर मिश्रा पर कार्रवाई की मांग की है। नानाखड़ा टीआई नरेंद्र यादव ने कहा कि मारपीट के मामले में दोनों ओर से शिकायत आई है। जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। दरअसल शूटिंग कोच विराज परिहार ने शिकायत में कहा कि 22 अप्रैल को शूटिंग रेंज में सफाई होने के बाद लाइट चालू थी। लॉक भी खुला था। इस संबंध में मैंने इंचार्ज मिश्रा को वॉट्सऐप के जरिए सूचना दी।

**बिजनेस प्लस**

## उप्र में गन्ना किसानों की फसल का होगा जीपीएस सर्वे, एसएमएस से भेजेंगे सूचना




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी की है। इसके तहत गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग गन्ने की फसल का जीपीएस सर्वेक्षण कराएगा। यह जीपीएस सर्वेक्षण 1 मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। इसकी सूचना तीन दिन पहले सभी रजिस्टर्ड गन्ना किसानों को मोबाइल एसएमएस के जरिए दी जाएगी। गन्ना सर्वेक्षण टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होंगे। इन्हें सर्वेक्षण से पहले प्रशिक्षित भी किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान किसान की मौजूदगी जरूरी होगी। टीम किसान के खेत पर पहुंचकर जीपीएस के जरिए उत्पादन का डाटा सीधे विभाग के सर्वर पर फीड करेगी। वहीं सर्वेक्षण के बाद खेत का क्षेत्रफल, गन्ने की किस्म समेत अन्य जानकारी भी किसानों को एसएमएस के जरिए दी जाएगी।

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त वीना कुमारी मीना ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी कर दी गई है। विभाग के मुताबिक गन्ना सर्वेक्षण के दौरान नए सदस्यों (किसान) का पंजीकरण भी किया जाएगा। 30 सितम्बर 2026 तक पंजीकृत कृषकों को ही गन्ना आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उपज बढ़ोतरी के लिए गन्ना सर्वेक्षण से लेकर 30 सितम्बर 2026 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अनुसूचित जाति व जनजाति के कृषकों, लघु कृषकों और अन्य कृषकों से क्रमश 10, 100 एवं 200 रुपये प्रति कृषक शुल्क जमा कराया जाएगा।

## थाने से गायब हुआ मारपीट का आरोपी, सुबह नौ किमी दूर खेत में बंधा मिला

**जागरण, भिंड/गोरमी।** जिले के गोरमी थाने से मारपीट के आरोपी के अचानक गायब होने और अगले दिन नौ किलोमीटर दूर खेत में बंधी हालत में मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और कार्रवाई की मांग को लेकर मेहगांव-गोरमी हाईवे पर जाम लगा दिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह डर की वजह से थाने से भाग गया था। जानकारी के मुताबिक गोरमी के वार्ड-5 निवासी देवेंद्र तिवारी और वार्ड-3 निवासी राजवीर सखवार के बीच 11 अप्रैल को विवाद हो गया था। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रास केस दर्ज किया था। मारपीट से देवेंद्र तिवारी पक्ष को चोटें भी आई थीं। गुरुवार दोपहर 2 बजे पुलिस ने नामजद आरोपियों राजवीर सखवार, गजराज सखवार और रामनाथ सखवार को थाने बुलाया। तीनों आरोपी अपने साथ दो रिश्तेदारों को भी लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने आरोपियों को थाने के अंदर बैठा लिया।

### पुरानी इटारसी के त्रिशलानंदन गार्डन में महाकुंभ जैसा नजारा, गूंजे वैदिक मंत्र

# 500 किन्नरों का जमावड़ा, 7 ने त्यागा इस्लाम



**जागरण, इटारसी।** प्रदेश के इटारसी मेंत्रिशालानंद गार्डन शुक्रवार को एक ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बना। यहां केवल सम्मेलन नहीं हुआ, बल्कि आस्था की एक नई इबारत लिखी गई। जगतगुरु काजल ठाकुर के सानिध्य में अभा किन्नर सनातन सम्मेलन में देशभर से जुटे 500 किन्नरों के बीच 7 ने इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म में घर वापसी की। **शुद्धिकरण : दूध, घी और शहद से अभिषेक :** यह घर वापसी कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं थी। पूरी तरह वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ सातों किन्नरों का दूध, घी और शहद से शुद्धिकरण अभिषेक किया। माहौल तब और भी भक्तिमय हो गया जब इन सात विभूतियों को महामंडलेश्वर की उपाधि से नवाजा गया।

### धमकी देकर बदलाया था धर्म : पांचाली गुरु

इस आयोजन की सबसे भावुक कड़ी रहीं पांचाली गुरु इटारसी। उन्होंने अपनी घर वापसी पर खुशी जाहिर करते हुए एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे एक ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उन्हें धमकी देकर इस्लाम धर्म में शामिल किया गया था। पांचाली गुरु ने कहा, आज मुझे सच में लग रहा है कि मैं अपने घर लौट आई हूं। महामंडलेश्वर बनकर अब मैं अपने धर्म की सेवा करूंगी। इटारसी का यह सम्मेलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उन किन्नरों के लिए एक संदेश है जो अपनी जड़ों की तलाश में हैं।

### कुरान में नहीं, गीता-रामायण में है हमारा अस्तित्वः काजल

जगतगुरु काजल ठाकुर ने दो टूक शब्दों में सनातन की श्रेष्ठता बताते हुए कहा कि जो किन्नर राह भटक गए थे, उन्हें वापस संस्कारों के साथ जोड़ा जा रहा है। कुरान में किन्नरों का वर्णन नहीं मिलता, हमारे धर्मग्रंथों रामायण और गीता में किन्नरों का उल्लेख है। आज सनातन की शक्ति ने भटके स्वरूपों को फिर अपनी गोद में लिया है।

### किसे मिली कौन सी जिम्मेदारी

| नाम | स्थान | उपाधि |
|---|---|---|
| पांचाली गुरु | इटारसी | महामंडलेश्वर |
| शांति | पिपरिया | महामंडलेश्वर |
| डॉली नायक | मुंगावली | महामंडलेश्वर |
| बेला नायक | इटावा | महामंडलेश्वर |
| तमन्ना नायक | इटावा | महामंडलेश्वर |
| अंजलि नायक | परेला | महामंडलेश्वर |

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

1000

76,664

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Coal India | 462.00 | 1.19% |
| Trent | 4,344.00 | 1.08% |
| Nestle | 1,430.90 | 0.77% |
| Hindalco | 1,054.00 | 0.67% |
| SBI | 1,106.00 | 0.63% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Infosys | 1,223.90 | -6.93% |
| HCL Tech | 1,264.80 | -5.82% |
| TCS | 2,505.00 | -4.95% |
| Tech Mahindra | 1,426.70 | -4.43% |
| Sun Pharma | 1,673.30 | -3.55% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 94,2500 |
| € यूरो | 110.15 |
| ¥ येन | 0.5900 |
| £ पौंड | 127.08 |

# चीनी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कार लांच, 38 मिनट में 10000 से ज्यादा आर्डर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इलेक्ट्रिक गाड़ियां आज के समय में काफी पॉपुलर हो रही हैं। कई कंपनियां एक से बढ़कर एक शानदार फीचर्स वाली इलेक्ट्रिक कारें मार्केट में उतार रही हैं और इनको अच्छी-खासी संख्या में ग्राहक भी मिल रहे हैं। चीन की प्रीमियम इलेक्ट्रिक कार कंपनी जीकर (जो गीले ग्रुप का हिस्सा है) ने चीन में अपनी नई हाइब्रिड एसयूवी 8एक्स को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया है। यह एक प्लग-इन हाइब्रिड कार है। इसका मतलब है कि यह पेट्रोल और बिजली (बैटरी) दोनों से चलेगी। लॉन्च होते ही यह कार चीनी मार्केट में छा गई है। इसकी पॉपुलैरिटी का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि लॉन्च होते ही इसे महज 38 मिनट में 10000 से ज्यादा ऑर्डर मिल गए। हालांकि, भारत में इसकी लॉन्चिंग की अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

**वेरिएंट्स और कीमत :** कंपनी ने इस इलेक्ट्रिक कार को काफी आकर्षक कीमत पर लॉन्च किया है। इंट्रेस्टिंग इंजीनियरिंग की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में कुछ समय के लिए शुरुआती ऑफर के तौर पर इसकी शुरुआती कीमत 329,800 युआन (भारतीय रुपयों में करीब 45 लाख रुपये) रखी गई है। हालांकि, इसका प्राइस 356,800 युआन (भारतीय रुपयों में करीब 49 लाख रुपये) से शुरू होकर टॉप मॉडल के लिए 500,800 युआन (भारतीय रुपयों में करीब 69 लाख रुपये) तक जाता है। यह इलेक्ट्रिक कार मैक्स, अल्ट्रा, अल्ट्रा+ और टॉप-एंड याओयिंग में उपलब्ध है।

### सुपरकार जैसी रफ्तार है जीकर 8 एक्स की

जीकर 8एक्स कार रफ्तार के मामले में भी जबरदस्त है। इस इलेक्ट्रिक कार में 2.0 लीटर का टर्बो पेट्रोल इंजन और पावरफुल इलेक्ट्रिक मोटर दी गई हैं। इसका टॉप मॉडल (याओयिंग) 1,381 हॉर्सपावर की जबरदस्त पावर जेनरेट करता है और मात्र 2.96 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकता है।

### लंबी दूरी के लिए बेहतरीन

हाइब्रिड होने की वजह से यह कार लंबी दूरी तय करने के लिए बेहतरीन कार है। यह 55.1 केडब्ल्यूएच और 70 केडब्ल्यूएच के दो बैटरी पैक्स में आती है। पेट्रोल और बैटरी दोनों को मिलाकर यह कार एक बार में 1,416 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। यह इलेक्ट्रिक कार फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करती है। इसकी बड़ी बैटरी मात्र 9 मिनट में 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती है।



### लग्जरी और हाई-टेक फीचर्स

अंदर से यह कार किसी आलीशान कमरे जैसी महसूस होती है। इसका इंटीरियर काफी हाई-टेक है। यह 5-सीटर और 6-सीटर दोनों विकल्पों में आती है। इसमें 44-इंच का बड़ा हेड-अप डिस्प्ले और पीछे बैठने वाले यात्रियों के लिए अलग एलईडी स्क्रीन दी गई है। कार में बेहतरीन साउंड के लिए 29 स्पीकर्स वाला नाइम साउंड सिस्टम दिया गया है। कंपनी ने कार में 43 सेंसर्स और 5 लाइडर दिए हैं, जो इसे खुद चलने और पहले से खतरों का पता लगाने में मदद करते हैं।

# बैंकिंग सेफ नहीं, आरबीआई ने रद्द किया पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमि. का लाइसेंस

## यूपीआई एप काम करता रहेगा, बैंक के पास ग्राहकों को लौटाने के लिए पर्याप्त पैसाः रिजर्व बैंक

**मुंबई, जेएनएन।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक का कामकाज आज 24 अप्रैल से पूरी तरह बंद कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। आरबीआई ने कहा कि बैंक के कामकाज से ग्राहकों का पैसा सुरक्षित नहीं था। हालांकि, यूपीआई एप पहले की तरह चलता रहेगा। आरबीआई ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के पास इतनी नकदी है कि बैंक बंद होने की प्रक्रिया के दौरान वह अपने सभी ग्राहकों की जमा राशि वापस कर सकता है। इसका मतलब यह है कि जमाकर्ताओं का पैसा डूबने की संभावना नहीं है।

**फैसले का क्या असर होगा**-अगर आप पेटीएम यूपीआई को किसी दूसरे बैंक (जैसे एसबीआई, एचडीएफसी आदि) से लिंक करके चला रहे हैं, तो यूपीआई चलता रहेगा। लेकिन अगर पेटीएम पेमेंट्स बैंक ही आपका बेस अकाउंट था तो आपको इसे दूसरे बैंक में शिफ्ट करना होगा। इस बैंक में जमा पैसा आप निकाल सकते हैं।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 2015 में मिला था लाइसेंस




पेटीएम पेमेंट्स बैंक को अगस्त 2015 में सीमित बैंकिंग लाइसेंस मिला था। इसके तहत बैंक छोटी जमा राशि स्वीकार कर सकता था, लेकिन उसे सीधे लोन देने की अनुमति नहीं थी।

### 2022 से भारतीय रिजर्व बैंक के रडार पर था पेटीएम बैंक

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक की सख्ती काफी पुरानी है। इसकी शुरुआत मार्च 2022 में हुई थी, जब आरबीआई ने बैंक को नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया था। इसके बाद जनवरी 2024 में नियमों के उल्लंघन और कस्टमर ड्यू डिलिजेंस (केवायसी) में खामियों के चलते बैंक को नए डिपॉजिट लेने से भी रोक दिया गया था। तभी से बैंक केवल पुराने डिपॉजिट निकालने और लोन रेफरल जैसी सीमित गतिविधियों तक ही सिमट गया था।

### चार वजहें जिससे लाइसेंस हुआ रद्द

- **ग्राहकों का नुकसान-** बैंक जिस तरह से काम कर रहा था, उससे वहां पैसा जमा करने वाले लोगों का पैसा सुरक्षित नहीं था।
- **मैनेजमेंट की लापरवाही-**बैंक चलाने वाले अधिकारियों का रवैया और फैसले आम जनता और खाताधारकों के फायदे में नहीं थे।
- **जारी रखने का कोई फायदा नहीं-** रिजर्व बैंक को लगा कि इस बैंक को और ज्यादा चलाने से जनता को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि जोखिम ही बढ़ेगा।
- **शर्तें तोड़ीं-** बैंक ने लाइसेंस लेते समय जो वादे और नियम (जैसे केवायसीऔर फंड्स का सही इस्तेमाल) माने थे, उनका लगातार उल्लंघन किया गया।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 27 को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को लेकर बड़ी घोषणा की है। लक्सन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर 27 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और न्यूजीलैंड ने पिछले वर्ष दिसंबर को व्यापार वार्ताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। यह 2020 के बाद से भारत का सातवां व्यापार समझौता है। भारत ने अब तक श्रीलंका, भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलयेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और मॉरीशस के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इसके अलावा, भारत ने 10 देशों के समूह आसियान और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही, भारत अब तक अमेरिका, यूरोपीय संघ, चिली, पेरू और इस्राइल सहित कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ नए व्यापार समझौते पूरी करने पर बातचीत कर रहा है।




# रिलायंस का मुनाफा 13% गिरा



**मुंबई, जेएनएन।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 13% घटकर 16,971 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में प्रॉफिट 19,407 करोड़ था। हालांकि, इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 13 प्रतिशत बढ़कर 2.98 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। रिलायंस के बोर्ड ने निवेशकों के लिए 6 प्रति शेयर डिविडेंड की सिफारिश भी की है।

**अंबानी बोले- ग्लोबल चुनौतियों के बीच रिलायंस का प्रदर्शन स्थिर**-रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2026 के दौरान हमें भू-राजनीतिक बाधाओं, ऊर्जा की अस्थिर कीमतों और बदलते ग्लोबल ट्रेड पैटर्न का सामना करना पड़ा। हमारे मजबूत पोर्टफोलियो और घरेलू बाजार पर पकड़ की वजह से हम अस्थिरता से निपटने में सफल रहे।

# मेटा ने किया कंफर्म, 8 हजार कर्मचारियों को निकालेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अफवाहों के लंबे दौर के बाद अब मेटा ने कंफर्म कर दिया है कि वह बड़े स्तर पर छंटनी करने जा रही है। मेटा ग्लोबल वर्कफोर्स में से करीब 10 परसेंट कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। आने वाले दिनों में कंपनी अपने अधिकतर कामों को ऑटोमेशन की तरफ ले जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट् में एक मीमो का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया है कि मेटा के चीफ पीपुल ऑफिसर जेनेला गाले के ऑफिस की तरफ से कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। मैसेज में कहा है कि कंपनी आंतरिक बदलाव को लेकर काम कर रही है, जिसके चलते करीब 20 मई को ये बदलाव देखने को मिलेगा।

# टाइम्स और रिलायंस की पार्टनरशिप में लॉन्च होगा टाइम्स 100 नेक्स इंडिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के उभरते टैलेंट और लीडरशिप को अब एक बड़ा ग्लोबल मंच मिलने जा रहा है। मशहूर मैगजीन टाइम्स ने पहली बार भारत में अपने प्रतिष्ठित फ्रेंचाइज का विस्तार करने का ऐलान किया है। टाइम 100 नेक्स को टाइम100 नेक्स इंडिया नाम से लॉन्च होने वाला यह खास संस्करण देश के उन उभरते नेताओं को पहचान देगा, जो अपने काम और सोच से भविष्य को आकार दे रहे हैं। इस पहल की घोषणा न्यूयॉर्क सिटी में आयोजित टाइम्स 100 गाला के दौरान की गई। मंच पर टाइम्स की सीईओ जेसिका सिबली और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक व चेयरपर्सन नीता मुकेश अंबानी ने मिलकर इस नई पहल का ऐलान किया। यह साझेदारी भारत के टैलेंट को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

**100 उभरते भारतीयों को मिलेगा सम्मान**-टाइम100 नेक्स इंडिया लिस्ट को टाइम्स के एडिटर्स तैयार करेंगे। इसमें भारत और भारतीय डायस्पोरा के 100 उभरते नेताओं को शामिल किया जाएगा। ये लोग कला, विज्ञान, बिजनेस, खेल, सामाजिक कार्य और अन्य क्षेत्रों से होंगे। इस लिस्ट का मकसद उन लोगों को पहचान देना है, जो आने वाले समय में देश और दुनिया में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।

**मुंबई में होगा भव्य आयोजन**

इस लिस्ट को ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा और इसके बाद दिसंबर 2026 में मुंबई में एक भव्य गाला का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जहां इन उभरते नेताओं को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन भारत में पहली बार होगा और इसमें देश-विदेश की बड़ी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।



# गोदरेज इंडस्ट्रीज की दो कंपनियों का आएगा आईपीओ, वित्तीय सेवाएं बढ़ेंगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन डेजिग्नेट पिरोजशा गोदरेज ने अगले 5 साल के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं बताई हैं, जिसमें मार्केट कैप को 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना और दो कंपनियों का आईपीओ लाना शामिल है। ग्रुप गोल्ड लोन और पर्सनल लोन जैसे नए उत्पादों के साथ वित्तीय सेवाओं का विस्तार करेगा, साथ ही मौजूदा व्यवसायों की पूरी क्षमता हासिल करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। गोदरेज ग्रुप की रिस्ट्रक्चरिंग के ठीक दो साल बाद गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने अपनी नई ब्रांडिंग लांच कर दी है। 129 साल की लीगेसी, लेकिन कुल जमा दो साल की उम्र वाले इस समूह की कमान चेयरमैन डेजिग्नेट पिरोजशा गोदरेज के हाथों में है। महज 45 वर्ष की उम्र में इस बड़े उद्योग घराने के मुखिया बने पिरोजशा ने अगले पांच साल में ग्रुप का मार्केट कैप 5 लाख करोड़ करने और दो नई कंपनियों को शेयर बाजार में लिस्ट कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

# अर्थव्यवस्था की मजबूती देने रूस ने बेचा 2200 किलो सोना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान युद्ध में अगर किसी ने कमाई की है, तो वो है रूस। रूस ने अमेरिका की ओर से तेल निर्यात पर प्रतिबंधों में छूट का भरपूर फायदा उठाया और तेल निर्यात से रूस से अपनी तिजोरी भर ली है। डिमांड के मुताबिक सप्लायर कम है, तो ऊंची कीमतों पर रूस तेल बेच रहा है। तेल से हर दिन रूस के खजाने में 713 मिलियन यूरो पहुंचे, लेकिन दूसरी तरफ मॉस्को ताबड़तोड़ सोने की सेल कर रहा है। रूस ने 22000 किलो सोना बेच दिया है। एक तरफ तेल से कमाई तो दूसरी ओर सोना बेच रहे रूस की परेशानी युद्ध है। होर्मुज बंद होने की वजह से अमेरिका ने रूसी तेल के निर्यात से प्रतिबंध को हटा दिया। इस प्रतिबंध के हटते ही रूस ने भरपूर तेल का निर्यात किया। टेलीग्राफ के डेटा के मुताबिक रूस से तेलों की इस खेप से 760 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त कमाई कर ली है। किवी स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स इंस्ट्रीट्यूट के मुताबिक तेल से रूस की मंथली इनकन 12 अरब से बढ़कर 24 अरब डॉलर पर पहुंच गई है।




## कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल

नवीन नगर नियंत्रण कक्ष, जहांगीराबाद, भोपाल (मध्यप्रदेश) 462008

क्रमांक-पु.उपा./मुख्या./भो./रनि./स्टोर/डी-126/2026 दिनांकः-21/04/2026

### खुली नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान नगरीय पुलिस भोपाल के अंतर्गत रक्षित केन्द्र नेहरू नगर भोपाल की स्टोर शाखा में निम्नलिखित निष्प्रयोज्य सामग्री ( बलवा, रिज्यूम, टेंट एवं अन्य सामग्री) उपलब्ध है, जो है, जेसी है जिस हाल में है की नीलामी पुलिस लाईन नेहरू नगर भोपाल परिसर में दिनांक -13/05/2026 को प्रातः 11:00 बजे की जाना है:-

1. रायटशील्ड, बाडीगार्ड, लाउड हेलर, दीवार घड़ी (फायबर मिक्स) - 1527.65 कि.ग्रा. लगभग
2. एल्युमीनियम पाईप (एल्युमीनियम मिक्स) - 119.16 कि.ग्रा. लगभग
3. ब्रश ( लकड़ी मिक्स) - 0.06 ग्राम लगभग
4. ताले, टेन्ट, वेस्ट प्लेट, कैप बैज, म.प्र. पु. बैज, सीटी, छाता (लोहा मिक्स) - 105.142 कि.ग्रा. लगभग

उपरोक्त सामग्री की नीलामी में इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए सम्मलित हो सकते है।

**नियम एवं शर्तें:-**

1. नीलामी में उपस्थित होने के इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति को बोली लगाने के पूर्व बयाना (अर्नेस्ट मनी) के रूप में राशि 5000/- (पांच हजार रुपये मात्र) दिनांक - 11/05/2026 को आवेदन पत्र के साथ सायंकाल 17:00 बजे तक स्टोर शाखा रक्षित केन्द्र भोपाल में जमा कराना होगा।
2. सफल क्रेता के पक्ष में अंतिम बोली निष्पादित किये जाने के पश्चात उक्त सामग्री का अंतिम उद्घोषित मूल्य की संपूर्ण राशि तत्काल जमा करानी होगी। राशि जमा न करने की दशा में पूर्व बयाना रु. 5000/- बिना कोई पूर्व सूचना दिये म.प्र. शासन के राजस्व स्त्रोत में जमा कर दी जावेगी।
3. पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल, उनके अधिकार से बिना कोई कारण बताए किसी उद्घोषित बोली को मान्य अथवा अमान्य करने हेतु पूर्ण स्वतंत्रता होगी।
4. सफल क्रेता को प्रचलित शासकीय नियमानुसार विक्रय कर अन्य शुल्क तथा स्थानीय कर पृथक से निर्वाह करने होंगे।
5. सफल क्रेता द्वारा संपूर्ण भुगतान किये जाने पर सामग्री का अधिपत्य तत्काल लेना होगा एवं 03 दिवस के अन्दर सामग्री को उठाना अनिवार्य होगा। किसी वस्तु के गुम होने अथवा कम होने पर उसका दायित्व विभाग का नहीं होगा ।
6. नीलामी के सभी प्रकारणों में नीलामी अधिकारी द्वारा ही निर्णय लिया जावेगा। शेष नियम एवं सामग्री की जानकारी स्टोर शाखा रक्षित केन्द्र भोपाल में कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।
7. नीलामी में भाग लेने के लिए क्रेता की आयु 21 वर्ष एवं क्रेता के पास वैध भारतीय पहचान पत्र होना अनिवार्य है ।
8. सामग्री का किसी भी प्रकार का दुरूपयोग नही किया जावेगा, इस संबंध में सफल क्रेता द्वारा शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

संलग्नः- निष्प्रयोज्य सामग्री की सूची।

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

जी-11978/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

(विद्युत विभाग)

आई.एस.बी.टी. परिसर, वर्मा ट्रैवल्स ऑफिस के प्रथम तल पर, भोपाल (म.प्र.)-462001

क्रमांक 29/वि.शा./2026 भोपाल, दिनांक : 23/04/26

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_502514_1 | Supply of Power cable for Street Light Maintenance and etc. | 80,95,000/- | 60712/- | 10,000/- | A Class Electrical Contract or | 30 दिवस |

**नियम एवं शर्तें :-**

(1) निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि/धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे। अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

(2) ऑनलाईन निविदा में सभी प्रकार के संशोधनों की जानकारी मात्र www.mptender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

(3) 18% GST अतिरिक्त देय होगा।

नि.क्र. 116/026/027

कार्यपालन यंत्री (वि.)
नगर पालिक निगम, भोपाल



## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

### परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए षवित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'(2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060131709281, मैसर्स महावीर जनरल ऑर्डर सप्लायर जरिये प्रोपराइटर संजय (ऋणी), श्रीमती नीलम जैन (सहऋणी), संजय कुमार जैन (सहऋणी) | 15-सितम्बर-25 Rs. 14,87,638/- चौदह लाख सतासी हजार छः सौ अडतीस रूपये मात्र 11-सितम्बर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 178 नया 178/11, पीएच नं. 07 नूतन विहार कॉलोनी, ग्राम महाराजपुरा, तहसील एंव जिला टीकमगढ, मप्र क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट, पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः रोड, उत्तरः गुलाब की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | 18-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060136854286, मैसर्स पारस ट्रेडर्स (ऋणी), हरिदास विश्वकर्मा (सहऋणी), पंकज कुमार जैन (सहऋणी), मान कुंवर विश्वकर्मा (सहऋणी) | 15-अक्टूबर-25 Rs. 5,50,889/- पांच लाख पचास हजार आठ सौ नवासी रूपये मात्र 10-अक्टूबर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नरं. 185/2 ग्राम हीरनगर खास, वार्ड नं. 14 तहसील एवं जिला टीकमगढ, मप्र क्षेत्रफल 2633 वर्गफीट, पूर्वः तुलसी दास की भूमि, पश्चिमः मुन्नी की भूमि, उत्तरः रोड, दक्षिणः हरि दास की भूमि | 18-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060134361676, मैसर्स दुबे कन्स्ट्रक्शन (ऋणी), श्रीमती गुड्डी बाई चन्देल (सहऋणी), धुरू प्रसाद दुबे (सहऋणी) | 20-जून-25 Rs. 12,04,104/- बारह लाख चार हजार एक सौ चार रूपये मात्र 10-जून-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 629/1/13, वार्ड नं. 11 पीएच नं. 03 गुवारा, जिला छतरपुर, मप्र क्षेत्रफल 10979.19 वर्गफीट | 20-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060137635151, मैसर्स संतोष आटा चक्की (ऋणी), भरत लाल साहू (सहऋणी), श्रीमती आशा साहू (सहऋणी), संतोष साहू (सहऋणी) | 13-नवम्बर-25 Rs. 9,12,664/- नौ लाख बारह हजार छः सौ चौसठ रूपये मात्र 10-नवम्बर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 2567/1/4/1, 2567/1/4/2/1 2567/1/4/2/2, वार्ड नं. 11 गुवारा, ग्राम गुवारा, जिला छतरपुर, मप्र 471313, क्षेत्रफल 1302 वर्गफीट, पूर्वः अनवर खान का मकान, पश्चिमः सागर टीकमगढ रोड, उत्तरः स्वयं की भूमि, दक्षिणः साबिर खान का मकान | 20-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता सख्या) L9001060138030079, मेसर्स नरेश ऑनलाईन जरिये प्रोपराइटर नरेश राजपूत (ऋणी), श्रीमती संतोषी देवी लोधी अ, नरेश राजपूत (सहऋणी) | 16-अक्टूबर-25 Rs. 5,40,248/- पांच लाख चालीस हजार दो सौ अडतालीस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 1023/1/1/1, मकान कालीपुरा, तहसील बलदेवगढ, जिला टीकमगढ, मप्र क्षेत्रफल 4144 वर्गफीट, पूर्वः हरिराम लोधी की भूमि, पश्चिमः बलदेवगढ से छतरपुर मैन रोड, उत्तरः बृजलाल का मकान, दक्षिणः पार्वती लोधी का मकान | 20-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060739198230, मैसर्स पटेल फैमिली रेस्टोरेंट एण्ड ढाबा जरिये प्रोपराइटर हरीश (ऋणी), श्रीमती भूरी बाई (सहऋणी), हरीश कमलोदिया (सहऋणी) | 11-नवम्बर-25 Rs. 10,44,994/- दस लाख चवालीस हजार नौ सौ चौरानवे रूपये मात्र 10-नवम्बर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 124/1, पीएच नं. 78 ग्राम माना, तहसील नरसिंहगढ, जिला राजगढ, मप्र क्षेत्रफल 4500 वर्गफीट, पूर्वः स्वयं का खाली क्षेत्र, पश्चिमः प्रहलाद सिह का मकान, उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः स्वयं का खाली क्षेत्र | 21-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060735265633, मैसर्स रमेश किराना स्टोर जरिये आशा अग्रवाल-विधिक उत्तराधिकारी प्रोपराइटर स्व श्री रमेश अग्रवाल (ऋणी), श्रीमती आशा अग्रवाल (सहऋणी एवं विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री रमेश अग्रवाल- सहऋणी) | 28-जनवरी-26 Rs. 50,32,720/- पचास लाख बत्तीस हजार सात सौ बीस रूपये मात्र 27-जनवरी-26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 1600/2, पीएच नं. 29 नया पीएच नं. 31 बाडामलहारा, तहसील एंव जिला छतरपुर, मप क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट, पूर्वः रास्ता, पश्चिमः मुकेश सोनी का प्लॉट, उत्तरः मोहन अग्रवाल का प्लॉट, दक्षिणः बद्री सोनी का प्लॉट | 21-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060740146575, मैसर्स श्रेया किराना (ऋणी), गौरव जैन (सहऋणी), श्रीमती समतरणी (सहऋणी) | 18-सितम्बर-25 Rs. 23,49,563/- तेइस लाख उनचास हजार पांच सौ तिरेसठ रूपये मात्र 11-सितम्बर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 42 खसरा नं. 177, मकान नं. 14, ग्राम सहजपुर, तहसील केसली, जिला सागर, मप्र क्षेत्रफल 900 वर्गफीट, पूर्वः अजय जैन का मकान, पश्चिमः रजनीकांत जैन की शेष भूमि, उत्तरः सरकारी भूमि, दक्षिणः शाजापुर से महाराजपुर रोड | 21-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060135748931, मैसर्स एम के इण्डस्ट्रीज जरिये प्रोपराइटर मुवीन अहमद (ऋणी), मुवीन अहमद (सहऋणी), श्रीमती नफीसा बानो (सहऋणी) | 12-दिसम्बर-25 Rs. 11,04,919/- ग्यारह लाख चार हजार नौ सौ उन्नीस रूपये मात्र 11-दिसम्बर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 758/1 पीएच नं. 66 ग्राम पलोथा, तहसील एंव जिला छतरपुर, मप्र क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | 21-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060139142229, मैसर्सअज्जू टायर सर्विस (ऋणी), हनीफ (सहऋणी), असलम (सहऋणी), श्रीमती अमीना बी (सहऋणी), श्रीमती शबनम खान (सहऋणी), अनवर (सहऋणी), श्रीमती बिबपान बी (सहऋणी), आजम (सहऋणी) | 19-जनवरी-26 Rs. 11,54,305/- ग्यारह लाख चौवन हजार तीन सौ पांच रूपये मात्र 17-जनवरी-26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 738/2 739 741 प्लॉट नं. 45 ग्राम कुरावर, परगना तहसील नरसिंहगढ, जिला राजगढ, मप्र 465667, क्षेत्रफल 750 वर्गफीट | 21-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060142388754, मैसर्स सीताराम नाश्ता भण्डार (ऋणी), रामकिशन सोनी (सहऋणी), श्रीमती सुनीता सोनी (सहऋणी) | 15-अक्टूबर-25 Rs. 5,72,496/- पांच लाख बहत्तर हजार चार सौ छियानवे रूपये मात्र 10-अक्टूबर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 182, संपत्ति आई डी नं. 1671191, ग्राम सीमरा खास, तहसील पृथ्वीपुर, जिला निवारी, मप्र क्षेत्रफल 513 वर्गफीट, पूर्वः मनोज कुमार सोनी का मकान, पश्चिमः मुकेश गुप्ता का मकान, उत्तरः स्वयं का खुला प्लॉट, दक्षिणः रोड | 22-अप्रैल-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060130641913, मैसर्स प्लम्बर वाणी सेनेट्री (ऋणी), दीपक बरमन (सहऋणी), श्रीमती मधु बरमन (सहऋणी) | 22-जनवरी-26 Rs. 14,20,779/- चौदह लाख बीस हजार सात सौ उनयासी रूपये मात्र 19-जनवरी-26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित छीपानेर, बाईपास रोड लाला लाजपत राय वार्ड नं. 17 हरडाखास हरडा, तहसील हरडा, जिला हरडा, मप्र इण्डिया 461331, क्षेत्रफल 754 वर्गफीट | 22-अप्रैल-26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 24.04.2026
स्थानः भोपाल, मप्र

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

### कोहली-पडिक्कल के अर्धशतक, सुदर्शन के शतक पर भारी, आरसीबी ने गुजरात को पांच विकेट से हराया

# बेंगलुरु में आरसीबी की 50वीं जीत

जेएनएन, बेंगलुरु

देवदत्त पडिक्कल (55) और विराट कोहली (81) ने बेहतरीन पारियां खेलीं, जो साई सुदर्शन (100) के शतक पर भारी पड़ गईं, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शुक्रवार को आईपीएल के 34वें मैच में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हरा दिया। पडिक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई। टीम ने अंत में 18.5 ओवर में 206 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस तरह आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। आरसीबी की बेंगलुरु में यह 50वीं जीत है। इसके अलावा यह उसका दूसरा बड़ा सफल चेज है। इससे पहले उसने 2025 में लखनऊ के खिलाफ 228 रन का स्कोर चेज किया था। कोहली ने जब खाता भी नहीं खोला था तब मोहम्मद सिराज की गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने उनका कैच छोड़ दिया था। कोहली ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दबदबा बनाया और 30 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर पडिक्कल ने अपने सीनियर खिलाड़ी (कोहली) से 10 गेंदें कम खेलकर अर्धशतक पूरा किया। देवदत्त को राशिद खान ने एक बेहतरीन गेंद पर आउट किया तो कोहली को जेसन होल्डर की एक उछाल भरी गेंद ने बोल्ड किया। इससे टीम थोड़ी मुश्किल में पड़ गई, क्योंकि उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट भी गंवा दिए, जिससे उनका स्कोर 173 रन पर पांच विकेट हो गया। लेकिन क्रुणाल पंड्या (नाबाद 23 रन) और टिम डेविड (नाबाद 10 रन) ने वहां से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले सुदर्शन ने 100 रन की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत गुजरात ने तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात की पारी के 12.4 ओवर टी-20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे, जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारूप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं। सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। सुदर्शन क्रिस गेल (2011-13) के बाद लगातार तीन आईपीएल में शतक लगाने वाले मात्र दूसरे बल्लेबाज भी बने।

**411**

रन आरसीबी और गुजरात के बीच इस मैच में बने, जो दोनों के बीच खेले गए किसी भी मैच का सबसे ज्यादा स्कोर है।

**आईपीएल में तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | पारी |
|---|---|
| साई सुदर्शन | 47 |
| क्रिस गेल | 48 |
| शॉन मार्श | 52 |
| गायकवाड़ | 57 |

## स्कोर बोर्ड

**गुजरात टाइटंस: 205/3 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का. एंड बो. हेजलवुड | 100 | 58 | 11 | 5 |
| गिल का. पडिक्कल बो.सुयश | 32 | 24 | 2 | 1 |
| बटलर का. पडिक्कल बो. भुवनेश्वर | 25 | 16 | 2 | 1 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 | 12 | 1 | 1 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 | 10 | 1 | 2 |

**अतिरिक्तः** 6, **कुलः** 20 ओवर में 3 विकेट पर 205 रन, **विकेट पतनः** 1-128, 2-160, 3-177, **गेंदबाजीः** भुवनेश्वर 4-0-31-1, जोश हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, क्रुणाल पंड्या 4-0-50-0, रेमारियो शेफर्ड 1-0-17-0, सुयश शर्मा 4-0-36-1.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः 206/5 (18.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल का. शाहरुख बो. सिराज | 14 | 10 | 3 | 0 |
| विराट कोहली बो. होल्डर | 81 | 44 | 8 | 4 |
| पडिक्कल बो. राशिद | 55 | 27 | 2 | 6 |
| पाटीदार का. सुंदर बो. सुथार | 8 | 5 | 0 | 1 |
| जितेश का. सुथार बो. राशिद | 10 | 6 | 1 | 1 |
| टिम डेविड नाबाद | 10 | 9 | 0 | 1 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 23 | 12 | 3 | 1 |

**अतिरिक्तः** 5, **कुलः** 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 206 रन, **विकेट पतनः** 1-26, 2-141, 3-154, 4-171, 5-173, **गेंदबाजीः** सिराज 3-0-25-1, कगिसो रबाडा 4-0-45-0, जेसन होल्डर 3.5-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा 2-0-31-0, राशिद खान 4-0-49-2, मानव सुथार 2-0-19-1,



**प्लेयर ऑफ द मैच**
**विराट कोहली**

| रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|
| 81 | 44 | 08 | 04 |

**300+ छक्के लगाने वाले खिलाड़ी**

| | |
|---|---|
| क्रिस गेल | 357 |
| रोहित शर्मा | 310 |
| विराट कोहली | 303 |

■ विराट कोहली ने आईपीएल में 804 चौके लगाए है, जो सर्वाधिक है।

## घर में दिल्ली कैपिटल्स के सामने अजेय पंजाब किंग्स की चुनौती

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को डबल हेडर के पहले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था, जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पंजाब की टीम इस समय पूरी लय में नजर आ रही है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ के खिलाफ इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर, सात विकेट पर 254 रन, बनाया। इस सीजन में दोनों टीमों की शुरुआत एक-दूसरे से बिल्कुल उलट रही है। पंजाब पावरप्ले में सबसे आक्रामक खेलने वाली टीमों में से एक है, जिसका रन रेट 11.3 का है, जो इस सीजन संयुक्त रूप से सर्वाधिक है।



**हेड टू हेड**


| | |
|---|---|
| कुल मैच | 34 |
| दिल्ली जीता | 17 |
| पंजाब जीता | 17 |

## सनराइजर्स से पिछली हार का बदला लेने उतरेगी राजस्थान, पेट कमिंस की वापसी

**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स शनिवार शाम को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी। इस सीजन पहली बार राजस्थान की टीम जयपुर में खेलती हुई नजर आएगी। इससे पहले वो अपने होम ग्राउंड के मुकाबले गुवाहाटी में खेल रहे थे। यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है। इस मुकाबले के साथ ही हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की भी वापसी होने वाली है।



### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| विराट (बेंगलुरू) | 328 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 323 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 320 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 14 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 13 |
| इशान मलिंगा (हैदराबाद) | 12 |



### बाउंड्री मीटर



**591** छक्के
**1052** चौके
**66** अर्धशतक

देवदत्त पडिक्कल के आईपीएल में दो हजार रन पूरे हो गए हैं। पडिक्कल ने मैच में 27 गेंद पर 55 रन बनाए।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 | 1.420 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 | 1.101 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 | 0.790 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 | 0.820 |
| चेन्नई | 7 | 3 | 4 | 6 | 0.118 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.130 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.790 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 | 0.736 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.277 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 | -0.879 |

### मैदान से हटकर

## सचिन ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन

भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को 53वां जन्मदिन अपने घर पर परिवार और विभिन्न आयु वर्ग के प्रशंसकों की मौजूदगी में मनाया। इस मौके पर उनकी पत्नी अंजलि भी उनके साथ मौजूद रहीं। 'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर ने अपने आवास पर पहुंचे प्रशंसकों की तालियों और उत्साह के बीच केक काटा। उन्होंने इस दौरान अपनी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनी एक छोटी बच्ची को देखकर उसे गोद में भी उठा लिया। तेंदुलकर ने इससे पहले दिन की शुरुआत में सोशल मीडिया पर अपनी मां, पत्नी अंजलि और अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, मेरी सुबह की परफेक्ट शुरुआत आई (मां), अंजलि और इस शरारती के साथ हुई। इससे बेहतर क्या हो सकता है। (जेएनएन)



## सबालेंका ने स्टर्न्स को हराया, स्वितोलिना बाहर



**मैड्रिड, जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन में अमेरिका की पेटन स्टर्न्स को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका को शुरुआती सेट में बढ़त बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरकार वह 6-5 से आगे हो गईं और अगले गेम में सेट अपने नाम कर लिया। वहीं दूसरा सेट उनके लिए काफी आसान रहा। चौथी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को यूक्रेन की डारिया स्निगुर के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले में कोई परेशानी नहीं हुई और उन्होंने 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। स्विट्जरलैंड की 11वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक ने भी पेट्रा मार्सिंको को 6-4, 6-2 से आसानी से हरा दिया। हालांकि, एक बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब 7वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना हंगरी की अन्ना बोंडार से 6-3, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। आठवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को लॉरा सीगमंड के खिलाफ शुरुआती सेट हारने के बाद वापसी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, उन्होंने जोरदार संघर्ष करते हुए एक कड़े मुकाबले में 3-6, 6-2, 6-4 से जीत हासिल की।

## थॉमस कप फाइनल में भारतीय पुरुषों ने कनाडा को हराया, उबेर कप में महिलाओं ने किया निराश

**होर्सेंस (डेनमार्क), जेएनएन।** लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की, जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने शुक्रवार को थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप-ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की। हालांकि महिला वर्ग में भारत को निराशा हाथ लगी। उबेर कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप-ए मुकाबले में भारत मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गया। सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हाल में हुई एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता 20 वर्षीय आयुष ने फिर दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी ब्रायन यांग को 39 मिनट में 21-13, 21-17 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरी युगल जोड़ी हरिहरन और एमआर अर्जुन ने टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नाइल याकुरा पर 21-7, 21-15 की शानदार जीत के साथ भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। किदांबी श्रीकांत ने पांचवें और औपचारिकता मात्र रह गए मैच में दुनिया के 77वें नंबर के खिलाड़ी जोशुआ गुयेन को 21-17, 21-12 से मात दी। इस तरह भारत ने मैच 4-1 से अपने नाम किया और चीन के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।



### सिंधू ने क्रिस्टोफर्सन को हराया

उबेर कप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने डेनमार्क की विश्व नंबर 21 लाइन क्रिस्टोफर्सन को 21-13, 18-21, 21-17 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को विश्व नंबर 26 लाइन होजमार्क क्येर्सफेल्ट के खिलाफ 12-21, 23-25 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी शर्मा को पहला गेम जीतने के बाद भी अमाली शुल्ज के हाथों 54 मिनट चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम की महिला युगल जोड़ी ने दो मैच प्वाइंट गंवा दिए और एक घंटे 15 मिनट तक चले संघर्ष के बाद निर्णायक मुकाबला अमाली सेसिले कुदस्क और मेटे वर्जे से 17-21, 21-11, 21-23 से हार गईं।

## भारत ने 2038 एशियाड की मेजबानी के शुरू किए प्रयास

### ओसीए को सौंपा एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने आधिकारिक रूप से 2038 एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) प्रस्तुत कर दी है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने हाल में 2038 खेलों की मेजबानी के लिए अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) को सौंपी है। इस महाद्वीपीय ओलंपिक संस्था ने 21 अप्रैल को चीन के सान्या शहर में हुई अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में भारत की इच्छा पर चर्चा की। सान्या में ही 22 अप्रैल से 'एशियाई बीच गेम्स' शुरू हुए थे। आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर ने बताया कि हां, हमने इच्छा की अभिव्यक्ति जमा कर दी है और ओसीए ने अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में इस पर चर्चा भी की है। भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी अहमदाबाद में करेगा जो देश की 2036 ओलंपिक बोली के लिए भी प्रस्तावित शहर है। अगर देश एशियाड की बोली जीत जाता है तो गुजरात का यह शहर 2038 एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए एक बार फिर एक मजबूत दावेदार बन सकता है।

**भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा मैच आज रात 9:30 बजे से**

## टी-20 सीरीज हार के बाद आत्मसम्मान की लड़ाई में उतरेगी भारतीय महिला टीम

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज गंवाने के बावजूद भारतीय महिला टीम के पास शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे मुकाबले में बहुत कुछ दांव पर होगा, जिसमें अपनी प्रतिष्ठा बचाना, लय वापस पाना और इस प्रारूप के आगामी विश्व कप के लिए रणनीति तय करना शामिल है। मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही पांच मैचों की इस सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है और टीम का लक्ष्य इस अभियान को जारी रखते हुए सूपड़ा साफ करना है। महिला क्रिकेट की मौजूदा दौर की कई स्टार खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम लगातार निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर सीरीज में वापसी करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाएगी। इस साल जून में इंग्लैंड में होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए, भारतीय टीम के पास प्रेरणा की कोई कमी नहीं होगी, क्योंकि वह बड़े टूर्नामेंट से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। पिछले साल अपना पहला आईसीसी खिताब (वनडे विश्व कप) जीतने वाली भारतीय टीम के खेल के छोटे प्रारूप में लगातार तीन हार के बाद कई कमजोरियां उजागर हुई हैं। टीम के बल्लेबाज एकजुट प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं, जबकि गेंदबाजों का प्रदर्शन भी असरहीन रहा है। दोनों टीमों की गेंदबाजी का अंतर इसी से समझा जा सकता है कि दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों में भारतीय टीम के 21 विकेट लिए हैं, वहीं भारत केवल सात विकेट ही निकाल सका है।



### शांभवी-दिव्यांशु ने रिकॉर्ड स्कोर के साथ जीता स्वर्ण

**काहिरा, जेएनएन।** निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर और दिव्यांशु देवांगन ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में 499.9 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में चौथा स्वर्ण पदक पदक हासिल किया। इस जोड़ी ने क्वालिफिकेशन दौर में कुल 632.0 अंक से शीर्ष स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। चीनी ताइपे के त्साई चिएह-यिंग और चेन यू-एन ने 498.3 अंक से रजत पदक, जबकि फ्रांस की जोड़ी टिफेन पोमेस और गैस्पर्ड लेसीउर ने 434.4 से कांस्य पदक जीता। भारत के काहिरा जूनियर विश्व कप में अब कुल 12 पदक हो गए हैं। पदक तालिका में भारत चार स्वर्ण पदक, पांच रजत और तीन कांस्य पदक से सबसे आगे है।

## मुंबई की हार पर बोले कोच- थकान का असर नहीं, लय हासिल नहीं कर पाना बड़ी कमी

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के टी-20 विश्व कप में खेलने के कारण लेकर थकान की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि टीम लय और आत्मविश्वास हासिल करने पर ध्यान दे रही है। मुंबई की टीम में सूर्यकुमार और हार्दिक के अलावा जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा पिछले महीने टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि मिचेल सैंटनर ने इस विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुआई की थी और अनुभवी क्विंटन डिकॉक दक्षिण अफ्रीका टीम के अहम सदस्य थे। मुंबई को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 103 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। जयवर्धने ने कहा कि मौजूदा दौर में सभी खिलाड़ी पेशेवर हैं। विश्व कप खेलने वाले कई खिलाड़ी ब्रेक के बाद आईपीएल में लौटे हैं। मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ी खुद भी थकान को कारण मानेंगे। हमें लय और निरंतरता हासिल करनी है। यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है। गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, लेकिन बल्लेबाजी भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। हमें वह संतुलन ढूंढना होगा, जहां हम मुकाबला कर सकें।



### एबीसीए को सात विकेट से हराकर रेलवे सेमीफाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य मौर्य की शानदार गेंदबाजी की बदौलत रेलवे यूथ ने एबीसीए को सात विकेट से हराकर प्रथम शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एबीसीए की टीम निर्धारित ओवर में 97 रन पर सिमट गई। टीम के अविनाश ने सर्वाधिक 35 और जीवेश ने 16 रन बनाए। रेलवे यूथ के आदित्य मौर्य ने छह विकेट झटके। अमन यादव को 2 सफलता मिली। जवाब में रेलवे यूथ ने तीन विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। युवराज ने नाबाद 42 और अंकित ने 22 रन की पारी खेली। एबीसीए के मयंक ने 2 और दिव्यांश ने 1 विकेट लिया।

## आईपीएल के बाद पीएसएल में भी नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर रहमान

**चटगांव, जेएनएन।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में खेलने के लिए जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) वापस ले लिया है। यह फैसला न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद उनकी चिकित्सकीय समीक्षा के आधार पर लिया गया। बीसीबी के अनुसार न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के समापन के बाद टीम के चिकित्सा स्टाफ ने राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की स्थिति की समीक्षा की है। आगे की जांच के लिए उनका तत्काल स्कैन कराया जाएगा, जिसके बाद वे बीसीबी मेडिकल टीम की देखरेख में पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करेंगे। इसलिए वे पीएसएल 2026 के शेष मुकाबलों में भाग नहीं ले पाएंगे। मुस्तफिजुर को बीसीसीआई के निर्देश के बाद केकेआर ने आईपीएल 2026 के दौरान अपनी टीम से रिलीज कर दिया था। इसके बाद वे लाहौर कलंदर्स के लिए खेल रहे थे और इस सत्र में पांच मैचों में छह विकेट ले चुके थे।



## संक्षिप्त समाचार

### असम में मॉब लिंचिंग मामले में 20 दोषी करार

**नगांव (असम), जेएनएन।** बच्चा चोरी के संदेह में दो युवकों की पीट-पीटकर हत्या (मॉब लिंचिंग) करने के



आठ साल पुराने मामले में नगांव की एक अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में 20 आरोपियों को दोषी ठहराया है, जबकि 25 अन्य को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। नगांव जिला सत्र न्यायाधीश डी. जे. महंता ने कुल 45 आरोपियों में से 20 को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया। इनमें हत्या, दंगा भड़काना, सरकारी काम में बाधा डालना और जानबूझकर चोट पहुंचाने जैसी धाराएं शामिल हैं।

### बस ड्राइवर ने खुद को आग लगाई, मौत

**वारंगल।** तेलंगाना के वारंगल जिले में बस ड्राइवर ने खुद को पेट्रोल डालकर आग लगा ली। 50 साल के आरटीसी कर्मचारी शंकर गौड़ अन्य ड्राइवरों के



साथ राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन पर बैठे थे। आग की वजह से वे गंभीर रूप से झुलस गए। शंकर को वारंगल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें हैदराबाद के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दरअसल, आरटीसी कर्मचारियों की संयुक्त कार्रवाई समिति ने 22 अप्रैल से विरोध कायक्रमों का ऐलान किया था।

### मादुरो को पकड़ने वाला सैनिक गिरफ्तार

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका की स्पेशल फोर्स से जुड़े एक



सैनिक मास्टर सार्जेंट गैनन केन वैन डाइक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले ऑपरेशन पर सट्टा लगाया और इससे करीब 4.09 लाख डॉलर (करीब 4 करोड़ रुपए) कमा लिए। डाइक अमेरिकी सेना के स्पेशल फोर्स (ग्रीन बैरे) का हिस्सा है। इसी यूनिट ने वेनेजुएला जाकर निकोलस मादुरो को पकड़ा था। ऐसे में डाइक को पहले से वेनेजुएला पर होने वाले सीक्रेट एक्शन की जानकारी थी।

### महाराष्ट्र में सड़क हादसा पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शादी समारोह से घर लौटते समय मारुति ओमनी और ट्रक की जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार



अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा गुरुवार रात महाराष्ट्र के भंडारा जिले में हुआ। मृतकों में दूल्हे के चाचा-चाची भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा पावनी तहसील के अद्याल गांव के पास हुआ। शादी पार्टी के लोग मारुति ओमनी में सवार थे। तेज रफ्तार से जा रही कार का अचानक टायर फट गया, जिससे ड्राइवर का नियंत्रण खो गया और कार सामने चल रहे ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# ईरान जंग में खर्च हुईं चीन के लिए रिजर्व अमेरिकी मिसाइलें

## मिसाइल स्टॉक खत्म होने के करीब, युद्ध में हर दिन खर्च हुए अमेरिका के ९० अरब रुपए

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े देशों से होने वाले संभावित युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है।

इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें (जेएएसएसएम-ईआर) इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं। इस पूरे युद्ध पर 28 से 35 अरब



डॉलर खर्च हुए। यानी हर दिन करीब 1 अरब डॉलर (लगभग 90 अरब रुपए) खर्च हुए। युद्ध रुके हुए दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन अब तक अमेरिका ने यह नहीं बताया कि कुल कितने हथियार इस्तेमाल हुए। मंत्रालय का कहना है कि 13,000 से ज्यादा टारगेट पर हमला किया गया। लेकिन अधिकारियों के मुताबिक एक ही टारगेट पर कई बार हमले हुए, इसलिए असल में इस्तेमाल हुए हथियारों की संख्या काफी ज्यादा है।

### अब अमेरिका के पास बचीं 3000 टॉमहॉक मिसाइलें

युद्ध के दौरान अमेरिका ने जिन हथियारों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया, उनमें लंबी दूरी की जेएएसएसएम-ईआर मिसाइलें शामिल हैं। ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं। इसके अलावा टॉमहॉक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ। अमेरिका सालभर में जितनी मिसाइलें खरीदता है, उससे करीब 10 गुना ज्यादा इस युद्ध में खर्च हो गईं। एक स्टडी के मुताबिक, अब अमेरिका के पास करीब 3000 टॉमहॉक मिसाइलें ही बची हैं।

### दावाः मुजतबा का चेहरा-होंठ जला, प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत

**तेहरान, जेएनएन।** 24 अप्रैल 2026 की रिपोर्टों के अनुसार 28 फरवरी को जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान में मुजतबा खामेनेई के पिता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के ठिकाने पर हमला किया था, तब से वह छिपकर रह रहे हैं। उसी हमले में अयातुल्ला खामेनेई, पत्नी और बेटे की मौत हो गई। मुजतबा खुद भी घायल हो गए और अब डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। उनसे मिलना बहुत मुश्किल है।



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान जो पेशे से हार्ट सर्जन हैं और स्वास्थ्य मंत्री भी उनके इलाज में शामिल रहे हैं। मुजतबा खामेनेई की हालत गंभीर रही है, लेकिन दिमाग से वह पूरी तरह एक्टिव हैं। उनके एक पैर का तीन बार ऑपरेशन हुआ है और अब उन्हें नकली पैर लगाना पड़ेगा। एक हाथ की भी सर्जरी हुई है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उनके चेहरे और होंठ बुरी तरह जल गए हैं, जिससे बोलना मुश्किल है और आगे प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ेगी।

यह पूरी जानकारी कई वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व अधिकारियों, सेना के लोगों और जानकारों से बातचीत के आधार पर सामने आई है।

कंपनी डायरेक्टर की तरह देश चला रहे मुजतबाः जब अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के सुप्रीम लीडर थे, तब युद्ध, शांति और अमेरिका से बातचीत जैसे बड़े फैसले वही अकेले लेते थे। लेकिन उनके बेटे और अब के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का वैसा रोल नहीं है। मुजतबा खामेनेई एक ऐसे नेता हैं, जो सामने नहीं आते।

# बंगाल में परिवर्तन की लहर, बुझने वाला है टीएमसी का दीया : मोदी

## शाह बोले- अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा, बस दीदी का भतीजा नहीं होगा

**कोलकाता, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दमदम और जादवपुर में रैली की। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने वाला है। बुझता दिया फड़फड़ाता है। बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पहले चरण की वोटिंग ने इस पर मुहर लगा दी है। पीएम ने महिला आरक्षण पर कहा कि भाजपा बेटियों के सपने कुचलने नहीं देगी। महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होगी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि 4 मई को हमारी सरकार बनेगी। बंगाल का अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा। बस दीदी का भतीजा नहीं होगा। बंगाल में गुरुवार को पहले फेज में 152 सीटों पर रिकॉर्ड 92.72 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल को टीएमसी से आजादी चाहिए। टीएमसी के डर से आजादी, टीएमसी के भ्रष्टाचार से आजादी, टीएमसी के सिंडिकेट से आजादी, बेटियों पर बेरोजगारी से आजादी। टीएमसी ने बंगाल में लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था, लेकिन पहले चरण में जनता ने इस मंदिर का पुनर्निर्माण कर दिया है।



### पीएम मोदी ने नाव की सवारी की नाव चलाने वाले को गले लगाया

**कोलकाता।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हुगली नदी में नाव की सवारी की है। इस दौरान पीएम ने खुद से फोटोग्राफी भी की। तस्वीरों में वे हाथ में कैमरा लिए नजर आ रहे हैं। उन्होंने नाविकों से बातचीत भी की। हुगली में नाव की सवारी कराने वाले नाविक को एक हजार रुपए भी दिए।

### बंगाल चुनाव के बाद दिल्ली होगा अगला लक्ष्यः ममता

ममता पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के



मतदान से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तेवर कड़े कर लिए हैं। कोलकाता में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने संकेत दिया कि बंगाल चुनाव के बाद उनका अगला लक्ष्य दिल्ली होगा। ममता बनर्जी ने कहा, 'बंगाल जीतने के बाद, मैं दिल्ली की ओर बढ़ूंगी।' भाजपा की पृष्ठभूमि वालों को चुन-चुनकर पदों पर बिठाया गया है।

### सीजेआई बोले- बंगाल का वोटर टर्नआउट देखकर बहुत खुश हूं

सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल विधानसभा



चुनाव के पहले चरण में हुई रिकॉर्ड वोटिंग की तारीफ की। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की बेंच ने राज्य में चुनावी हिंसा न होने पर संतोष जताया। कोर्ट बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था।

### इजराइली पीएम को हुआ प्रोस्टेट कैंसर चुपचाप इलाज कराया

**तेल अवीव, जेएनएन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर हुआ



था। उन्होंने रेडिएशन थेरेपी से इसका चुपचाप इलाज कराया। करीब दो महीने तक इस बीमारी को सार्वजनिक नहीं किया गया और अब इलाज पूरा होने के बाद जानकारी दी गई है।

76 साल के नेतन्याहू ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्हें कैंसर का पता चला। उन्होंने यह भी बताया कि अपनी मेडिकल रिपोर्ट जारी करने में इस साल जानबूझकर देरी की, ताकि ईरान इसे युद्ध के दौरान इजराइल के खिलाफ प्रचार के तौर पर इस्तेमाल न कर सके। यह जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में दी। नेतन्याहू के मुताबिक, दिसंबर 2024 में उनका प्रोस्टेट बढ़ने की वजह से ऑपरेशन हुआ था। हाल की जांच में प्रोस्टेट में एक सेंटीमीटर से छोटा एक ट्यूमर मिला, जो शुरुआती स्टेज का मैलिग्नेंट कैंसर था और शरीर के अन्य हिस्सों में नहीं फैला था। नेतन्याहू ने बताया कि डॉक्टरों ने दो विकल्प दिए थे या तो निगरानी में रखा जाए या इलाज कराकर ट्यूमर हटाया जाए। नेतन्याहू ने तुरंत इलाज का रास्ता चुना। उन्होंने कहा, जब मुझे जानकारी समय पर मिलती है, तो मैं तुरंत कार्रवाई करता हूं।

# मणिपुरः उखरुल में कुकी-नगा हिंसा फिर भड़की, 3 की मौत

## नगा विलेज गार्ड ने कहा-जवाबी कार्रवाई की

**गुवाहाटी, जेएनएन।** मणिपुर के उखरुल जिले में जारी कुकी-नगा जातीय हिंसा ने शुक्रवार को एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया। ताजा झड़पों में तीन लोगों की जान चली गई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में से दो कुकी समुदाय से हैं, जबकि तीसरा व्यक्ति तांगखुल नगा समुदाय का है।

'कुकी ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट' ने आरोप लगाया है कि जब ग्रामीण सो रहे थे, तब सशस्त्र नगा पुरुषों ने मुल्लम और शोंगफाल गांवों पर हमला किया। वहीं, 'नगा विलेज गार्ड' ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि वे केवल गश्त पर थे और कुकी उग्रवादियों के हमले के बाद उन्होंने जवाबी कार्रवाई की। हिंसा के दौरान दो घरों को आग के हवाले कर दिया गया। कुकी संगठन के अनुसार, उनके ग्रामीणों ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें एक हमलावर मारा गया।

मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह के हालिया शांति दौरों के बावजूद क्षेत्र में तनाव कम नहीं हो रहा है। उखरुल जिले में दोनों समुदायों के सशस्त्र समूहों के बीच जारी इन झड़पों ने सुरक्षा व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती पेश कर दी है। इलाके में भारी तनाव है और स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई है। वहीं



मानवाधिकारों के लिए कूकी महिला संगठन ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे शांतिपूर्ण कुकी बहुल गांवों मुल्लाम और सोंगफेल पर क्रूर और बिना उकसावे का हमला बताया। संगठन के अनुसार, हमलावरों ने पहले हवाई फायरिंग कर लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश की और इसके बाद सुनियोजित तरीके से हमला किया। संगठन ने दावा किया कि इस हमले में कम से कम 15 घरों को नुकसान पहुंचा, छह नागरिक घायल हुए और दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। इस बीच, जातीय हिंसा से प्रभावित कुकी-जो समुदाय के आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों ने चुराचांदपुर जिले में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तुइबोंग स्थित 'वॉल ऑफ रिमेंबरेंस' पर धरना दिया।

## चाहती हूं बेटी खेलों में आजमाए हाथ

अभिनेत्री आलिया भट्ट पहले से ही सोच रही हैं कि उनकी तीन साल की बेटी राहा कपूर का भविष्य कैसा हो सकता है, और जरूरी नहीं कि वह बॉलीवुड में ही हो। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि वह चाहती हैं कि राहा खेलों की दुनिया में अपना हाथ आजमाए। फेमिना के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में आलिया ने अपनी बेटी राहा और उसके लिए सोचे गए करियर के बारे में खुलकर बात की।



**बेटी को लेकर क्या बोलीं आलियाः** जब एक्ट्रेस से उन महिलाओं के बारे में पूछा गया जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की, तो आलिया ने कहा, 'मुझे लगता है, शुरुआत मेरे परिवार से होती है। मेरी मां-जो मेरे बड़े होने के दौरान सबसे मजबूत और सबसे ज्यादा असर डालने वाली इंसान थीं। उन्हें मुझे और मेरी बहन को पालते हुए देखना, और फिर भी अपने अंदर एक्ट्रेस बनने की चाहत को जिंदा रखना। चाहे उन्होंने यह थिएटर के ज़रिए किया हो या टेलीविजन के जरिए। फिर मेरी बहन - जिस तरह से उसने अपनी मेंटल हेल्थ और डिप्रेशन के सफर के बारे में खुलकर बात की और फिर वे लोग भी जिनके साथ मैं अपनी टीम में काम करती हूं, जिसमें कई बेहतरीन महिलाएं शामिल हैं। वे सभी मेरी जिंदगी में सपोर्ट, राय, नजरिए और एनर्जी की कई अलग-अलग परतें जोड़ती हैं।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की कोशिश जैसा लगता है। मुझे लगता है, अगर मैं एक एथलीट होती, तो मैं पक्का कोई टीम वाला खेल खेलती।

यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं कभी-कभी सोचती हूं। अपनी बेटी के लिए भी। मेरी इच्छा है कि वह सच में एक एथलीट बने।

### मुंबई नेस्को ड्रग्स कांड

## अभिनेत्री-मॉडल जिया जैकब गिरफ्तार

**मुंबई, जेएनएन।** गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर में हुए हाई-प्रोफाइल म्यूजिक कॉन्सर्ट के ड्रग्स कांड में मुंबई पुलिस ने



बड़ी कार्रवाई करते हुए उभरती अभिनेत्री और मॉडल जिया रिचेल जैकब को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि ड्रग्स सप्लाई से जुड़ी रकम उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी, जिससे इस मामले ने और सनसनीखेज मोड़ ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, 33 वर्षीय जिया जैकब को मीरा रोड से गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि वह पिछले दो साल से मुख्य फरार ड्रग्स सप्लायर आयुष साहित्य के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थीं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि उन्हें इस गैरकानूनी गतिविधि की पूरी जानकारी थी या नहीं, इसकी जांच अभी जारी है। कॉन्सर्ट में दो एमबीए छात्रों की ड्रग्स ओवरडोज से मौत के बाद आयुष साहित्य एक्सटेसी का बड़ा स्टॉक लेकर मुंबई से गोवा भागने की फिराक में था। लेकिन डर से रास्ते में ही ड्रग्स की गोलियां फेंक दीं।

## सीईसी को हटाने के लिए रास में 73 सांसदों ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विपक्ष ने एक बार फिर कदम तेज कर दिए हैं। शुक्रवार को राज्यसभा में उनके खिलाफ हटाने का नोटिस दिया गया, जिस पर 73 सांसदों के हस्ताक्षर बताए जा रहे हैं। यह पहला मौका नहीं है जब इस तरह का प्रयास हुआ हो। इससे पहले मार्च महीने में भी विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में इसी तरह का प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि, उस समय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया था। दोनों ने अपने फैसले में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ लगाए गए आरोप इतने गंभीर नहीं हैं।



### हस्ताक्षरों की संवैधानिक शर्त

संविधान के अनुसार, लोकसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं, जबकि राज्यसभा में यह संख्या 50 है। इस लिहाज से राज्यसभा में दिया गया मौजूदा नोटिस आवश्यक संख्या पूरी करता है। मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की तरह ही होती है, जो काफी सख्त और जटिल मानी जाती है। इसके तहत दोनों सदनों में प्रस्ताव पारित होना अनिवार्य होता है।

### मेहर बाबा कॉम्पिटिशन-3 शुरू

**नई दिल्ली।** वायुसेना (आईएएफ) ने स्वदेशी ड्रोन और रडार तकनीक को बढ़ावा देने के लिए मेहर बाबा कॉम्पिटिशन-3 (एमबीसी-3) शुरू कर दिया है।

MADHUR CARGO
Packers & Movers
A Unit of Shree Madhur Transport Co.
Contact : 9713068681
OUR SERVICES
24/7 Hours Service
HOUSE HOLD SERVICE
LOADING/UNLOADING
MOVING & SHIFTING
PACKING SERVICE
OFFICE SHIFTING
TRANSPORTATION PAN INDIA
SAFE & ECONOMICAL MOVING SERVICE
B-34, Madhur Plaza Near Gurudwara
Transport Nagar Kokta, Bhopal PIN-462028

रिसर्च


### 2300 साल पुरानी मिस्र की ममी के अंदर सीटी स्कैन से खुले कई राज

# खोपड़ी, गायब अंगूठा और हड्डी रोग बीमारियों के लक्षण मिले

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्राचीन मिस्र की ममी आज भी आधुनिक विज्ञान के लिए एक पहेली बनी हुई है। हाल ही में सेमेलवेइस विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने उन्नत 3डी इमेजिंग और सीटी स्कैनिंग तकनीक के जरिए 2,300 साल से सीलबंद ममीकृत अंगों रिसर्च किया है। यह ममी 1916 में मिली थी, लेकिन अब तक इसका अध्ययन नहीं किया गया था। ये ममी 100 साल से ज्यादा समय तक काहिरा के इजिप्ट म्यूजियम के स्टोर रूम में यूं ही पड़ी रही। अब अध्ययन में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

### अवशेष 401 ईसा पूर्व के

आधुनिक सीटी स्कैन तकनीक ने बिना पट्टियां खोले हड्डियों की टूट-फूट, प्राचीन बीमारियों और ममीकरण की सूक्ष्म परतों को उजागर कर दिया है। बताया जाता है कि ये अवशेष 401 से 259 ईसा पूर्व के बीच के हैं और दशकों तक संग्रहालयों के संग्रह में संरक्षित रहे, लेकिन इनका इतने विस्तार से अध्ययन पहले कभी नहीं किया गया था।



### पक्षी नहीं इंसानी पैर था

शोधकर्ताओं का कहना है कि पहले की जांचों में कई आंतरिक विवरण छूट गए थे। सबसे महत्वपूर्ण खोजों में से एक पैर है। इस पर अभी भी पट्टियां लिपटी हुई हैं। स्कैन के माध्यम से अंदर की हड्डियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। पैर के अंगूठे का एक हिस्सा गायब प्रतीत होता है। ऐसा लगता है कि यह क्षति शव को संरक्षित करने से पहले या बाद में हुई है। एक समय ऐसा भी था जब यह माना जा रहा था कि वही पैर किसी पक्षी का है, लेकिन यह धारणा गलत निकली।

### क्या बोले विशेषज्ञ?

अब हड्डियों, पट्टियों और संरचनात्मक क्षति का स्पष्ट आंतरिक दृश्य सामने आया है, जो पहले छिपा हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि हड्डियों के गायब हिस्सों और रोग के निशानों जैसी छोटी-छोटी विशेषताएं भी अब ममी को खोले या नुकसान पहुंचाए बिना दिखाई दे रही हैं।

यह प्राचीन संरक्षण विधियों की एक दुर्लभ झलक है, जिन्हें आज भी पूरी तरह से समझा नहीं गया है।सीटी स्कैन में शरीर के कई अंगों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें दो खोपड़ियाँ, दो निचले अंग, एक हाथ और लिनन की पट्टियों में कसकर लिपटा हुआ एक पैर शामिल था।

प्रत्येक अंग को उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग सिस्टम का उपयोग करके स्कैन किया गया। परिणाम पहले के प्रयासों की तुलना में अधिक स्पष्ट थे।

### उम्र का उलझा रहस्य

मिस्र की ममी की हड्डियों के विश्लेषण से बीमारी के लक्षण और मिश्रित आयु के अवशेष सामने आए हैं। कुछ हड्डियों में रोग के लक्षण दिखाई देते हैं। एक अंग ऑस्टियोपोरोसिस से प्रभावित प्रतीत होता है। यह स्थिति हड्डियों की संरचना को कमजोर कर देती है और फैक्चर की संभावना को बढ़ा देती है। प्राचीन काल में इससे चलने-फिरने में गंभीर समस्याएं हो सकती थीं। संभवतः जानलेवा चोट भी लग सकती थी। दूसरा अंग किसी कम उम्र के व्यक्ति का प्रतीत होता है। हड्डियां कम विकसित हैं। विकास के पैटर्न से एक अलग आयु वर्ग का संकेत मिलता है, हालांकि सटीक विवरण अभी भी अध्ययन के अधीन हैं। हाथ की स्थिति अभी भी अनिश्चित है। शोधकर्ता अभी भी यह निर्धारित करने की कोशिश कर रहे हैं कि यह किसी बच्चे का हाथ था या वयस्क का। अभी तक कुछ भी पूरी तरह से पुष्ट नहीं हुआ है।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 510/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

### पांच दिवसीय सनातन जागृति पदयात्रा 17 मई से

**जागरण, इंदौर।** पहली बार सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों को केंद्र में रखकर सनातन जागृति पदयात्रा का आयोजन हो रहा है। यह पदयात्रा 17 से 21 मई तक निकाली जाएगी। इसके माध्यम से सनातन संस्कृति, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता लाने का संदेश दिया जाएगा। पहले दिन का आयोजन तेजाजी नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर धाम स्वामी अतुलानंद सरस्वती के सानिध्य में होगा।

### आम खाने की चाहत में 30 किमी पैदल निकले बच्चे

**जागरण, पन्ना।** जिले के बृजपुर क्षेत्र में चार छोटे बच्चे लगभग 30 किमी पैदल चलने के बाद मिले। भीषण गर्मी और तपती सड़क पर नंगे पैर चल रहे इन बच्चों को देखकर ग्रामीणों ने तुरंत मदद की और पुलिस को सूचना दी। दरअसल, ये बच्चे आम खाने की चाहत सतना से अपने नानी के घर के लिए निकले थे। बच्चे सतना जिले के उमरदही गांव के रहने वाले हैं, उनकी पहचान सनी, जितेंद्र, उमेन और मयंक के रूप में हुई है।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



पीयूष गोयल
केंद्रीय उद्योग मंत्री

भारत का गतिशीलता तंत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इसमें सहकारी तथा तकनीक आधारित मॉडल की बड़ी भूमिका है। 'भारत टैक्सी' चालकों को भागीदार के रूप में जुड़ने का अवसर देती है और उन्हें ऐसे डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराती है, जो उनकी आय में सुधार ला सकते हैं। मुंबई अब उन शहरों के नेटवर्क में शामिल हो गया है, जहां यह सेवा पहले से सक्रिय है, जिनमें दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, चंडीगढ़ और लखनऊ शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दूल्हे से मारपीट के आरोपियों पर लगेगी एनएसए

**जागरण, दमोह।** प्रदेश में दमोह जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजोरी पाठक गांव में दलित दूल्हे गोलू अहिरवार से मारपीट के चारों आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है। इन आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है। एसपी ने इन चारों आरोपियों पर एनएसए लगाने की कार्रवाई प्रस्तावित की है। इसकी फाइल कलेक्टर के पास भेजी गई है। कलेक्टर से अनुमति मिलने के बाद आरोपियों पर यह धारा भी लगाई जाएगी। इस मामले में अजाक संघ ने भी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। घटना 21 अप्रैल की शाम की है, जब गोलू अहिरवार की रछवाई घोड़े पर निकाली जा रही थी। दूल्हा अपने परिजनों के साथ लोधी मोहल्ले में दिवाली के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने दूल्हे को रछवाई न निकालने और घोड़े से उतरने के लिए कहा।

### 8 परिवीक्षाधीन आईएएस अफसरों की पोस्टिंग

**विसं, भोपाल।** राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2025 बैच के परिवीक्षाधीन 8 अधिकारियों की पदस्थापना कर दी है। इन अफसरों को अलग-अलग जिलों का सहायक कलेक्टर बनाया गया है। इनमें आयुषी बंसल को झाबुआ, आशी शर्मा को धार, माधव अग्रवाल को बड़वानी, सौम्या मिश्रा को सिंगरौली, श्लोक वाइकर को कटनी, शिल्पा चौहान को खंडवा, खोट पुष्पराज नानासाहेब को बैतूल और शैलेन्द्र चौधरी को मंडला का सहायक कलेक्टर बनाया गया है।

### इंदौर से जलगांव और दिल्ली के लिए उड़ान

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल से हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार होने जा रहा है। एलायंस एयर आगामी 1 मई से इंदौर को सीधे जलगांव और दिल्ली से जोड़ने वाली एक नई फ्लाइट शुरू करने जा रही है। इस नई उड़ान के शुरू होने से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन और धार्मिक यात्राओं के लिए भी यात्रियों को सुगम विकल्प प्राप्त होगा। एयरलाइन से जारी शेड्यूल के अनुसार, यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। फ्लाइट दिल्ली से उड़ान भरकर इंदौर आएगी और फिर यहां से जलगांव रवाना होगी। इसी तरह वापसी में भी यह जलगांव से इंदौर होकर दिल्ली की ओर जाएगी। फ्लाइट 9 आई-627 दिल्ली से शाम 4.50 बजे उड़ान भरकर शाम 6.50 बजे इंदौर पहुंचेगी।

# रायसेन-नर्मदापुरम सहित पांच लू की चपेट में, आज 22 जिलों में चेतावनी

### खजुराहो में पारा 43.9 डिग्री, पूरे प्रदेश में 40 से ऊपर तापमान, 45 तक जा सकता है अधिकतम तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। राजस्थान से आने वाली हवाओं के कारण प्रदेश में गर्मी बढ़ रही है। गर्म हवाओं के चलते प्रदेश का औसत तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। भोपाल मौसम केंद्र द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को एमपी के पांच जिलों में लू चली। इसमें रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़ और निवाड़ी का नाम शामिल है। वहीं शनिवार के लिए 22 जिलों में लू की चेतावनी जारी की गई है। तापमान की बात करें तो सबसे ज्यादा तापमान छतरपुर के खजुराहो में दर्ज किया गया, यहां अधिकतम पारा 43.9 डिग्री रहा। इसके बाद नौगांव में 43.5 और रतलाम में 43.4 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।



छायाः एचसी वर्मा

भोपाल में बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर दोपहर में छाया रहा सन्नाटा। आमदिनों में यहां लोगों की खासी भीड़ रहती है।

#### भोपाल की रात प्रदेश में सबसे गर्म

एक तरफ जहां बुंदेलखंड के खजुराहो व नौगांव में दिन सबसे ज्यादा गर्म हैं, वहीं दूसरी तरफ भोपाल की रात प्रदेश में सबसे गर्म रही। गुरुवार-शुक्रवार की रात भोपाल में न्यूनतम पारा 26 डिग्री दर्ज किया गया। जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है, यह सामान्य से लगभग 3 डिग्री अधिक है। वहीं यदि दिन के अधिकतम तापमान की बात करें तो दिन में भोपाल का अधिकतम पारा 41.6 डिग्री रहा, यह सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक है।

#### सीजन में पहली बार 22 जिलों में लू का अलर्ट

प्रदेश में भीषण गर्मी की शुरुआत करीब 15 अप्रैल के बाद हुई है। अभी तक कुछ चुनिंदा जिलों में लू का प्रभाव देखने को मिला है। लेकिन शनिवार को 22 जिलों में लू का येलो अलर्ट यानि चेतावनी जारी की गई है। इस सीजन में यह पहली बार है कि एक साथ एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में जिले लू की चपेट में आएंगे।

**इन जिलों में चली लूः** रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, निवाड़ी

**यहां लू की चेतावनीः** मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, उमरिया, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, झाबुला, धार, अलीराजपुर।

#### पांच सबसे गर्म स्थान

| खजुराहो | नौगांव |
|---|---|
| 43.9 | 43.5 |

| रतलाम |
|---|
| 43.2 |

| टीकमगढ़ | दमोह |
|---|---|
| 42.8 | 42.6 |

तापमान बढ़ने के कारण हीट वेव और गर्म रात भी रहेगी।

#### अभी और बढ़ेगी गर्मी

भोपाल मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानी पीके रैकवार ने बताया कि अगले दो-तीन दिन में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री और बढ़ने का अनुमान है। इस आधार पर माना जा रहा है कि भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में गर्मी अभी और बढ़ेगी। तापमान बढ़ने के कारण हीट वेव और गर्म रात भी रहेगी। हालांकि उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि 27 अप्रैल से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। जिसका असर ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर पर पड़ सकता है। इस कारण इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

## 7 घंटे में अगवा बच्चों को खोजा दंपति समेत चार लोग गिरफ्तार

### युवती ने वीडियोकॉल कर दादा से मांगे थे 15 लाख

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के इंदौर में पुलिस ने अगवा हुए दोनों बच्चों को सात घंटग में ढूंढ निकाला। देर रात करीब दो बजे बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले में एक दंपति, एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। युवक-युवती आपस में भाई-बहन हैं। मालूम हो कि नौ साल का नैतिक सोनकर और 11 साल का सम्राट गुरुवार शाम से लापता था। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक युवती उन्हें अपने साथ ले जाते हुए दिखी थी। बच्चों के दादा पूनमचंद जयदेव ने पुलिस को बताया था कि एक महिला ने वीडियो कॉल के जरिए 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। इसके बाद फोन बंद हो गया। सूचना मिलते ही टीआई सुरेंद्र रघुवंशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बच्चों को तलाशने में संयोगितागंज, बड़ी ग्वालटोली, राजेंद्र नगर, द्वारकापुरी, तुकोगंज और पलासिया थाने की टीमों को लगाया। जिस नंबर से बच्चों के दादा को फोन आया था, उसे सर्विलांस पर डाला। इसकी लोकेशन निकालकर बच्चों को राजेंद्र नगर के दत्त नगर में एक बिल्डिंग से बरामद कर लिया। पुलिस ने विनीत और उसकी बहन राधिका व ललित और उसकी पत्नी तनीषा को गिरफ्तार किया है।




#### सीसीटीवी फुटेज से तलाशा रूट

एसीपी तुषार सिंह ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपी लड़की के रूट की पहचान की, जिस नंबर से फिरौती का फोन आया था, उसे सर्विलांस पर डाला और मुखबिरों को भी सक्रिय किया। सभी आरोपी आपस में वॉट्सएप पर चैटिंग कर रहे थे। इनमें से एक नंबर से ही वॉट्सएप कॉल करके उन्होंने 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। इस नंबर को पुलिस ने सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन पता कर ली। एसीपी सिंह ने बताया- आरोपियों में भाई-बहन राधिका और विनीत समेत दंपति ललित और तनीषा शामिल हैं। तनीषा बच्चों को अपने साथ लेकर गई थी। वह राधिका की सहेली है। आरोपियों ने बच्चों को किसी तरह की चोट या नुकसान नहीं पहुंचाया है। दोनों का मेडिकल परीक्षण भी करा लिया है। पुलिस ने बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों को शेयर बाजार में नुकसान हुआ था, उसकी भरपाई के लिए इन्होंने बच्चों के अपहरण की योजना बनाई। हालांकि, वारदात को अंजाम देने के कुछ घंटे बाद ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

## सतना में कुपोषण से बच्ची की मौत पर 7 को थमाए नोटिस

### समय पर स्क्रीनिंग नहीं होने से गई जान

**जागरण, सतना।** प्रदेश के सतना जिले के मझगवां ब्लॉक के सुरांगी गांव में चार माह की बच्ची सुप्रांशी की कुपोषण से मौत के मामले में सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला ने प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर सात कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रांशी और उसके भाई नैतिक का जन्म के समय वजन क्रमशः 2 किलोग्राम और 1.90 किलोग्राम था, जो सामान्य से कम था। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर किया जा रहा था, लेकिन एंबुलेंस में शिफ्ट करते समय सुप्रांशी की मौत हो गई। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त रिपोर्ट में बच्चों की समय पर स्क्रीनिंग नहीं होने सहित कई गंभीर लापरवाहियां सामने आई हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयागांव की आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ. पूजा शुक्ला पर नियमित स्क्रीनिंग न करने और उच्च जोखिम वाले शिशुओं की पहचान में लापरवाही के आरोप हैं। साथ ही उल्टी, दस्त, कुपोषण और डिहाइड्रेशन जैसे लक्षणों के बावजूद सही ट्रैकिंग और फॉलोअप नहीं किया। परिजनों को समय पर बेहतर इलाज के लिए रेफर भी नहीं किया गया और एएनएम, सीएचओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय की कमी पाई गई। मामले में आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ. धनेश द्विवेदी, सेंट्रल मेडिकल ऑफिसर डॉ. धनेन्द्र पाण्डेय, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर देवमुनि पटेल, सेक्टर सुपरवाइजर कमलेश चंद्र सिंह, सीएचओ डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता और उप स्वास्थ्य केंद्र चौबेपुर की एएनएम विद्या चक्रवर्ती को भी नोटिस जारी किया है।



#### गांव में जांच करने पहुंची संयुक्त टीम

स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे गांव में घर-घर पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान टीम ने कई घरों में जाकर बच्चों की स्थिति का आकलन किया और अभिभावकों को कुपोषण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। हालांकि, समझाइश के बावजूद कुछ परिजन अपने बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) ले जाने के लिए तैयार नहीं हुए, जिससे अधिकारियों की चिंता और बढ़ गई है।

#### सात महीने में कुपोषण से दो बच्चों की मौत से उठ रहे सवाल

मझगवां ब्लॉक अंतर्गत बीते 7 माह में दो बच्चों की कुपोषण ने जान ले ली है। अक्टूबर 2025 में मरवा नयागांव के हुसैन रजा की अति कुपोषण से मौत का मामला राजधानी भोपाल तक गर्माया था। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने उस दौरान कहा था कि सरकार इस विषय में काफी गंभीर है। जमीनी स्तर पर कुपोषण से लड़ने का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है ताकि फिर किसी मासूम की कुपोषण से मौत न हो। अब एक बार फिर चार माह की बच्ची की कुपोषण से मौत होने पर सवाल उठ रहे हैं।

## 12 बजे बंद कर पुलिस को वीडियो भेजेंगे पब-बार संचालक

### पुलिस कमिश्नर ने बैठक लेकर दिए निर्देश, रात 12 बजे के बाद खुले मिले तो लाइसेंस होंगे रद्द

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में कोई भी पब और बार अब रात 11.30 बजे के बाद शराब नहीं परोस सकेंगे। डेडलाइन में शराब परोसना बंद करने के आधा घंटे के भीतर पब-बार भी पूरी तरह से बंद करना होगा। इसके बाद 12 बजे पूरी तरह से तालाबंदी कर सभी पब-बार संचालकों को पुलिस को वीडियो भी भेजना होगी। पुलिस भी ऐप के जरिए सभी की सतत निगरानी करते रहेगी। उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। राजधानी में देर रात विवादों की वजह बन रहे पब-बार को लेकर पुलिस ने सख्त रवैया अख्तियार कर लिया है। भोपाल में भी इंदौर की तर्ज पर रात 12 बजे के बाद पब या बार नहीं खुल सकेगा। पुलिस ने शुक्रवार को पब-बार संचालकों को सूचित भी कर दिया है। राजधानी के पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने अपने कार्यालय सभागार



में सभी पब और बार संचालकों व मैनेजरों की बैठक लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी बार पुलिस द्वारा तय नई गाइड लाइन समझाते हुए बता दिया है कि अब पब व बार में शराब परोसने का समय रात 11.30 बजे तक रहेगा। इस समय के बाद कोई भी ग्राहकों को शराब सर्व नहीं कर सकेगा। इसके बाद आधा घंटे के अंदर 12 बजे तक सभी को बार पूरी तरह से बंद करना अनिवार्य होगा। इन नियमों को मानना सभी के लिए अनिवार्य है।

#### सीसीटीवी होंगे अनिवार्य

सभी पब और बार में संचालकों को अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगवाने होंगे। वे सतत रूप से काम करते रहें, उसकी मॉनिटरिंग भी करना होगी। पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था सभी को रखना होगी। ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। सुरक्षा के लिए स्टॉफ को ट्रेनिंग संचालक ही देंगे। नाबालिगों का प्रवेश पूर्णतःप्रतिबंधित होगा। रात 10 से सुबह 6 बजे तक किसी भी तरह के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। किसी झगड़े या विवाद की स्थिति रोकने की जिम्मेदारी स्टॉफ की होगी। इसके लिए उन्हें संचालक ट्रेंड करेंगे एवं विवाद होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करेंगे।

**ऐसे की जाएगी मॉनीटरिंगः** इंदौर पुलिस कमिश्नर द्वारा भी वहां पब व बार देर रात तक खुलने पर पाबंदी लगाई गई है। सबके लिए टाइम लिमिट तय करने साथ ही इनकी मॉनीटरिंग के लिए जूम ऐप के माध्यम से पूरा सिस्टम तैयार किया गया है। इसका बेहतर परिणाम भी सामने आया है। इंदौर की तर्ज पर अब भोपाल में भी सख्ती और निगरानी शुरू की जा रही है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बैठक में बताया कि जूम एप के माध्यम से शहर के सभी पब व बार की निगरानी की जाएगी। पुलिस द्वारा तैयार किए गए सिस्टम के तहत एक ग्रुप बनाकर सभी पब और बार संचालकों को जोड़ा जाएगा, जहां उन्हें रोज रात 12 बजे तक बंद होने की फोटो पुलिस को भेजनी होगी। इससे समय-समय पर निर्देश दिए जा सकेंगे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## मोनाका शहर में जमीन की कीमतें पहुंची आसमान पर, 9.4 करोड़ में छोटा कमरा!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रॉपर्टी खरीदते समय सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आपके निवेश की वास्तविक वैल्यू क्या है। एक समय था जब करोड़ों रुपये में आलीशान विला का सपना सच होता था, लेकिन आज की हकीकत बदल चुकी है। अगर आप घर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह जानना जरूरी है कि 1 मिलियन डॉलर की क्रय शक्ति वैश्विक स्तर पर तेजी से सिमटी है। आज यह राशि आपको एक भव्य अपार्टमेंट के बजाय दुनिया के प्राइम लोकेशंस पर मात्र एक स्टूडियो रूम जितनी जगह ही दिला पा रही है। लग्जरी मार्केट में बढ़ती मांग और सीमित सप्लाई ने खरीदारों को



यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या उनकी बचत अब एक बड़े 3-4 बीएचके घर के सपने को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

जब हम मोनाको या न्यूयॉर्क की तुलना भारत के महानगरों से करते हैं, तो भारतीय रियल एस्टेट अभी भी मूल्य के मामले में कहीं बेहतर स्थिति में नजर आता है। हालांकि, भारत में भी लग्जरी संपत्तियों के दाम पिछले 2-3 वर्षों में रिकॉर्ड स्तर पर बढ़े हैं। मुंबई भारत का एकमात्र शहर है, जो वैश्विक स्तर पर जगह की कमी और ऊंची कीमतों के मामले में चर्चा में रहता है, नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 1 मिलियन (8.4 करोड़+) में मुंबई के प्राइम इलाकों में आप लगभग 100 से 105 वर्ग मीटर जगह की उम्मीद कर सकते हैं। यह मोनाको (16 वर्ग मीटर) के मुकाबले 6 गुना से भी ज्यादा जगह है। नाइट फ्रैंक वेल्थ रिपोर्ट 2026 के ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर प्राइम रेजिडेंशियल मार्केट में भारी उछाल आया है।

### मानव तस्करी के शक में उतारे बच्चों को भेजा घर

**जागरण, कटनी।** प्रदेश के कटनी में पिछले दिनों मानव तस्करी के शक में रोके गए 165 बच्चों के मामले में नया मोड़ आया है। 12 दिन की लंबी जांच के बाद यह साफ हो गया कि यह मामला तस्करी का नहीं, बल्कि मदरसे की शिक्षा से जुड़ा था। इसके बाद देर रात सभी बच्चों को सुरक्षित उनके घर वापस भेज दिया है। बिहार के अररिया और सुपौल से महाराष्ट्र जा रहे इन बच्चों को पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत रोका था, उस वक्त पुलिस इसे मानव तस्करी का बड़ा मामला बता रही थी और 8 शिक्षकों पर केस भी दर्ज किया था। हालांकि, सामाजिक जांच रिपोर्ट (एसआईआर) में खुलासा हुआ कि बच्चे केवल पढ़ाई के लिए मदरसा जा रहे थे।

**बड़ा खतरा** | सरकार अलर्ट, बैंकिंग सिस्टम पर मंडराया नया संकट

# 'मिथोस' के लिए चुटकियों का काम है हैकिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तेज रफ्तार ने अब सरकारों और वित्तीय संस्थानों की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक द्वारा विकसित नए एआई मॉडल 'मिथोस' को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मच गई है। वहीं चैट जीपीटी ने भी खतरा बढ़ा दिया है। 'मिथोस' जैसे एडवांस मॉडल साइबर हमलों की क्षमता बढ़ा सकते हैं, वहीं दूसरी तरफ एआई टूल्स अब इतने सक्षम हो गए हैं कि वे असली जैसे दस्तावेज तैयार कर सकते हैं।

असल में, 'मिथोस' ने कई ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउजर में दशकों पुरानी खामियां खोज निकाली हैं, जिनका इस्तेमाल हैकिंग के लिए किया जा सकता है। सरकार को आशंका है कि अगर ऐसे टूल गलत हाथों में पहुंचे, तो बैंकिंग सिस्टम और ग्राहकों के डेटा पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

भारत में भी इस खतरे को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि यह नया एआई मॉडल साइबर सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

वित्त मंत्रालय ने बैंकों को अपने आईटी सिस्टम मजबूत करने और साइबर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, एक ऐसा रियल-टाइम इंटेलिजेंस सिस्टम विकसित करने की योजना है, जिसमें बैंकों, कार्ट इन और अन्य एजेंसियों के बीच खतरों की जानकारी तुरंत साझा की जा सके। सरकार चाहती है कि किसी भी साइबर हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके।विशेषज्ञों का मानना है कि असली खतरा तकनीक नहीं, बल्कि उसका गलत इस्तेमाल है। एआई का उपयोग जहां सुरक्षा मजबूत करने के लिए किया जा सकता है, वहीं इसका दुरुपयोग बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी, डेटा चोरी और वित्तीय अपराधों के लिए भी हो सकता है। सरकार अब एआई रेगुलेशन और साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। बैंकों को भी एडवांस वेरिफिकेशन सिस्टम, मल्टी-लेयर सिक्योरिटी और एआई-आधारित फ्रॉड डिटेक्शन अपनाने की सलाह दी गई है। स्पष्ट है कि आने वाले समय में एआई तकनीक और सुरक्षा के बीच यह 'दौड़' और तेज होने वाली है। ऐसे में सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि तकनीक का लाभ उठाते हुए उसके खतरों को कैसे नियंत्रित किया जाए।

#### एआई से बना असली जैसा चेक

इसी बीच एआई के एक और पहलू ने आम लोगों को चौंका दिया है। एक सोशल मीडिया यूजर ने चैट जीपीटी के नए इमेज मॉडल से तैयार किया गया एक बैंक चेक शेयर किया, जो देखने में बिल्कुल असली जैसा था। यह चेक यूको बैंक का बताया गया, जिसमें 69,000 रुपये की राशि दर्ज थी।इस एआई-जनरेटेड चेक में खाता नंबर, बैंक शाखा, सिग्नेचर लाइन और एमआईसीआर कोड जैसे सभी तत्व बेहद सटीक तरीके से दिखाए गए थे। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर यह तेजी से वायरल हो गया और लोगों के बीच चिंता बढ़ गई। कई यूजर्स ने इसे देखकर कहा- 'अब हमारा खेल खत्म है', यानी तकनीक इतनी आगे बढ़ चुकी है कि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल होता जा रहा है।




संन्यास लेने के बाद हर्षा का संतों को जवाब

## डेढ़ साल से दे रही अग्नि परीक्षा बदलाव किसी भी क्षण संभव

**जागरण, भोपाल।** दूसरी बार संन्यास लेने के बाद भी संतों का कोपभाजन बन रहीं स्वामी हर्षानंद पुराना नाम हर्षा रिछारिया ने श्रीराम, मीरा और गौतम बुद्ध का हवाला देते हुए संतों को जवाब दिया है। सोशल मीडिया के जरिए मार्मिक जवाब देते हुए हर्षा रिछारिया का कहना है कि डेढ़ साल से अग्नि परीक्षा दे रही हूं। अपमान सहकर अब मानसिक रूप से मजबूत हो गई हूं। वैसे भी जीवन में बदलाव तो किसी भी क्षण हो सकता है। पिछली बार की तरह इस बार भी संन्यास के बाद संतों के निशाने पर आई स्वामी हर्षानंद ने अपने वीडियो में आस्था और कर्म मार्ग पर अपनी आस्था जताते हुए कहाकि अगर राम ने मेरी किस्मत में संन्यास लिखा है, तो उसे कोई नहीं रोक सकता। इतिहास साक्षी है कि जब-जब किसी ने सत्य और कर्म का मार्ग चुना, उसे विरोध और अपमान का सामना करना पड़ा। मीरा, जीसस, गौतम बुद्ध, भगवान राम और सीता का उदाहरण सभी के सामने है।

#### पहले प्रयागराज अब उज्जैन में दीक्षा

भोपाल की हर्षा रिछारिया महाकुंभ से सुर्खियों में आई थीं, जब संन्यास लेकर वह संतों की सवारी में रथ पर सवार हो गई थीं। संतों ने ही इसे पब्लिसिटी स्टंट बताते हुए नाराजगी जताई थी। हाल ही में हर्षा ने महामंडलेश्वर सुमनानंद से उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में संन्यास ले लिया। दीक्षा के बाद उन्हें स्वामी हर्षानंद गिरि नाम दिया गया है।



मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।